इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एकसाथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

दैनिक

# विनय उजाला

RNI. Reg. MPHIN/2009/35176

इंदौर

गुरुवार, 03 अप्रैल 2025

चैत्र शुक्ल पक्ष – 06

वर्ष : 16 | अंक : 188

कुल पृष्ठ : 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!




न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया... 11

## संक्षिप्त समाचार

### फिर बिगड़ी राजधानी की आबोहवा, ग्रैप – 1 की पाबंदियां लागू

नई दिल्ली, (हि.स.)। राजधानी की आबोहवा एक बार फिर बिगड़ गई है। बुधवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक( एक्यूआई) 217 दर्ज किया। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए बुधवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता में गिरावट को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के स्टेज– 1 की पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से लागू करने का आदेश जारी किया है। सीएक्यूएम ने यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में लिया है। सीएक्यूएम की सब– कमेटी ने बुधवार को बैठक कर दिल्ली–एनसीआर के वायु गुणवत्ता परिदृश्य की समीक्षा की। आईएमडी व आईआईटीएम की भविष्यवाणी व दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के बढ़ते स्तर को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।




### लोकसभा में अमित शाह ने पेश किया वक्फ संशोधन विधेयक

# वक्फ बिल पर सदन में गहमागहमी

नई दिल्ली

**केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया। इस बिल पर चर्चा के दौरान ऐसे कई मौके आए जब सदन में गहमागहमी बढ़ गई।**

ऐसी ही स्थिति उस समय आई जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वक्फ बिल के समर्थन में अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष का कहना है कि यह विधेयक संविधान के खिलाफ है। हमने वक्फ से छेड़खानी नहीं की। वक्फ बोर्ड और वक्फ परिषद के लिए संशोधन किया। इसकी फंक्शनिंग प्रशासनिक है।

### टीएमसी सांसद का चैलेंज तो शाह की खरी-खरी

दरअसल, अमित शाह ने चर्चा के दौरान कहा कि एक सांसद ने धमकी दी कि अल्पसंख्यक इस कानून को स्वीकार नहीं करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री ने सदन में साफ शब्दों में कहा कि यह भारत सरकार का और संसद का कानून है, सभी को इसे स्वीकार करना होगा। अमित शाह ने जब ये बात कही तो टीएमसी सांसदों की ओर से कुछ टिप्पणी की गई। तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद ने कहा कि बंगाल में आकर यही बात कहिएगा। तब अमित शाह ने उन्हें ललकाते हुए कहा कि बंगाल में आकर सीना ठोककर कहूंगा। यह राजनीतिक हिसाब किताब का अखाड़ा नहीं है।

### वक्फ में एक भी गैर–मुस्लिम नहीं आएगा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आगे कहा कि विपक्ष को वोटबैंक चाहिए, लेकिन भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार का स्पष्ट सिद्धांत है कि हम वोटबैंक के लिए कोई कानून नहीं लाएंगे। कानून न्याय के लिए होता है, लोगों के कल्याण के लिए होता है। मैं इस सदन के माध्यम से देश के मुसलमानों से कहना चाहता हूं कि आपके वक्फ में एक भी गैर–मुस्लिम नहीं आएगा। इस कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है लेकिन वक्फ बोर्ड और वक्फ परिषद क्या करेगी? वक्फ की संपत्तियां बेचने वालों को पकड़कर बाहर निकालेगी।

### अब केवल घोषणा से ही वक्फ प्रॉपर्टी नहीं बनेगी

अमित शाह ने कहा कि वक्फ की आय गिरती जा रही है, जिसके माध्यम से अल्पसंख्यकों के लिए विकास करना है और उन्हें आगे बढ़ाना है। जो पैसा जो चोरी होता है, उसको वक्फ बोर्ड और परिषद पकड़ने का काम करेगी। ये बिल जमीनों को सुरक्षा प्रदान करेगा। किसी की जमीन केवल घोषणा कर देने से ही वक्फ प्रॉपर्टी नहीं बनेगी। अब पुरातत्व विभाग, आदिवासी भाइयों की जमीन, आम नागरिकों की जमीन सुरक्षित हो जाएगी।

### वक्फ बिल में क्या है मुख्य बातें शाह ने बताई

अमित शाह ने साफ–साफ शब्दों में कहा कि दान तो अपनी संपत्ति का ही किया जा सकता है, गांव की संपत्ति का थोड़ी नहीं। इस बिल के जरिए वक्फ की संपत्ति घोषित करने के अधिकार को समाप्त कर दिया गया है। अब ऐसी किसी जमीन के लिए जिला कलेक्टर से प्रमाणित कराना पड़ेगा। शाह ने कहा कि 2001–12 के बीच दो लाख करोड़ की वक्फ की संपत्ति निजी संस्थानों को सौ साल की लीज पर हस्तांतरित कर दी गई। बेंगलुरु में उच्च न्यायालय को बीच में पड़ना पड़ा और 602 एकड़ भूमि को जब्त करने से रोकना पड़ा। ये पैसा देश के गरीब मुसलमानों का है, ये धन्नासेठों की चोरी के लिए नहीं है।

### देश में एक और गलतफहमी फैलाई जा रही...

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक और गलतफहमी फैलाई जा रही है कि यह विधेयक पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू होगा। जब आप इस सदन में बोलें तो जिम्मेदारी के साथ बोलें। विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विधेयक पारित होने पर सरकार द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद कानून लागू होगा। कोई पूर्वव्यापी प्रभाव नहीं है। शाह ने आगे कहा कि जो भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं तो मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि वक्फ मुस्लिम भाइयों की धार्मिक क्रियाकलाप और उनके बनाए हुए दान से ट्रस्ट है। उसमें सरकार कोई दखल नहीं देना चाहती है। मुतवल्ली भी उनका होगा, वाकिफ भी उनका होगा, वक्फ भी उनका होगा।



### मुख्यमंत्री ने की मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की समीक्षा

# प्रदेश की सौ फीसदी बसाहटों को सड़कों से जोड़ने का काम टाइम लिमिट हों

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के सुगम आवागमन और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए प्रदेश की शत-प्रतिशत बसाहटों को सड़कों से जोड़ने के लिए समय-सीमा निर्धारित कर कार्रवाई करें।**

सभी जिलों में सड़कों की आवश्यकता का वैज्ञानिक आधार पर सर्वे सुनिश्चित कर कार्य-योजना बनाई जाए। सड़कों की आवश्यकता के संबंध में विधायकों और पंचायत प्रतिनिधियों का अभिमत अवश्य लिया जाए। राज्य सरकार अगले तीन वर्ष में सभी बसाहटों को सड़कों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अतिवृष्टि, बाढ़ तथा अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत और उनके उन्नयन की आवश्यकता के प्रति सतर्क रहते हुए तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जाए। सड़कों के रख-रखाव और नियमित निरीक्षण में मोबाइल एप, जियो टैगिंग तथा एआई टेक्नॉलोजी का उपयोग कर इसे अधिक प्रभावी बनाया जाए।

### पीएम योजना में मप्र ने बनाई देश की पहली सड़क

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पाण्डाटोला से बीजाटोला तक देश की पहली सड़क का निर्माण बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र में किया गया है। सड़कों के संधारण और उन्नयन के लिए भारत सरकार से प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने में प्रदेश, देश में प्रथम रहा है। प्रदेश में मार्गों के संधारण के लिए वर्ष 2015–16 से लागू ई–मार्ग पोर्टल की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई तथा केन्द्र सरकार द्वारा इसे सम्पूर्ण देश में नेशनल ई–मार्ग के रूप में लागू किया गया है।

### साढ़े 11 हजार बसाहटों के लिए सर्वे पूरा

बताया गया कि प्रदेश की 89 हजार बसाहटों में से 50 हजार 658 बसाहटों तक रोड़ कनेक्टिविटी सुनिश्चित कर ली गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–4 के अंतर्गत बनने वाली 11 हजार 544 बसाहटों के लिए सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 26 हजार 798 बसाहटों की कनेक्टिविटी के लिए राज्य सरकार द्वारा पहल की जा रही है। सामान्य संधारण कार्यों का प्राक्कलन तैयार करने और तकनीकी प्रशासकीय स्वीकृति आदि की ऑनलाइन व्यवस्था सम्वेग पोर्टल के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है।




## संक्षिप्त समाचार

### वन विभाग ने 1600 करोड़ से अधिक राजस्व प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया

**भोपाल, निप्र।** वन विभाग की कुशल नीति, वन उत्पादों के प्रबंधन, डिजिटल प्रणाली और पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के परिणाम स्वरूप राजस्व में वृद्धि हो रही है। वन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1600 करोड़ से अधिक राजस्व प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह वन विभाग की अब तक की सबसे अधिक राजस्व प्राप्ति है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 200 करोड़ रुपये से अधिक है। वन विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में 1425 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया, वर्ष 2022-23 में 1400 करोड़ और वर्ष 2021-22 में 1444 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। वन विभाग को प्राप्त राजस्व में सबसे बड़ा योगदान टिम्बर की बिक्री से हुआ है। इस वर्ष विभाग द्वारा टिम्बर बिक्री से 850 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। वन विभाग की नीलामी प्रक्रिया और बढ़ती मांग के कारण टिम्बर की बिक्री में वृद्धि हुई है। इसके अलावा अन्य वानिकी उत्पादों और पर्यावरण से जुड़े शुल्क से भी आय में वृद्धि हुई। वन विभाग को राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को पारदर्शी और डिजिटल बनाने से राजस्व में वृद्धि हुई है। ऑनलाइन चालान से विभाग को 1528 करोड़ की आय हुई, जबकि ट्रांसफर चालान से 763 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है।

### पराली जलने से वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिये बनायें समेकित राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय कार्य-योजना : प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी

**भोपाल, निप्र।** प्रमुख सचिव पर्यावरण डॉ. नवनीत मोहन कोठारी की अध्यक्षता में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिये भोपाल में समेकित राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, उद्योग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, राजस्व, उद्यानिकी विभाग और मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में धान एवं गेहूँ की कटाई के बाद जलने वाली पराली से होने वाले वायु प्रदूषण एवं उनसे पड़ने वाले स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव की रोकथाम के लिये प्रभावी कार्रवाई करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पराली जलाने की घटनाओं को रोकने तथा वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा गेहूँ की फसल की कटाई में उपयोग होने वाली मशीनों में रिपर/बेलर लगाना अनिवार्य किया जाये। उन्होंने कहा कि पराली के वैकल्पिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिये प्रदेश में स्थापित ताप विद्युत गृहों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कृषि अवशेषों का दहन करने की कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में कितनी मात्रा में कृषि अवशेषों का निष्पादन किया गया है तथा इस वर्ष की कार्य-योजना बनायी जाये। प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने कहा कि सभी संबंधित विभाग व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से प्रदेश के किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराएं। उन्होंने पराली जलाने के स्थान पर उपलब्ध विकल्प और शासन द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की जानकारी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया और स्थानीय केबल नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश भी दिये।

### दीदी कैफे से ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि के साथ बढ़ रही है सामाजिक प्रतिष्ठा : मंत्री पटेल

**भोपाल, निप्र।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्म-निर्भर एवं स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित आजीविका स्वाद संगम (दीदी कैफे) ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि करने का साधन बन रहे हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्व-सहायता समूह न केवल ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति को बेहतर कर रहे हैं बल्कि उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को भी बढ़ा रहे हैं। मंत्री श्री पटेल ने बुधवार को विकास भवन एवं भोपाल हाट बाजार ने समूहों द्वारा संचालित आजीविका स्वाद संगम (दीदी कैफे) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, सीईओ एसआरएलएम श्रीमती हर्षिका सिंह, सीईओ आरआरडीए श्री दीपक आर्य, आयुक्त मनरेगा श्री अवि प्रसाद सहित अधिकारी-कर्मचारी और स्व-सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रही। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि शास्त्रों एवं परंपरागत ज्ञान में उल्लेख है कि भोजन में स्वाद भोजन सामग्री के साथ ही बनाने वाले के भाव का भी होता है। दीदी कैफे में भोजन स्वादिष्ट है क्योकि इसे तैयार करने वाली महिलाओं का अपनापन इसमें शामिल है। उन्होंने भोपाल हाट बाजार में मिलेट से तैयार व्यंजनो के लिए कैफे स्थापित करने की पहल की सराहना की। उन्होंने दोनों कैफे का अवलोकन कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने समूह की महिलाओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्री पटेल ने कैफे में सफाई व्यवस्था एवं कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## गुजरात पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट... धमाका इतना भीषण था कि 50 मीटर दूर तक बिखर गए थे अंग

# मध्यप्रदेश लाए जा रहे 10 मजदूरों के शव

विनय उजाला

**हरदा/खातेगांव, निप्र। गुजरात में एक पटाखा फैक्ट्री का बॉयलर फटने से मृत 10 मजदूरों के शव मध्यप्रदेश लाए जा रहे हैं। शव लेकर आ रहीं एम्बुलेंस दाहोद के आगे तक पहुंच चुकी हैं। फैक्ट्री में धमाका इतना भीषण था कि कई मजदूरों के शरीर के अंग 50 मीटर दूर तक बिखर गए।**



फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। हादसा मंगलवार सुबह 8 बजे बनासकांठा के नजदीक डीसा में हुआ। सभी मजदूर हरदा और देवास जिले के रहने वाले थे। इस हादसे में अब तक 20 शव बरामद हुए हैं। इनमें से 18 की पहचान हो गई है। इनमें 5 से 8 साल तक के बच्चे भी हैं। 8 शव हरदा के परिवार के जबकि 10 देवास जिले के हैं। दो शव ज्यादा जले हैं, जिनकी पहचान के लिए डीएनए टेस्ट किया जाएगा। माना जा रहा है कि ये हरदा के ही हैं। पहले हादसे में 21 मजदूरों की मौत की बात सामने आई थी। 8 मजदूरों का इलाज चल रहा है। इनमें 3 की हालत गंभीर है। ठेकेदार और हरदा परिवार का एक सदस्य लापता है। शव लेने पुलिस-प्रशासन टीम के साथ मंत्री नागर सिंह भी गुजरात गए हैं। बुधवार सुबह उन्होंने बताया कि देवास के 10 मजदूरों के शव उनके पैतृक गांव के लिए रवाना किए जा चुके हैं। बाकी शव भी पोस्टमॉर्टम के बाद भिजवाए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक खातेगांव और संदलपुर के लिए गुजरात से आ रहीं सभी एम्बुलेंस और उनके साथ चल रहे गुजरात प्रशासन की ओर से अश्विन सिंह राठौर, नायब तहसीलदार और उनकी टीम शाम 6 बजे दाहोद से निकलने की तैयारी में थी। इसी बीच एक एम्बुलेंस में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद एम्बुलेंस बदली गई है। देवास जिले में एक साथ इतने शवों को आइस बॉक्स में रखने की सुविधा नहीं है। इसलिए सभी शवों को इंदौर एमवाय अस्पताल की मॉर्चुरी में रखा जाएगा। गुरुवार सुबह इंदौर से शवों को संदलपुर लाया जाएगा। अंतिम संस्कार नेमावर में नर्मदा तट पर किया जाएग। पटाखा फैक्ट्री हादसे में मारे गए मृतकों के रिश्तेदार लगातार हंडिया गांव पहुंचकर परिजन को सांत्वना दे रहे हैं। इस बीच परिवार की महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चों सहित परिवार के सभी लोग सुबह से भूखे-प्यासे शवों के पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं।

### सीएम बोले- लोगों के प्रति सरकार की संवेदनाएं

सीएम डॉ मोहन यादव ने X पर लिखा-गुजरात में हुई घटना में अपने लोग मारे गए और घायल हुए। मंत्री नागर सिंह को वहां भेजा था, घायलों की मदद करने की भी कार्रवाई चालू की थी। अपनी तरफ से भी हमने 2-2 लाख रुपए की राशि मृतकों के परिवारों को और घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उम्मीद करेंगे कि रोजगार के लिए जहां भी जो जाए तो आत्मरक्षा की चिंता भी करे। ऐसी चीजों से परिवार वालों को भुगतना पड़ता है। बड़ा दर्दनाक हादसा था। हम भगवान से प्रार्थना करेंगे की मृतकों को मोक्ष प्राप्ति हो।

## वक्फ संशोधन बिल के समर्थन में मुस्लिम समाज ने की आतिशबाजी

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। लोकसभा में वक्फ संसोधन विधेयक पेश किया जा रहा है। देशभर में चल रहे विरोध के बीच एक तरफ जहां भारत सरकार द्वारा लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से अलग ही नजारा सामने आ रहा है।**




शहर में लोग सरकार द्वारा पेश किए जा रहे वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन में नजर आ रहे हैं। शहर के आनंदपुरा, हथाईखेड़ा डेम के पास स्थित मस्जिद रहमत के सामने बड़ी संख्या में इलाके के सैकड़ों लोग इकट्ठे होकर बिल के समर्थन में जश्न मना रहे हैं। वक्फ संसोधन बिल को लेकर राजधानी भोपाल में खासे जोश का नजारा देखने को मिल रहा है। हथाईखेड़ा डैम के पास आनंदपुरा और कोकता इलाके में इस विधेयक के समर्थन में मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने आतिशबाजी कर खुशी जताई। मुस्लिम समुदाय के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद करते हुए सड़कों पर उतरे। यहां बुर्का पहनी मुस्लिम महिलाएं हाथों में गुलाब थामे थीं। वे थैंक्यू, मोदी जी और वी सपोर्ट मोदी जी लिखी तख्तियां लिए थीं। भोपाल के हथाईखेड़ा डैम के पास भी जश्न मनाया गया। इस दौरान मोदी जी संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं... नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद... जैसे पीएम मोदी के समर्थन में युवाओं ने नारे लगाए। जश्न मना रहे लोगों का कहना है कि, बिल को लेकर भ्रामकता फैलाई जा रही है, जबकि ये हमारे हित में है। लोगों का ये तक कहना है कि वो दिल से मोदी जी के साथ हैं।जश्न में शामिल मुस्लिम महिलाओं ने वक्फ संशोधन विधेयक को अपने हित में बताते हुए कहा कि इसके लिए मुस्लिम महिलाएं दिल से मोदी जी के साथ है।

### प्रधानमंत्रीने 140 करोड़ देशवासियों के बारे में सोचा

भोपाल में हुजूर विधानसभा से बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि भोपाल के लोगों को अच्छी तरह पता है कि आरिफ नगर में वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी का सौदा कौन कर रहा है? कौन इसका पैसा खा रहा है? पहले कांग्रेस के सांसद इस संपत्ति का दुरुपयोग कर रहे थे और अब कांग्रेस के विधायक इसका दुरुपयोग कर रहे हैं।इस संपत्ति का सही लेखा-जोखा किसके पास है? यह संपत्ति सही हाथों में होनी चाहिए ताकि सरकार गरीबों के उत्थान के लिए इसका उपयोग कर सके।विधायक शर्मा ने कहा कि हम गरीबी में रहने वाला हिंदुस्तान नहीं चाहते।अगर मुसलमान गरीब रहेगा तो उसकी जिंदगी पंचर की दुकान पर ही गुजर जाएगी।ऐसे में हम कैसे कह सकते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था उन्नति कर रही है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों के बारे में सोचा है, जबकि कांग्रेस ने सिर्फ कुछ गुंडे-बदमाशों के बारे में सोचा है।

## मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने रचा नया इतिहास

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने ताप विद्युत गृहों के माध्यम से ऐतिहासिक उपलब्धि? हासिल की है। पॉवर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों ने कुल 28789.8 मिलियन यूनिट (एमयू) विद्युत उत्पादन कर नया कीर्तिमान बनाया है। यह अब तक किसी भी वित्तीय वर्ष में हुआ सर्वाधिक विद्युत उत्पादन है। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2023-24 में ताप विद्युत उत्पादन 28627.03 मिलियन यूनिट दर्ज हुआ था। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया ने सर्वाधिक 15042 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। उल्लेखनीय है कि पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता 4570 मेगावाट है।

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के 210 मेगावाट स्थापित क्षमता के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने 1546 मिलियन यूनिट, 500 मेगावाट स्थापित क्षमता के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी ने 3756 मिलियन यूनिट, 1340 मेगावाट स्थापित क्षमता के संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर ने 8445 मिलियन यूनिट व 2520 मेगावाट स्थापित क्षमता के सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया ने 15042 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 3 ने 4116 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर रिकार्ड बनाया। यह इस यूनिट के इतिहास में सर्वाधिक विद्युत उत्पादन है।

## हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में करियर काउंसलिंग की सुविधा

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश में शासकीय हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिये करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उचित चयन श्रेष्ठ करियर कार्यक्रम में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हो पाये हैं। उनके अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर उसी कक्षा में प्रवेश के लिये काउंसलिंग की जा रही है। ऐसे विद्यार्थी जो आगे की पढ़ाई निरंतर नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें हार के आगे जीत कार्यक्रम में आईटीआई पाठ्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी देकर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस कार्य के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर और करियर काउंसलर की सेवा लेने के लिये कहा गया है।

इस योजना में आवेदकों को अपनी ग्राम पंचायत ग्राम रोजगार सेवक के साथ दाखिला लेने की आवश्यकता है। आवेदक को ट्रेनिंग सेंटर के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके लिये आवेदक को आवश्यक पहचान-पत्र, इनमें मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य जानकारी रोजगार सेवक को देनी होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण के बाद ऋण उपलब्ध कराने में आवेदक को पूरी मदद दी जायेगी। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में देशभर में एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई है। इस योजना में 3 माह, 6 माह और एक साल के लिये युवाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाता है।

## मंत्री सारंग ने की खेल एवं युवा कल्याण विभाग की गतिविधियों की समीक्षा

### पार्थ योजना और खेलो-बढ़ो अभियान को करें क्रियान्वित

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने पार्थ (पीएआरटीएच) योजना और खेलो-बढ़ो अभियान के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है। उन्होंने कहा है कि पार्थ योजना और खेलो-बढ़ो अभियान के जरिये ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी इससे लाभान्वित हो, इसकी तैयारी की जाये।

मंत्री सारंग बुधवार को तात्या टोपे स्टेडियम स्थित मेजर ध्यान चंद हॉल में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने दोनों योजना और अभियान को मूर्तरूप से धरातल पर उतारने को कहा। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 9-10 संभाग में इसको त्वरित गति से अग्रसर किया जाये। इसकी विभाग और शासन स्तर की कार्रवाई पूर्ण करें और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाये। मंत्री सारंग ने कहा कि खेलो-बढ़ो अभियान 1 मई से शुरू हो। प्रारंभ में इसके लिये 37 जिले चयनित किये गये है। सोशल मीडिया से भी इसकी जानकारी लोगों तक पहुंचाये, जिससे प्रदेश का टैलेन्ट सामने आये। इसका कैलेण्डर तैयार कर लिया जाये। साथ ही बच्चों के पालकों के साथ भी मोटिवेशन वार्तालाप हो। मंत्री सारंग ने निर्देश दिये कि सितम्बर से खेलो एम.पी. गेम्स की शुरूआत की जाये, जिससे मध्यप्रदेश की टीम तैयार हो और वही नेशनल चैम्पियनशिप में भाग ले। बैठक में भेल स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, खेलो एम.पी. यूथ गेम्स, प्रकाश तरूण पुष्कर, फिट इंडिया क्लब और नेशनल चैम्पियनशिप पर भी चर्चा की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनु वास्तव, खेल संचालक राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव सहित खेल अधिकारी उपस्थित थे।

## पोषण भी, पढ़ाई भी... आंगनवाड़ी केंद्रों में समग्र विकास की नई दिशा



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** बाल्यावस्था केवल खेल-कूद और मस्ती का समय नहीं है, बल्कि यह जीवन की आधारशिला रखने वाला महत्वपूर्ण दौर भी है। गर्भधारण से लेकर छह वर्ष की आयु तक का समय बच्चे के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए बेहद अहम होता है। विशेष रूप से पहले 1000 दिन, गर्भ के नौ महीने और जन्म के बाद के दो साल, बच्चे के भविष्य की नींव मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इस दौरान सही पोषण के साथ-साथ संज्ञानात्मक विकास के अवसर भी उतने ही आवश्यक होते हैं।

संयुक्त परिवारों की घटती संख्या और बदलते सामाजिक परिवेश के कारण अब घर में बच्चों को पारंपरिक रूप से मिलने वाला सहज शिक्षण प्रभावित हो रहा है। इसी कमी को पूरा करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाया जा रहा है, जहां गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं और छह वर्ष तक के बच्चों को पोषण आहार के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा दी जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मानना है कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये न सिर्फ माता-पिता की बल्कि समाज की भागीदारी भी आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सक्षम आंगनवाड़ी की पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान की शुरूआत 10 मई 2023 को की गई थी। इसका उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यवस्था में देखभाल और शिक्षा पर आंगनवाड़ी प्रणाली का ध्यान केन्द्रित करना है। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्र को उच्च गुणवत्ता वाली बुनियादी सुविधाओं खेल के उपकरण और विधिवत प्रशिक्षित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ एक शिक्षण केन्द्र में परिवर्तित करना भी इसका उद्देश्य है।

# राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार से मध्यप्रदेश को मिलेगी रफ्तार

विनय उजाला

**भोपाल। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा है कि प्रदेश को 4,302.87 करोड़ रुपये लागत की 4 महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की केन्द्र सरकार से स्वीकृति मिलने से मध्यप्रदेश में विकास की रफ्तार तेज होगी। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।**



मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय मंत्री गडकरी के मार्गदर्शन में देश का अधोसंरचना क्षेत्र अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास यात्रा की गति और तेज हो रही है। भोपाल जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-146बी के संदलपुर से नसरुल्लागंज बायपास तक के 43.200 किलोमीटर लंबे खंड को 1535.66 करोड़ रुपये की लागत से 4 लेन में परिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह खंड एक महत्वपूर्ण धमनी मार्ग के रूप में कार्य करता है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-47, राष्ट्रीय राजमार्ग-46 और राष्ट्रीय राजमार्ग-45 को आपस में जोड़ता है।

यह क्षेत्र अत्यधिक भीड़-भाड़ वाला है, जिसे पेव्ड शोल्डर सहित 4 लेन किए जाने से यातायात की समग्र दक्षता में सुधार होगा। मालवाहन और आमजन के लिए यह मार्ग अब और भी सुचारू, सुरक्षित और समय बचाने वाला होगा। विदिशा और सागर जिलों में राष्ट्रीय राजमार्ग-146 के राहतगढ़ से बेरखेड़ी तक के 10.079 किमी हिस्से को 731.36 करोड़ रुपये की लागत से 4 लेन में विकसित करने की स्वीकृति दी गई है। यह परियोजना भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का हिस्सा है, जो न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी, बल्कि राहतगढ़ जैसे घनी आबादी वाले शहर को बायपास कर एक तेज़ और निर्बाध मार्ग प्रदान करेगी। यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-44 और राष्ट्रीय राजमार्ग-346 को जोड़ेगी। इसके साथ ही मार्ग के ज्यामितीय सुधार एवं रि-अलॉयमेंट से सामान और लोगों की आवाजाही और भी सुरक्षित व कुशल हो सकेगी। इससे क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग-146 पर लहदरा गांव जंक्शन से राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के बेरखेड़ी गुरु गांव जंक्शन तक 20.193 किमी लंबे 4-लेन ग्रीनफील्ड सागर पश्चिमी बायपास के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना पर कुल 688.31 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग-146 शहरी बस्तियों और अत्यधिक ट्रैफिक वाले क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। नए बायपास के बनने से सागर शहर में यातायात का दबाव कम होगा, साथ ही यात्रा का समय और दूरी दोनों घटेंगे। यह परियोजना क्षेत्र के नागरिकों को सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगी।

### एक्सेस कंट्रोल्ड 4-लेन बायपास को स्वीकृति

ग्वालियर शहर के पश्चिमी हिस्से में 28.516 किलोमीटर लंबे एक्सेस कंट्रोल्ड 4 लेन बायपास के निर्माण को केंद्र सरकार ने 1347.6 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी है।इस महत्वाकां परियोजना के तहत मुरैना और ग्वालियर जिलों के साथ-साथ रास्ते में आने वाले अन्य प्रमुख ब्लॉकों और तहसील मुख्यालयों को जोड़ा जाएगा।यह नया सड़क खंड एक धमनी मार्ग की तरह कार्य करेगा, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-46, राष्ट्रीय राजमार्ग-44 और आगामी आगरा-ग्वालियर एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे से कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा।इसके विकास से भारी माल ढुलाई और लंबे मार्ग की यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा।परियोजना के पूर्ण होने के बाद यातायात का सुगम और सुरक्षित प्रवाह सुनिश्चित होगा तथा यात्रा के समय में काफी कमी आएगी।यह बायपास न केवल क्षेत्रीय विकास को गति देगा बल्कि आर्थिक और परिवहन संबंधी गतिविधियों को भी बल प्रदान करेगा।इन परियोजनाओं से न केवल मध्यप्रदेश की कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी, बल्कि यातायात सुरक्षा, मालवहन दक्षता, समय की बचत, और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी।आने वाले वर्षों में ये सड़कें प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हमेशा खुश रहिए - खुश रहकर किया गया काम हमेशा सफलता की ओर ले जाता है : आयुक्त






**इंदौर, ( विनय उजाला )।** शासन के निर्देशानुसार स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आज प्रात: नगर निगम आयुक्त सर ने सीएम राइस शासकीय अहिल्या आश्रम एवं चंद्रावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, पोलो ग्राउंड में बच्चों से संवाद किया तथा उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया।

### प्रतिस्पर्धा बड़ी हो तो लक्ष्य को बैकअप करने वाला विकल्प भी तैयार रखे : एडीएम गौरव बैनल




**इंदौर, ( विनय उजाला )।** प्रतिस्पर्धा के इस युग में स्वयं को सर्वश्रेष्ठ साबित करने के लिये नियोजित तरीके से जी तोड़ मेहनत के साथ विषम से विषम विपरित समय का मुकाबला करने का मनोबल रख कर ही आगे बढ़ना होता है। यदि प्रतिस्पर्धा बड़ी हो और मुकाबले में असंभव सा लक्ष्य दिख रहा हो तो प्रतिस्पर्धी को चाहिये की वो अपने भविष्य की आजीविका के लिये निर्धारित लक्ष्य का बैकअप करने वाला दूसरा विकल्प भी तैयार रखे। उपरोक्त सीख शा सीएम राइज अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र 2 में स्कूल शिक्षा विभाग की चार दिवसीय प्रवेशोउत्सव के दूसरे दिन अपर कलेक्टर गौरव बैनल ने अपने भविष्य से मिलिए कार्यक्रम में छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर देते हुए रखे। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर किया गया खर्च विनियोग है। शासन की योजनाओं का लाभ लेकर देश-विदेश के शिक्षण संस्थाओं में शिक्षण-प्रशिक्षण लिया जा सकता है। स्वागत एवं आभार प्राचार्य दीपक हलवे ने माना।

### पेंशनरों ने केंद्र के समान देय तिथि से डीआर मांगा, कहा पुराना हिसाब भी करें सरकार

**इंदौर, ( विनय उजाला )।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रदेश के पेंशनरों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई राहत भुगतान करने की मांग की है,एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आमोद सक्सेना जिलाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव, वित्त को लिखे पत्र में जुलाई 2024 से 3त्न एवं जनवरी 2025 से 2 त्न प्रतिशत महंगाई राहत के आदेश शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया है। श्री सक्सेना ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा तय मानक नीति के विरुद्ध राज्य शासन लगातार अवधि में कटौती कर रही है, जो संवैधानिक व्यवस्था के अनुकूल नहीं है। एसोसिएशन के संरक्षक गणेश दत्त जोशी जिला सचिव एम एल यादव, कोषाध्यक्ष एस एन मिश्रा ने कहा की मुद्रास्फीति के कारण पेंशन के वास्तविक मूल्य में आई गिरावट की पूर्ति महंगाई राहत देकर की जाती है,किंतु सरकार के द्वारा देय तिथि से डी आर का भुगतान नहीं करने के कारण प्रदेश के पेंशनर तग हाल में जीवन यापन कर रहे हैं, जो अत्यधिक कष्टदाई है। इंदौर जिले के अध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने कहा कि शासन को वृद्ध पेंशनरों को महंगाई राहत देने के भेदभाव रहित आदेश शीघ्र जारी करना चाहिए एवं मांग की है कि पूर्व के महंगाई राहत अवधि में की गई कटौती के भी एरियर्स भुगतान आदेश जारी किए जाएं।

### महिला को धमकाकर किया रेप, भांजे ने कहा टुकड़े-टुकड़े कर लाश को ड्रम में भर देंगे

**इंदौर, ( मनोहर राजपूत )।** एमआईजी पुलिस ने सोमवार को आरोपी सोनू पटेल उर्फ आमिर खान निवासी देवास के खिलाफ रेप और धोखाधड़ी का के दर्ज किया है थाना प्रभारी सीपी सिंह ने बताया कि महिला अपने पति का इलाज इलाज कराने के लिए एम बाय अस्पताल गई थी जहां उसकी दोस्ती सोनू पटेल से हो गई थी सोनू पटेल ने महिला का मोबाइल नंबर ले लिया था और उसे मदद करने का भरोसा दिलाया था कि मैं तुम्हारे पति का इलाज अच्छा करा देंगे पति की मौत के बाद वह लगातार बातचीत करने लगा और अपने कैफे में नौकरी का प्रस्ताव दिया बाद में उसने शादी का वादा कर महिला का शारीरिक शोषण किया महिला का वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने लगा आरोपी ने महिला से साढे चार लाख रुपए वसूल लिए थे जब महिला ने अपने पैसे मांगे तो आरोपी ने फर्जी एग्रीमेंट बना दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा इतना ही नहीं आरोपी का मामा महिला को धमकाने लगा की भांजा उसके टुकड़े-टुकड़े कर ड्रम में डाल देगा जब महिला हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं से मिली तो हिंदूवादी नेता उसे एम आई जी थाने ले गए और उसकी रिपोर्ट दर्ज कराई।

पंडित शिवनाथ शास्त्री शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय बुरहानपुर में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू होगा

# संभागायुक्त की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में पंडित शिवनाथ शास्त्री शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय बुरहानपुर की स्वशासी कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बुरहानपुर कलेक्टर हर्ष सिंह शामिल हुए। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.पी. चौरसिया, रीडर डॉ. शिवकुमार आचार्य, डॉ. पटेल, डॉ. अश्विनी कुमार विद्यार्थी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में संभागायुक्त सिंह ने पंडित शिवनाथ शास्त्री शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय बुरहानपुर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी, अध्यापन कार्य में संलग्न रीडर, प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर की जानकारी, छात्रावास, शिक्षण शुल्क, आय-व्यय, परिवहन व्यवस्था, आरओ वॉटर की व्यवस्था, महाविद्यालयीन चिकित्सालय में आने वाले रोगियों के बारे में जानकारी, उपकरण, स्टाप क्वार्टर, रिक्त पदों की जानकारी आदि की प्रगति रिपोर्ट देखी और समीक्षा की। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने महाविद्यालय स्टाफ को निर्देश देते हुए कहा कि महाविद्यालय में रिक्त पदों की पूर्ति और पदोन्नति शीघ्र की जाये।

कार्ययोजना बनाकर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किये जाये। महाविद्यालय में विद्यार्थियों के परिवहन के लिए अनुबंधित बसों की व्यवस्था ही जारी रखें। महाविद्यालय में आवश्यक उपकरणों की खरीदी/ब्रिकी में पारदर्शिता रखी जाये। रिनोवेशन के कार्य निर्धारित समय सीमा में ईमानदारी और गुणवत्ता के साथ किये जायें। ओपन जिम की जगह इंडोर जिम बनाये जाये। महाविद्यालय परिसर में हाईमास्क लाईट की बजाय स्ट्रीट लाईटिंग लगाई जायें। चिकित्सालय में विभिन्न रोगों की जाँच के लिए




प्रस्तावित शुल्क वृद्धि गंभीरतापूर्वक विचार करने के बाद ही मानवीय आधार पर की जायें। मिनी फार्मेसी के तहत औषधि निर्माण हेतु राशि में वृद्धि की जायें। कलेक्टर हर्ष सिंह की सहमति के बाद ही खेल गतिविधियों के लिए टर्फ का निर्माण एवं स्टॉप क्वार्टर का निर्माण किया जाये। संस्था के प्रस्तावित नये भवन का मॉडल पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बैठक में संभागायुक्त सिंह ने कहा कि संस्था में अगर प्राचार्य अनुपस्थित है, तो प्रशासनिक कार्यों के संचालन के लिए रीडर को उप प्राचार्य के पद का प्रभार दिया जाये, जिससे सम्पूर्ण कार्य सुगमतापूर्वक हो सकें।

बैठक में पंडित शिवनाथ शास्त्री शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के प्राचार्य डॉ. चौरसिया ने बताया कि संस्था करीब 50 वर्ष पुरानी है जिसमें करीब 250 विद्यार्थी अध्ययनरत है।

महाविद्यालय में छात्राओं के लिए छात्रावास एवं खेल गतिविधियों के लिए मैदान है। करीब 6 एकड़ में फैले संस्थान में चिकित्सालय भी है, जिसमें चिकित्सा कर्म, दंत रोग विभाग, शालाक्यतंत्र विभाग, शल्यतंत्र विभाग, स्त्री रोग एवं प्रसुति तंत्र विभाग, बाल रोग विभाग, फिजियोथैरेपी विभाग आदि संचालित हो रहे हैं।

### संभागायुक्त के समन्वय से एम.आर. 12 पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह के समन्वय से आज शहर के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय हुआ। आज संभागायुक्त कार्यालय में आईडीए की योजना टीपीएस 08 स्थित मुख्य मार्ग एम.आर. 12 पर रेल्वे ओव्हर ब्रिज के संबंध में बैठक श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा मास्टर प्लान में यातायात की सुगमता को दृष्टिगत रखते हुए बोर्ड संकल्प पारित कर एम.आर. 12 के एलाइनमेंट में संशोधन का जो प्रस्ताव शासन को प्रस्तुत किया गया है, उसके अनुरूप ही रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया जायेगा। ब्रिज 06 लेन ही बनाया जायेगा, ताकि भविष्य में यातायात की समस्या उत्पन्न न हो। पीडब्ल्यूडी ब्रिज डिविजन द्वारा इस रेल्वे ओव्हर ब्रिज के तीन लेन जीएडी रेल्वे से स्वीकृति प्राप्त कर बनाया जायेगा। बैठक में जानकारी दी गई कि रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य के लिये निविदा आमंत्रित कर एजेंसी की नियुक्ति की जा चुकी है। मौके पर ठेकेदार मोबेलाईज भी हो चुका है। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने निर्देश दिए कि तीन लेन के कार्य को एम.आर. 12 के संशोधित रोड अलाइनमेंट अनुसार टीएनसीपी से डिजाईन प्राप्त कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाये एवं जो भी निर्माण कार्य करें, उसकी जानकारी इंदौर विकास प्राधिकरण को समय-समय पर उपलब्ध कराया जाये। बैठक में बताया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा तीन लेन के रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, इसके पश्चात और शेष 03 लेन बनाने की आवश्यक प्रकिया प्रारंभ कर स्वीकृति प्राप्त की जाने की कार्यवाही प्रारंभ की जावेगी। यदि शासन से बजट स्वीकृति पीडब्ल्यूडी को प्राप्त हो जाती है तो पीडब्ल्यूडी द्वारा, अन्यथा की स्थिति में इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा यह अतिरिक्त निर्माण कार्य अपनी एम.आर. 12 की योजना अंतर्गत किया जायेगा।

## शिक्षक राजेंद्र ठाकुर को सेवानिवृत्ति पर समारोहपूर्वक दी विदाई

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितावत के शिक्षक राजेंद्र ठाकुर के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि डॉक्टर जीडी अग्रवाल, संभागीय पुस्तकालय संघ के अध्यक्ष विद्यालय की पूर्व प्राचार्य संगीता व्यास, संकुल प्राचार्य अंजू बाला सिंह, जन शिक्षा केंद्र प्रभारी राजकुमार चेलानी, गोविंद व्यास थे।






सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया गया।

विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों द्वारा ठाकुर को शाल ,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी अतिथियों द्वारा श्री ठाकुर के द्वारा शिक्षा एवं समाजहित में किए गए कार्यों को याद कर उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सुहास महाजन, पुष्पेंद्र सिंह राजपूत, विजय गोयल, हितेश भावसार, जितेंद्र जमाले, अनुसूया शर्मा, स्मिता शर्मा, सुनीता पांडे, रेखा आर्य, संध्या राजपूत, प्रीति जायसवाल, दिलीप कुमार बारगल, नीरज पुरोहित, राजेंद्र यादव सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। अपनी सेवानिवृत्ति एवं जन्मदिन पर श्री ठाकुर ने सेवा भारती की बालिकाओं के भोजन के लिए रु. 2100 प्रदान किया।

इस पुनीत कार्य के लिए श्री सोहनलाल परमार, श्री राजेंद्र कुमार आचार्य, श्री जीवनलाल पटेल, सुभाष पाटीदार श्री सुनील सोलंकी, श्री रमेश बैरागी ने श्री ठाकुर को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती और रुनू पवार एवं आभार प्रभारी प्राचार्य शशिकांत जायसवाल ने माना।

## जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक अतुल दुबे को नियुक्त किया गया मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** मध्यप्रदेश शासन सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा मध्य प्रदेश कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (MP-CERT) का गठन किया गया है। यह टीम सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा संबंधित विषयों पर सशक्त एवं केंद्रीकृत स्वायत्त संगठन के रूप में कार्य कर रही है। इस अनुक्रम में साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व को ध्यान में रखते हुए समस्त जिलों में डिजिटल संचालन एवं सेवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक श्री अतुल दुबे को इंदौर जिले का मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।



यह नियुक्ति अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री संजय दुबे के आदेश के परिपालन में कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा की गई है। मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी द्वारा विभागीय आईटी संबंधित कामकाज का रिव्यू किया जायेगा। रिस्क असेसमेंट तथा प्रक्रियाओं से संबंधित जानकारी एकत्रित कर उनमें सुधार कार्य हेतु अनुशंसा की जा सकेगी। विभागीय पोर्टल एवं अन्य आईटी कामकाज से संबंधित ऑडिट एवं टेस्टिंग संबंधी कार्य भी किए जा सकेंगे। इसके अलावा आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर में जिन चीजों की आवश्यकता होगी उनका भी आंकलन किया जाएगा। साइबर क्राइम एवं संबंधित विषयों पर भी विशेष ध्यान दिया जा सकेगा। साइबर क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की भी स्थापना की जाएगी।


**कार्यालय कलेक्टर (समग्र शिक्षा अभियान) जिला अलीराजपुर (म.प्र.)**

कक्ष क्रमांक 201, 202, 203 द्वितीय तल कलेक्ट्रेट परिसर अलीराजपुर

क्रमांक/804/जिशिके/स्थापना/2025 अलीराजपुर, दिनांक : 28/03/2025

**:: ई-निविदा ::**

समग्र शिक्षा अभियान जिला अलीराजपुर अंतर्गत आउटसोर्स के माध्यम से मेनपावर अंतर्गत डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, लिपिक, MIS कॉडिनेटर, भृत्य जिला शिक्षा केन्द्र एवं जनपद शिक्षा केन्द्र में उपलब्ध कराने हेतु ई-निविदा पद्धति से ई-टेण्डर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर दरें/निविदा आमंत्रित है। निविदा दस्तावेज एवं शर्तें ई-टेण्डर पोर्टल पर दिनांक 28/03/2025 से उपलब्ध होकर दिनांक 09/04/2025 दोपहर 2 बजे तक ऑनलाईन निविदा भरकर अपलोड की जा सकती है।

जी-11033/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र अलीराजपुर ( म.प्र. )


## शासकीय प्राथमिक शाला में स्कूल चलें अभियान के तहत बच्चों को पढ़ाई के प्रति किया जागरूक




विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** आज शासकीय प्राथमिक शाला झुम्मरखाली विकासखंड हरसूद में स्कूल चले अभियान के अंतर्गत द्वितीय दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी राजकुमार राठौर (हरसूद थाना), हेड कांस्टेबल जितेश सयादे, कांस्टेबल रफीक खान, डॉ. आशीष राज मिश्रा, सरपंच राजेश धूलिया धारूखेड़ी, तथा डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता प्रकाश चंद सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। इसके पश्चात टी.आई. राजकुमार राठौर ने अपने पुलिस सेवा के अनुभव साझा किए और बताया कि टी.आई. बनने की प्रक्रिया क्या होती है तथा इस पद पर पहुंचने के लिए किन योग्यताओं और प्रयासों की आवश्यकता होती है।

इसके बाद डॉ. आशीष राज मिश्रा ने अपनी उपलब्धियाँ साझा कीं, और हेड कांस्टेबल जितेश सयादे एवं कांस्टेबल रफीक खान ने भी अपने अनुभवों से बच्चों को प्रेरित किया। डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता आदरणीय प्रकाश चंद सोनी ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

सरपंच राजेश धूलिया ने भी अपने विचार रखे और शिक्षा के महत्व पर बल दिया। इसके पश्चात बच्चों को चॉकलेट वितरण की गई वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्रधान पाठिका चंद्रमणि उईके, शिक्षिका नीतू ठाकुर, एवं अभिभावकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं शिक्षिका नीतू ठाकुर ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त किया


**कार्यालय कलेक्टर, जिला-उज्जैन एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 97/अ-82/2024-25

क्रमांक : 2865/भू-अर्जन/2025 उज्जैन, दिनांक : 26/03/2025

**:: प्रारंभिक अधिसूचना ::**

**(भू-अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रं.30 सन् 2013) अंतर्गत धारा-11)**

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक (1) में सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना के अंतर्गत तालाब निर्माण एवं अन्य कार्यों के लिए भू-अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित वर्णित भूमि जिसका सर्वे क्रमांक वार का विवरण अनुसूची (2) में उल्लेखित है, निम्नवर्णित अनुसूची (2) के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यक है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अत: भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने तक अधिसूचना में विर्निदिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना में विर्निदिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा, या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विलंगम सृजित नहीं करेगा। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (4) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा-12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है।

यह कार्य सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना के अंतर्गत तालाब निर्माण एवं अन्य कार्यों के निर्माण के लिए है, जो मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग मंत्रालय, भोपाल से स्वीकृत है। अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत सामाजिक सामाद्यात निर्धारण किया गया, जिसका मूल्यांकन भू-अर्जन अधिनियम की धारा 7 के तहत विशेषज्ञ समूह द्वारा कराया गया, विशेषज्ञ समूह द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उक्त परियोजना का निर्माण होने से स्थानीय क्षेत्र का विकास होगा, यह परियोजना क्षेत्रीय विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। परियोजना निर्माण से क्षेत्र का आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, जो कि लोकहित में है। साथ ही समूह द्वारा परियोजना में किसी भी परिहार का विस्थापित नहीं होना प्रतिवेदित किया गया है, जिससे अधिनियम की धारा 43 के तहत प्रशासक की नियुक्ति आवश्यक नहीं है।

**:: अनुसूची (1) ::**

| विवरण | अर्जित की जाने वाली भूमि का कुल क्षेत्रफल हेक्टर में |
|---|---|
| सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजा के अंतर्गत तालाब निर्माण एवं उससे संबंधित अन्य कार्यों हेतु। | 3.24 हेक्टर |

**:: अनुसूची (1) ::**

(1) भूमि का विवरण
(क) जिला :- उज्जैन
(ख) तहसील :- उज्जैन ग्रामीण
(ग) ग्राम :- कडछली
(घ) निजी भूमि का अर्जित कुल क्षेत्रफल :- 3.24 हेक्ट.

| क्रं.सं. | सर्वेक्षण संख्या | अर्जन हेतु निजी भूमि रकबा ( हेक्टर में ) | धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 42/1/1 | 0.06 | कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग उज्जैन | सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना के अंतर्गत तालाब निर्माण एवं उससे संबंधित अन्य कार्यों हेतु। |
| 2 | 42/2 | 0.12 | | |
| 3 | 42/1/2 | 0.06 | | |
| 4 | 189 | 0.32 | | |
| 5 | 190 | 0.05 | | |
| 6 | 192 | 0.32 | | |
| 7 | 193/1/1 | 0.04 | | |
| 8 | 193/1/2 | 0.04 | | |
| 9 | 193/2 | 0.11 | | |
| 10 | 194 | 0.14 | | |
| 11 | 376/2 | 0.37 | | |
| 12 | 337 | 0.05 | | |
| 13 | 378/1 | 0.18 | | |
| 14 | 379 | 0.47 | | |
| 15 | 380/1 | 0.04 | | |
| 16 | 380/2 | 0.56 | | |
| 17 | 522 | 0.25 | | |
| 18 | 523 | 0.06 | | |
| | योग | 3.21 | | |

अधिनियम की धारा-15 (1) के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (साठ) दिनों के भीतर किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग उज्जैन के समक्ष आक्षेप, यदि कोई हो फाइल किए जा सकेगा।

भूमि के संबंधित नक्शा (प्लान) कार्यालय/अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उज्जैन में किसी भी कार्य दिवस को कार्यालयीन समय के दौरान देखा जा सकता है।

जी-11022/25

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेशानुसार
( नीरज सिंह )
कलेक्टर उज्जैन एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग ( म.प्र. )

"बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"


# वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने मनाया भव्य गणगौर महोत्सव

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई द्वारा अक्षत गार्डन में गणगौर महोत्सव का आयोजन किया द्य जिसमें समूचे वैश्य समाज घटकों की महिलाओं एवं यूवतियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।





वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई अध्यक्षा श्रीमती राखी हरीश विजयवर्गीय ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शिव पार्वती पूजा आराधना से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती आशा कैलाश विजयवर्गीय रही। विशेष अतिथि मुग्धा गोलू शुक्ला, पार्षद बरखा मालू , पूजा पाटीदार रही। महिलाओं ने शिव पार्वती पूजन कह संगीतमय गणगौर माता का धूमधाम से परिसर से बाना निकाला। वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष धीरज खंडेलवाल, अशोक खंडेलवाल, रमेश गुप्ता, कैलाश खंडेलवाल , अरविंद बागड़ी ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर पुष्प वर्षा कर बाने का स्वागत किया।

श्रीमती राखी विजयवर्गीय ने बताया कि अतिथियों का सम्मान कर तुलसी के पौधे भेंट किए गए, साथ ही अतिथियों के समक्ष कार्यकारिणी गठित कर नियुक्त पदाधिकारी को बैच लगाकर सम्मानित किया। प्रकृति सौंदर्य और पर्यावरण को ध्यान रख कार्यकारिणी में पौधारोपण एवं संरक्षण समिति का भी गठन किया गया।

महिला इकाई महामंत्री श्रीमती सुनीता गुप्ता ने जल ही जीवन की युक्ति की सार्थकता को ध्यान रख समूची कार्यकारिणी एवं महिलाओं ने पानी बचाओ का संकल्प लिया। संभाग अध्यक्ष श्रीमती भारती खंडेलवाल ने बताया सभी वैश्य समाज घटक महिलाओं की गणगौर उद्यापन में उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। लगभग 40 महिलाओं ने उद्यापन किया। महोत्सव में अनेक प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें गणगौर क्वीन, थाली सजाओ, गणगौर माता की सजावट, गहने सजाओ एवं गणगौर दोहे प्रतिस्पर्धा में उत्साहपूर्ण हिस्सा लिया।

सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि आशा कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पुरस्कार किया। कार्यक्रम का संचालन अक्षिता विजयवर्गीय ने किया एवं इकाई उपाध्यक्ष श्रीमती शीतल झवर ने सभी का आभार माना।

# सम्पादकीय

## देश का माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्ती जरुरी

मुसलमानों को सरकारी ठेकों में चार फीसद आरक्षण देने के के कर्नाटक सरकार के फैसले का राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने विरोध किया है। संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने कहा भारतीय संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार्य नहीं है, जिसे भीमराव अंबेडकर ने तैयार किया था। संघ का निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के समापन के अवसर पर होसबोले ने कहा, ऐसा करने वाला कोई भी व्यक्ति हमारे संविधान निर्माता के खिलाफ जा रहा है।उन्होंने दोहराया कि पूर्व में अविभाजित आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र की तरफ से किए गए मुसलमानों के लिए आरक्षण के प्रयासों को उच्च न्यायालयों व उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया था।महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर उठे विवाद पर उन्होंने कहा औरंगजेब का महिमामंडन किया गया, उसका भाई दारा शिकोह का नहीं, जो सामाजिक सद्भाव में विश्वास रखने वाला शख्स था।भारत के मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों को आदर्श बनाने की बात करते हुए उन्होंने महाराणा प्रताप की सराहना की। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को केवल संघ की उपलब्धि न मानते हुए, उन्होंने इसे पूरे हिन्दू समाज की उपलब्धि बताया।हिन्दू संस्कृति व हिन्दू एकता के नाम पर वह अपनी विचारधारा पर जोर देते रहते हैं। गैर-राजनीतिक होने के बावजूद संघ के सदस्य राजनीति में सक्रिय रहते हैं। मौजूदा सरसंघचालक मोहन भागवत कहते हैं, संघ कार्य प्रणाली है और वह व्यक्ति निर्माण करती है।मगर मौजूदा राजनीति व मोदी सरकार पर संघ की विचारधारा की गहरी छाप स्पष्ट है। यहां असल सवाल समुदाय विशेष को दिए गए आरक्षण की नहीं है। अंबेडकर द्वारा तैयार किए आरक्षण को राजनीतिक दलों ने अपने तरीके से परिभाषित करने का तरीका ईजाद कर लिया है, जो अपने फौरी लाभ के लोभ में आरक्षण की घुट्टी पिला कर अपना मतलब निकालने में जुटी नजर आती हैं।बार-बार अदालत के हस्तक्षेप के बावजूद स्वयं केंद्र सरकार ने इसका कोई ठोस हल निकालने की जहमत नहीं की है। हकीकत में संविधान की रक्षा करने के लिहाज से, इतिहास तो किसी कीमत पर बदला नहीं जा सकता पर हमारी कोशिश होनी चाहिए कि समाज में सौहार्द बरकरार रहे।शांति भंग करने व देश का माहैल बिगाडने वालों पर सख्ती होनी चाहिए। संविधान की आड़ लेकर एकतरफा बात करना या इसका समर्थन करना कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता।

## गणगौर गीत

सबके मन को है हरषाई,छम छम छमक गणगौर आई।
चैत नवरात सबको भाई,मन ने उमंग है बरसाई।
रथ के अंदर चार टोकनी, मातु पिता घर हम मनरंगी।
सरावले बच्चों से लगते, जीवन बनता है सतरंगी।
चले धणीयर राजा आगे,रनु बाई बनती परछाई।।
सबके मन को है हरषाई,छम-छम छमक गणगौर आई।
रथ माथे पर जब हम धरते, लगे प्राण में आस्था भरते।
नृत्य करें सब आगे बढ़ते,जोत जला शुभ आशा करते।
ब्रम्हा राजा की है रानी, सैइत बाई कहे बधाई।
सबके मन को है हरषाई,छम छम छमक गणगौर आई।
गूँज उठी सुख की किलकारी, आज मिटी है चिंता सारी।
पूज रहे बालक नर नारी, रमती जाती वह सुखकारी।।
सजधज नाचे चंद्रम राजा,रोयण राणी फिरे लजाई।
सबके मन को है हरषाई,छम छम छमक गणगौर आई।
निर्मल गीतों की ये धारा, लगता देवों का जयकारा।।
नैहर का सुख पाती देवी,सबकी आँखों का है तारा।।
विष्णु संग में लक्ष्मी आई, मिलकर अब तो धूम मचाई।
सबके मन को है हरषाई,छम - छम छमक गणगौर आई।
बच्चे-बूढ़े सभी मनाते,लोकपर्व ये लगता अच्छा।
बाड़ी में वो ढोल बजाते,रहे भाव पूजन में सच्चा।
राजा विष्णु संग में आई,माता लक्ष्मी मन को भाई।
सबके मन को है हरषाई,छम छम छमक गणगौर आई।
मातु पिता की बड़ी दुलारी,सागर सी रखती गहराई।
लेने ईश्वर राजा आये, देख गौर बाई मुस्काई।
नौ दिन नैहर रह ली माई, भरे नैन से करें बिदाई।
सबके मन को है हरषाई। छम छम छमक गणगौर आई।



दैनिक विनय उजाला

**विभा भटोरे**

## अबीजर को सुयश



**बड़वानी।** मध्य प्रदेश पांचवीं बोर्ड की परिक्षा परिणाम में पंजतनिया हायर सेकेंडरी स्कूल के परिणाम में अबीजर कारदार ने 95त्न अंक प्राप्त किए। अबीजर की इस सफलता पर संस्था के पदाधिकारियों एवं स्टॉफ सहित परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## ऑडी इंडिया ने 2025 की पहली तिमाही के आंकड़े जारी किए, पहली तिमाही में 1223 गाड़ियां बेची गई

विनय उजाला

**इंदौर। जर्मनी की लग्ज़री कार निर्माता कंपनी, ऑडी ने आज 2025 की पहली तिमाही के अपने बिक्री आंकड़ों की घोषणा कर दी है। कंपनी ने 1,223 गाड़ियों की बिक्री कर सकारात्मक प्रदर्शन किया गया है। 2024 की पहली तिमाही की तुलना में इसमें 17% की वृद्धि हुई है, जो लग्ज़री कार बाजार में ब्रांड की बढ़ती मांग को दिखाता है।**

वर्ष 2025 की पहली तिमाही के प्रभावशाली परिणाम ऑडी इंडिया के विभिन्न प्रोडक्ट्स और सप्लाई चेन की बेहतर स्थिरता का लाभ उठाने के सफल प्रयासों को उजागर करते हैं। इस वृद्धि में प्रमुख योगदानकर्ताओं में ऑडी क्यू7 और ऑडी क्यू8 जैसे मॉडलों की निरंतर लोकप्रियता शामिल है। यह अच्छा प्रदर्शन पिछले साल की तरह ही जारी है, जब ऑडी इंडिया ने भारत की सड़कों पर 100,000 गाड़ियाँ बेचने की बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। ऑडी इंडिया के प्रमुख श्री बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 2025 की शुरुआत हमारे लिए बहुत अच्छी रही है। हमारी बिक्री में जो वृद्धि हुई है, वह दिखाती है कि हमारे ग्राहकों को ऑडी ब्रांड पर कितना भरोसा है और हमारे उत्पादों में कितनी ताकत है।

2024 में हमने सामान की आपूर्ति में आने वाली मुश्किलों का सामना किया, लेकिन अब हम भारत में लग्जरी गाड़ियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार हैं। हम आने वाले समय में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को बेहतरीन उत्पाद और अनुभव प्रदान करना है।

## मुख्यमंत्री का माना आभार

**उज्जैन, निप्र।** महागणपति आध्यात्मिक मिशन के प्रमुख आचार्य राघवकीर्ति गणेश ने प्राचीन धर्म नगरी उज्जैन सहित मध्यप्रदेश के अन्य 16 धार्मिक शहर में शराब बंदी पर प्रसन्नता व्यक्त की है, साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से सात्विकता बढ़ेगी। आचार्य राघवकीर्ति ने मुख्यमंत्री श्री यादव को पत्र लिख कर प्रदेश के इन 17 शहरों में मांस के विक्रय पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग की है। शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री श्री यादव से भेंटकर आभार पत्र एवं ज्ञापन देगा।

---

वास्तव में, संशोधन केवल जिला कलेक्टर को गलत तरीके से वर्गीकृत संपत्तियों की समीक्षा करने का अधिकार देता है, खासकर ऐसे मामलों में जहां सरकारी या निजी भूमि को गलत तरीके से वक्फ की संपत्ति का नाम दिया गया है। यह उपाय सही स्वामित्व सुनिश्चित करता है और धोखाधड़ी के दावों से बचाता है, जिससे समुदाय और व्यापक सार्वजनिक हित दोनों को लाभ होगा।

# वक्फ विधेयक को समझना: मिथक बनाम उजागर किए गए तथ्य

हर्ष रंजन



दैनिक विनय उजाला





कुछ राजनीतिक संस्थाओं और मुस्लिम समुदाय के भीतर निहित स्वार्थी समूहों द्वारा जानबूझकर अशांति का वातावरण बनाने के लिए भ्रामक जानकारी फैलाने के कारण, वक्फ संशोधन विधेयक 2024 विवाद का विषय बन गया है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और वक्फ संपत्तियों के शासन को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से बनाए गए इस विधेयक को इन समूहों द्वारा इतना अधिक विकृत किया गया है कि इसकी मूल पहचान ही बदल गयी है। ये निहित स्वार्थ से भरे समूह समुदाय के कल्याण की तुलना में अपने स्वयं के विशेषाधिकारों की रक्षा करने को लेकर अधिक चिंतित हैं।

### संशोधन के पीछे का सच

इस विधेयक का विरोध मुख्य रूप से उन लोगों द्वारा किया जा रहा है, जो लंबे समय से वक्फ संस्थानों में पारदर्शिता की कमी से लाभान्वित हुए हैं। ऐतिहासिक रूप से, कुछ समूहों ने वक्फ संपत्तियों पर महत्वपूर्ण नियंत्रण बनाए रखा है और उनकी पहचान सर्वविदित है। उनका विरोध धार्मिक अधिकारों से जुड़ी वास्तविक चिंताओं से नहीं, बल्कि वर्षों से कुप्रबंधित अकूत संपत्तियों और वित्तीय संसाधनों पर अपना नियंत्रण बनाए रखने की इच्छा से प्रेरित है। यदि उनके इरादे वास्तव में समुदाय के कल्याण से जुड़े थे, तो क्या वे बता सकते हैं कि वक्फ संपत्तियों से होने वाली आय में साल दर साल लगातार गिरावट क्यों आ रही है?

इसमें से सबसे बड़ी विकृतियों में से एक का दावा है कि यह विधेयक सरकार को वैध वक्फ संपत्तियों को जब्त करने में सक्षम बनाता है। वास्तव में, संशोधन केवल जिला कलेक्टर को गलत तरीके से वर्गीकृत संपत्तियों की समीक्षा करने का अधिकार देता है, खासकर ऐसे मामलों में जहां सरकारी या निजी भूमि को गलत तरीके से वक्फ की संपत्ति का नाम दिया गया है। यह उपाय सही स्वामित्व सुनिश्चित करता है और धोखाधड़ी के दावों से बचाता है, जिससे समुदाय और व्यापक सार्वजनिक हित दोनों को लाभ होगा। एक और व्यापक रूप से फैलाया गया मिथक यह है कि विधेयक वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण को समाप्त कर देता है। इसके विपरीत, यह जिला कलेक्टर को जिम्मेदारी सौंपकर प्रक्रिया को मजबूत करता है, जो स्थापित राजस्व प्रक्रियाओं का उपयोग करके सर्वेक्षण पूरा करेंगे, जिससे निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा अशुद्धियों और संभावित हेरफेर को समाप्त किया जा सकेगा।

### विरोधियों के पाखंड को उजागर करना

इस विधेयक के सबसे मुखर आलोचक वे हैं, जो लंबे समय से वक्फ संपत्तियों के प्रमुख लाभार्थी रहे हैं। उनका विरोध इन संपत्तियों पर बने अपने वित्तीय साम्राज्यों की रक्षा करने से जुड़ा एक सुनियोजित कदम है। इन संगठनों ने ऐतिहासिक रूप से वक्फ संसाधनों पर एकाधिकार बनाए रखा है तथा वे समुदाय के वंचित वर्गों के लिए निर्धारित धनराशि का अपने स्वयं के एजेंडों के लिए उपयोग करते रहे हैं। पाखंड बहुत बड़ा है! वे मुस्लिम समुदाय के हितों की वकालत करने का दावा करते हैं, जबकि उन्होंने दशकों से व्यक्तिगत लाभ के लिए वक्फ बोर्डों में हेरफेर किया है। भारत में कई वक्फ बोर्ड इन समूहों से जुड़े व्यक्तियों द्वारा संचालित हैं, जो राजनीतिक और वित्तीय लाभ के लिए इन निधियों का गलत इस्तेमाल करते रहे हैं। इस अनियंत्रित गलत इस्तेमाल को संशोधन समाप्त करना चाहता है, जिससे वे सुधार के सबसे मुखर विरोधी बन गये हैं।

### वक्फ को सच्चे लाभार्थियों के लिए मजबूत करना

चुनिंदा समूहों के एकाधिकार को तोड़ने के अलावा, यह विधेयक सुन्नी, शिया, बोहरा, आगाखानी और पिछड़े मुस्लिम समुदायों सहित विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों के प्रतिनिधित्व को अनिवार्य करके समावेशी भावना को बढ़ाता है, जिससे वक्फ संपत्तियों का निष्पक्ष और लोकतांत्रिक शासन सुनिश्चित होगा। इसके अलावा, वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम विशेषज्ञों को शामिल करने से मुस्लिम नियंत्रण को खतरा नहीं है, बल्कि इससे जवाबदेही बढ़ती है और कुप्रबंधन को रोकने में बाहरी निगरानी की सुविधा प्राप्त होती है।

इस विधेयक में वित्तीय ऑडिट और पारदर्शी लेखा पद्धतियों को भी शामिल किया गया है, ताकि वक्फ कोष का दुरुपयोग रोका जा सके। समय-समय पर रिपोर्टिंग की आवश्यकताएँ और वक्फ न्यायाधिकरण के निर्णयों के विरुद्ध उच्च न्यायालयों में अपील करने की सुविधा कानूनी निगरानी को और मजबूत करेगी, जिससे वक्फ संपत्तियों द्वारा अपने इच्छित उद्देश्य पूरा करना, जरूरतमंदों को लाभ पहुँचाना और भारत की समृद्ध समन्वयकारी विरासत को संरक्षित करना सुनिश्चित होगा।

### सुधार की आवश्यकता

उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ प्रावधान को हटाने की सरकार की पेशकश वक्फ संपत्ति के दावों में अस्पष्टता को समाप्त करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रावधान का दुरुपयोग बिना औपचारिक वक्फ समर्पण के भूमि पर अवैध रूप से दावा करने के लिए किया गया है, जिससे अंतहीन कानूनी विवाद और भूमि अतिक्रमण हुए हैं। पंजीकरण प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके, संशोधन निजी और सार्वजनिक दोनों प्रकार की भूमि को गलत दावों से बचाता है, यह सुनिश्चित करता है कि केवल कानूनी रूप से घोषित वक्फ संपत्तियों को ही मान्यता मिले।

### आगे का रास्ता

वक्फ संशोधन विधेयक 2024 वक्फ संपत्तियों की पारदर्शिता और कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। इसके प्रावधान; वैध वक्फ संपत्तियों की रक्षा करने, शासन में सुधार करने और इन संसाधनों से लंबे समय से लाभ उठाने वाले निहित स्वार्थी तत्वों को खत्म करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। मुस्लिम समुदाय के लिए यह ज़रूरी है कि वे गलत सूचनाओं को समझें और पहचानें कि इस विधेयक का विरोध करने वाले लोग अपने फ़ायदे के लिए ऐसा कर रहे हैं, न कि व्यापक हित के लिए। इस सुधार का समर्थन करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग उनके वास्तविक उद्देश्य - वंचितों का उत्थान और सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का संरक्षण - के लिए किया जाए।

**वरिष्ठ पत्रकार**

---

# स्कूल शिक्षा में व्यावसायिक शिक्षा : नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दिशा में क्रांतिकारी कदम



राशि परिहार

आज के दौर में शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रह गया है। वैश्विक प्रतिस्पर्धा और बदलते औद्योगिक परिवेश में अब वह समय आ गया है जब शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की सख्त जरूरत है। भारत सरकार द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ह्श्वक्क) 2020 इसी सोच को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। इस नीति का एक प्रमुख पहलू स्कूल स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा (Vocational Education) को अनिवार्य बनाना है। अब तक हमारे देश की शिक्षा प्रणाली अकादमिक ज्ञान पर केंद्रित रही है, जिससे छात्रों को व्यावहारिक कौशल सीखने का अवसर कम ही मिला। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में युवा डिग्री प्राप्त करने के बावजूद भी रोजगार के लिए आवश्यक कौशल से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में, NEP 2020 का यह दृष्टिकोण कि कक्षा 6 से ही छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ा जाए, एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी फैसला कहा जा सकता है।

**शिक्षा में व्यावसायिक शिक्षा का महत्व :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 ने भारत के शिक्षा तंत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जिनमें से एक प्रमुख पहलू स्कूल स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा (Vocational Education) को बढ़ावा देना है। पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर अधिक ध्यान दिया जाता था, जिससे छात्र व्यावहारिक कौशल में पीछे रह जाते थे । इस कमी को दूर करने के लिए NEP 2020 ने स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा को एकीकृत करने की अनुशंसा की है ताकि छात्र प्रारंभिक स्तर से ही व्यावसायिक और तकनीकी कौशल विकसित कर सकें।

**मध्य प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा की पहल: तेजस्वी कार्यक्रम :** इस नीति के क्रियान्वयन में मध्य प्रदेश सरकार एक अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग नेतेजस्वी कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य कक्षा 11वीं के छात्रों को विभिन्न उद्योगों और व्यवसायों से जोड़ना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को आईटी, कृषि, ऑटोमोबाइल, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, फाइनेंस और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इतना ही नहीं, छात्रों को औद्योगिक संस्थानों में जाकर प्रायोगिक ज्ञान (इंटर्नशिप) प्राप्त करने का भी अवसर मिलता है। इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि वे भविष्य में अपने करियर को लेकर भी अधिक स्पष्टता महसूस करते हैं।

> **तेजस्वी कार्यक्रम की विशेषताएँ**
>
> 1. कौशल विकास : इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों जैसे आईटी, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यटन आदि में प्रशिक्षण दिया जाता है।
> 2. इंटर्नशिप और प्रायोगिक अनुभव : छात्रों को वास्तविक उद्योगों में इंटर्नशिप करने का अवसर मिलता है, जिससे वे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकें।
> 3. समग्र विकास : यह कार्यक्रम छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है और उन्हें स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित करता है।
> 4. उद्यमिता को बढ़ावा : छात्रों को स्वरोजगार और स्टार्टअप संस्कृति की जानकारी दी जाती है, जिससे वे स्वयं के रोजगार के अवसर भी पैदा कर सकते हैं।
> 5. इंडस्ट्री पार्टनरशिप : विभिन्न उद्योगों और प्रशिक्षण संस्थानों के सहयोग से छात्रों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया जाता है।
>
> दैनिक विनय उजाला

मध्य प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा और तेजस्वी कार्यक्रम

मध्य प्रदेश सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने NEP 2020 के तहत व्यावसायिक शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए कई योजनाएँ शुरू की हैं। इन योजनाओं में तेजस्वी कार्यक्रम (Tejasvi Program) एक महत्वपूर्ण पहल है, जो कक्षा 11वीं के छात्रों को कौशल-आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### व्यावसायिक शिक्षा के लाभ

**रोजगार के अधिक अवसर:** व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को अन्य छात्रों की तुलना में जल्दी नौकरी मिलने की संभावना होती है।

**आर्थिक आत्मनिर्भरता :** कौशल प्राप्त करने के बाद छात्र स्वरोजगार कर सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

**व्यावहारिक और आधुनिक शिक्षा:** यह पारंपरिक शिक्षा को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उसे व्यावहारिक बनाता है।

**व्यावसायिक शिक्षा:** रोजगार और उद्यमिता की राह

यह बात सर्वविदित है कि भारत में बेरोजगारी की एक बड़ी वजह कौशल की कमी भी है। हमारे युवा यदि अपने क्षेत्र से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान से लैस होंगे, तो वे न केवल अच्छी नौकरियों के लिए तैयार होंगे, बल्कि स्वरोजगार और स्टार्टअप की दिशा में भी आगे बढ़ सकते हैं। तेजस्वी कार्यक्रम जैसे प्रयास न केवल छात्रों को जॉब-रेडी बना रहे हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी ले जा रहे हैं। इस पहल से उन छात्रों को भी लाभ मिलेगा जो किसी कारणवश उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते। यदि वे स्कूली शिक्षा के दौरान ही किसी व्यावसायिक कौशल में दक्ष हो जाते हैं, तो उनके पास रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध रहेंगे।

### व्यावसायिक शिक्षा की राह में चुनौतियाँ

हालांकि, स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कई चुनौतियाँ भी हैं।

1. अभी भी समाज में व्यावसायिक शिक्षा को पारंपरिक शिक्षा से कमतर माना जाता है।
2. हर स्कूल में प्रशिक्षित शिक्षक और आवश्यक संसाधनों की कमी है।
3. उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच अधिक मजबूत समन्वय की आवश्यकता है।

यदि इन चुनौतियों का समाधान किया जाए, तो व्यावसायिक शिक्षा स्कूल स्तर पर क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है।

NEP 2020 के तहत स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा को शामिल करने का निर्णय भारतीय शिक्षा प्रणाली के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ है। मध्य प्रदेश में तेजस्वी कार्यक्रम इस दिशा में एक उल्लेखनीय पहल है, जो अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकती है। यदि सरकार, उद्योग जगत और शैक्षणिक संस्थान मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं, तो आने वाले समय में भारतीय युवा अधिक कुशल, आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख होंगे ।

अब जरूरत इस बात की है कि हम व्यावसायिक शिक्षा को सिर्फ वैकल्पिक नहीं, बल्कि मुख्यधारा की शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाएं। तभी हम आत्मनिर्भर भारत और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बनने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

---

## ओआईसी एवं एडवोकेट का सामंजस्य आवश्यक : महापौर

**उज्जैन, निप्र।** महापौर मुकेश टटवाल द्वारा विधि विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक महापौर निवास पर की गई बैठक में नगर पालिक निगम के जो प्रचलित लंबित प्रकरण है उनके निराकरण हेतु महापौर मुकेश टटवाल द्वारा निर्देश दिए ओआई सी एवं एडवोकेट के साथ सामंजस्य के साथ बैठक कर निर्णय ले। जिससे सभी प्रकरण का समाधान हो सके लेबर कोर्ट से संबंधित प्रकरणों के लिए अनुभवी एडवोकेट की नियुक्ति के निर्देश महापौर मुकेश टटवाल ने प्रदान किए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, उपायुक्त मनोज मौर्य, निगम एडवोकेट कैलाश विजयर्गीय, उपयंत्री साधना चौधरी मौजूद रहे।

## पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड ने 1260 करोड़ रुपए तक के आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

विनय उजाला

पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड (कंपनी), जो 'पार्क' ब्रांड के तहत 13 एनएबीएच मान्यता प्राप्त मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का नेटवर्क संचालित करती है, ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु. 2) की पेशकश के माध्यम से रु.12600 मिलियन (रु.1260 करोड़) तक के फंड जुटाने की योजना बनाई है।

इस प्रस्ताव में कुल रु.9600 मिलियन (रु. 960 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम (''ताजा निर्गम'') और विक्रय शेयरधारकों द्वारा कुल रु.3000 मिलियन (रु.300 करोड़) तक का बिक्री प्रस्ताव (''बिक्री प्रस्ताव'') शामिल है।

पार्क मेडी वर्ल्ड उत्तर भारत में दूसरी सबसे बड़ी निजी अस्पताल श्रृंखला है, जिसकी कुल बिस्तर क्षमता 3,000 बिस्तरों की है, और बिस्तर क्षमता के मामले में हरियाणा में सबसे बड़ी निजी अस्पताल श्रृंखला है, जिसमें 30 सितंबर, 2024 तक 1,600 बिस्तर हैं। (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट)

रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। (लिस्टिंग विवरण) नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड, सीएलएसए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड और इंटेंसिव फिस्कल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

## स्वर्णिम फ़ाउंडेशन द्वारा इस वर्ष 250 बाल दिव्यांग बच्चों की निः शुल्क सर्जरी

### वीरेंद्रकुमार जैन के सहयोग से 1250 बच्चों की सर्जरी हुई

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** स्वर्णिम फ़ाउंडेशन इंदौर द्वारा बाल दिव्यांग निवारण सर्जरी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके फ़ोल्डर का विमोचन गौसेवा के लिए समर्पित एवं पच्चीस हज़ार गायों की सेवा कर रहे स्वामी अच्युतानंदन महाराज द्वारा किया गया।विमोचन करते हुए उन्होंने कहा कि गौसेवा की ही तरह निःशुल्क बाल दिव्यांग सर्जरी सेवा है जिन्हें अपने पैरों पर खड़े होने एवं चलने योग्य बनाया जा रहा है। संस्थापक वीरेंद्र कुमार जैन नें बतलाया कि जो बच्चे रेंग कर या मेंढक की तरह चलते हैं उनकी निःशुल्क सर्जरी कर स्वावलंबी बनाया जा रहा है। यूनिक हास्पिटल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध अस्थि संधि जोड़ एवं प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ प्रमोद पी नीमा द्वारा बच्चों की निःशुल्क सर्जरी की जावेगी। संस्था के अध्यक्ष विवेक शारदा जैन ने बतलाया की मरीज़ के साथ उनके एक अटेंडेंट के रहने एवं खाने की व्यवस्था भी की गई है । ज़रूरत होने मरीज़ के जाने आने के खर्च की भी व्यवस्था भी फाउंडेशन द्वारा की जावेगी। संस्थापक अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार जैन के नेतृत्व में एवं सहयोग से पिछले वर्षों में फाउंडेशन द्वारा लगभग 1250 बच्चों की सर्जरी की जा चुकी है । इस वर्ष 250 बच्चों की सर्जरी करने का लक्ष्य रखा गया है। निःशुल्क सर्जरी 31 दिसंबर 2025 तक लगातार चलेगी। सर्जरी दशहरा मैदान के सामने स्थित यूनिक अस्पताल में होगी।

## वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर देरी की बात पर लगे ठहाके

# अखिलेश बोले... इतना बड़ी भाजपा, अध्यक्ष नहीं चुन पा रही

# शाह ने कहा... हमारे करोड़ों मेंबर्स, आपको देर नहीं लगेगी...

नई दिल्ली

**लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में हो रही देरी पर तंज कसा।**

अखिलेश ने कहा- भाजपा में एक मुकाबला चल रहा है कि कौन बड़ा है। जो पार्टी यह कहती हो कि वह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, वह यह नहीं तय कर पा रही कि पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा। इस पर गृह मंत्री अमित शाह अपनी सीट से उठे और हंसते हुए कहा- सामने जितनी पार्टियां हैं, उनका राष्ट्रीय अध्यक्ष सिर्फ 5 लोगों को चुनना है, परिवार को। हमारे यहां करोड़ों लोग हैं। समय तो लगेगा ही।

अखिलेश जी ने यह बात हंसते हुए कही, इस वजह से मैं भी हंसते हुए कह रहा हूं। आपके (अखिलेश के) यहां जरा भी देर नहीं लगेगी। मैं कहता हूं आप 25 साल तक अध्यक्ष हो.. जाओ..। इसके बाद अखिलेश ने हंसते हुए फिर कहा- अभी जो यात्रा हुई है नागपुर की और गुपचुप जो सोशल मीडिया पर चल रही है। वह 75 साल के एक्सटेंशन की यात्रा तो नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी 30 मार्च को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में शामिल होने नागपुर गए थे। अखिलेश का इशारा इसी दौरे को लेकर था।





### बिरला बोले- अखिलेश जी, वक्फ के मुद्दे पर भी आ जाओ

संसद में अखिलेश यादव अपनी बात रखते कभी महाकुंभ तो कभी नोटबंदी पर बोलने लगे। इसके बाद महंगाई, गंगा सफाई और किसानों की समस्याएं बताने लगे। उन्हें इन मुद्दों पर बोलते-बोलते 5 मिनट हो गया, तभी स्पीकर ओम बिरला को टोकना पड़ा। कहा- अखिलेश जी, वक्फ के मुद्दे पर भी आ जाओ।

### पिछलग्गू पार्टी के नेता का बयान वायरल

जेडी सांसद और केंद्र सरकार में पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा- ये नैरेटिव बनाने का प्रयास किया जा रहा है कि ये बिल मुसलमान विरोधी है। ये बिल कहीं से मुसलमान विरोधी नहीं है। उन्होंने कहा- कांग्रेस की पिछलग्गू पार्टी के नेता का बयान वायरल हो रहा है, जिन्होंने कहा था- पटना का चौराहा पूरा वक्फ ने कब्जा कर रखा है, कड़ा कानून बनना चाहिए। किरण रिजिजू का धन्यवाद कि देश की संसद, सुप्रीम कोर्ट को वक्फ की संपत्ति बनने से बचा लिया।

### भाजपा के नए अध्यक्ष की घोषणा इसी महीने

भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष इसी महीने मिले की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागपुर दौरे के बाद चुनावी प्रक्रिया तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक 30 मार्च को मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की मुलाकात में नए अध्यक्ष के नाम पर चर्चा हुई है। मोदी के नागपुर से लौटने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी बातचीत हुई। प्रधानमंत्री ने वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड?डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह और संगठन महामंत्री बीएल संतोष से राज्यों के संगठनात्मक चुनाव पर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने नड्डा और बीएल संतोष से कहा- इसी महीने भाजपा अध्यक्ष का चुनाव पूरा करें। भाजपा ने अब तक 13 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए 19 राज्यों में चुनाव पूरे करने जरूरी हैं। सूत्रों के मुताबिक अगले हफ्ते तक उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत बाकी बचे अधिकांश राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। यानी 50 प्रतिशत राज्यों के चुनाव पूरा होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकेगा।

---

#### राज्यसभा में धनखड़ बोले...

# लोकतंत्र में शासन केवल कार्यपालिका ही चला सकती, न्यायालय नहीं

नई दिल्ली

**राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि सरकार सर्वोच्च है और लोकतंत्र में शासन केवल कार्यपालिका द्वारा ही किया जा सकता है, न्यायालयों द्वारा नहीं, क्योंकि कार्यपालिका संसद और उसे चुनने वाले लोगों के प्रति जवाबदेह होती है। प्रश्नकाल के दौरान यह टिप्पणी जगदीप धनखड़ ने डीएमके सदस्य कनिमोझी की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के विकेंद्रीकरण की मांग पर की।**

कनिमोझी ने सवाल किया था कि सरकार प्रवेश के लिए परीक्षाओं को अपने संस्थानों तक सीमित नहीं रख सकती। जहां राज्य बोर्ड परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर राज्य भरते हैं। केंद्रीय मत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीकृत परीक्षा प्रणाली का बचाव करते हुए कहा कि इसकी शुरुआत पिछली यूपीए सरकार ने की थी। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है और मेडिकल प्रवेश परीक्षा केंद्रीकृत है। इसके अलावा, शिक्षा मंत्री ने 2025-26 के बजट में डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए धन आवंटित करने की जानकारी दी। वहीं, जॉन ब्रिट्टास ने गवर्नरों को दी गई ज्यादा शक्तियों और संविदा कर्मचारियों के लिए सुरक्षा की कमी पर सवाल उठाए।



### एनटीए शानदार काम कर रहा है : प्रधान

उन्होंने कहा, प्रश्न का मूल यह है कि आप नीट परीक्षा को खत्म क्यों नहीं कर देते और राज्यों को अधिकार क्यों नहीं दे देते। उन्होंने कनिमोझी को संबोधित करते हुए कहा, पिछली यूपीए सरकार ने इस मॉडल की शुरुआत की थी। हमें इसे आगे बढ़ाना है। आप उस सरकार का हिस्सा थीं। वह उस समय इस पर राजी हो सकती थीं। धर्मेंद्र प्रधान ने स्वीकार किया कि नीट परीक्षा में कुछ चुनौतियां आई हैं, लेकिन हर साल इसमें सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, %एनटीए शानदार काम कर रहा है, और आने वाले समय में यह देश के लिए एक मजबूत प्रवेश परीक्षा प्रणाली होगी।

### राज्यसभा अध्यक्ष का बड़ा बयान

इस चर्चा के दौरान राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड ने कहा, क्या सरकार अपनी कार्यकारी शक्ति अदालत को सौंप सकती है? लोकतंत्र में शासन केवल कार्यपालिका के हाथ में होना चाहिए, क्योंकि वही संसद और जनता के प्रति जवाबदेह होती है। उन्होंने आगे कहा, सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है ताकि वह देश का प्रशासन कर सके।

---

#### देश को लूटने वाले विदेश में बैठे

# मैं इस सदन का सदस्य फिर भी पासपोर्ट जब्त

नई दिल्ली

**केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी नीत राजग सरकार पर घुसपैठियों को पनाह देने और बैंकों के साथ धोखाधड़ी कर देश को लूटने के आरोपियों को देश से बाहर जाने में मदद करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने सवाल किया कि ऐसे लोग विदेश में शरण लिए हुए हैं और उनका (सिंह का) पासपोर्ट क्यों जब्त है।**

उच्च सदन में आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक, 2025 पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और इससे कोई समझौता नहीं होना चाहिए। पिछले 11 साल से केंद्र में भाजपा सरकार है और कई राज्यों में डबल इंजन की सरकार है। फिर घुसपैठ क्यों हो रही है? अगर देश में कहीं कोई घुसपैठिया रह रहा है तो उसके लिए सीधे तौर पर केंद्र सरकार जिम्मेदार है।



उन्होंने कहा कि सीमा पर चीन घुसपैठ कर रहा है और गलवान घाटी में हमारे 20 जवान शहीद हो गए लेकिन दुख इस बात का है कि उसी चीन के साथ व्यापार बढ़ाया गया है। आप सदस्य ने सरकार पर घुसपैठियों को पनाह देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार भारत आने वाले विदेशियों पर तो शिकंजा कस रही है लेकिन वह भारत का पैसा लूट कर विदेश भागे विजय माल्या, ललित मोदी, नितिन संदेसरा, नीरव मोदी को अब तक क्यों वापस नहीं ला पाई।

---

# प्रधानमंत्री मोदी के मुरीद हुए चिली के राष्ट्रपति

नई दिल्ली

भारत दौरे पर आए चिली के राष्ट्रपति गैब्रिएल बोरिक फोंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने जियोपॉलिटिस्क के मामले में पीएम मोदी को अहम खिलाड़ी करार दिया है। खास बात है कि पहली बार भारत के आए फोंट ने दोनों देशों के बीच व्यापार से लेकर रक्षा तक कई अहम मोर्चों पर संबंध मजबूत करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चिली के समकक्ष के सम्मान में भोज का आयोजन किया था। इस मौके पर फोंट ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, आप दुनिया में शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं। आजकल आपका एक विचित्र दर्जा है कि आप दुनिया के किसी भी नेता से बात कर सकते हैं। यह ऐसा दर्जा है, जो किसी भी नेता के पास नहीं है।

### आप जियोपॉलिटिक्स में अहम खिलाड़ी

उन्होंने कहा, आप जियोपॉलिटिक्स में अहम खिलाड़ी है खास बात है कि पीएम मोदी ने बीते साल जुलाई में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। इसके अगले ही महीने वह यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा पर राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की से मिलने पहुंचे थे। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत और चिली के बीच व्यापार बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यात्रा भारत-चिली संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह ऐसे समय में हो रही है जब हम राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे कर रहे हैं।

---

#### कांग्रेस ने आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन पर अधिकार दिया

# कई आदिवासियों के अपनी जमीन से बेदखल होने की आशंका: कांग्रेस

रांची, (हि.स.)

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि वर्ष 2006 में कांग्रेस ने आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन पर अधिकार सुनिश्चित करने के लिए वन अधिकार अधिनियम लागू किया था, लेकिन केंद्र सरकार की निष्क्रियता के चलते इस कानून के तहत किये गये लाखों वास्तविक दावे बिना किसी समीक्षा के मानमाने ढंग से खारिज कर दिये गये। इससे कई आदिवासियों के अपनी जमीन से बेदखल होने की आशंका है।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे सभी लोगों को उनकी जमीन से बेदखल करने का आदेश दिया, जिनके दावे खारिज हो चुके थे, लेकिन भारी विरोध के बाद कोर्ट ने रोक लगाई और दावों की गहन समीक्षा का आदेश दिया था। अब गुरुवार को पुनः इस मामले की सुनवाई उच्चतम न्यायालय में है। प्रदेश अध्यक्ष ने यह बातें बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 2019 में भी इस कानून की बचाव नहीं कर सकी थी और अब भी आदिवासी अधिकारों के पक्ष में खड़ी नहीं दिख रही है। चिंताजनक बात यह है कि दावों की समीक्षा का गंभीर प्रयास अब तक नहीं हुआ।

### भाजपा के विचारों का होगा विरोध

उन्होंने कहा कि कांग्रेस वक्फ संशोधन विधेयक के विभिन्न प्रावधानों के विरोध में है। वक्फ बोर्ड परिषद में दो गैर मुस्लिम को शामिल करना, वक्फ ट्रिब्यूनल के स्थान पर सरकारी अधिकारी को विवाद निपटारे का अधिकार देना, वक्फ न्यायाधिकरणों के आदेशों को उच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति देने से वक्फ से संबंधित विवाद लंबे समय तक चलेंगे और न्याय की आस में लोग भटकते रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा अपने एजेंडे के तहत इस संशोधन विधेयक को लायी है। भाजपा के विचारों का विरोध संवैधानिक ढांचे के अनुसार कांग्रेस करती रहेगी। वहीं पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि नीति चाहे जो भी बनाई जाए, लेकिन उसकी नीयत साफ होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस बिल के जरिए समाज में झगड़ा पैदा करना चाहती है। साथ ही बेरोजगारी और महंगाई जैसे गंभीर मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

---

# मां कात्यायनी की उपासना करने से विवाह के बनते हैं योग

**नवरात्रि में मां के 9 स्वरूपों की पूजा- अर्चना की जाती है। वहीं नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की उपासना की जाती है। वहीं शास्त्रों के अनुसार मां कात्यायनी का जन्म महर्षि कात्यायन के घर हुआ था, इसलिए इनका नाम कात्यायनी पड़ा। वहीं अगर हम मां कात्यायनी के स्वरूप की बात करें तो मां कात्यानी का स्वरूप दिव्य और भव्य है। साथ ही इनका शुभ वर्ण हैं और स्वर्ण आभा से मण्डित हैं। इनकी चार भुजाओं में से दाहिने तरफ का ऊपरवाला हाथ अभय मुद्रा में और नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में है। बाएं हाथ में ऊपर कर हाथ में तलवार और निचले हाथ में कमल है। वहीं माता का वाहन सिंह है। मान्यता है जो व्यक्ति सच्ची भक्ति से मां की पूजा- अर्चना करता है, उसके विवाह के योग बनते हैं।**




मां कात्यायनी की उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इस देवी को नवरात्रि में छठे दिन पूजा जाता है। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो।

### मां कात्यायनी मंत्र

**देवी कात्यायन्यै नमः ॥**

**मां कात्यायनी का प्रार्थना मंत्र**

**चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्याद् देवी दानवघातिनी ॥**

मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाईं। इनका गुण शोधकार्य है। इसीलिए इस वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक हो जाता है। इनकी कृपा से ही सारे कार्य पूरे जो जाते हैं।

ये वैद्यनाथ नामक स्थान पर प्रकट होकर पूजी गईं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की गई थी। इसीलिए ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यंत भव्य और दिव्य है। ये स्वर्ण के समान चमकीली हैं और भास्वर हैं। इनकी चार भुजाएं हैं।

दाईं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में। मां के बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार है व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। इनका वाहन भी सिंह है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। भक्तों के रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इसलिए कहा जाता है कि इस देवी की उपासना करने से परम पद की प्राप्ति होती है।

### मां कात्यायनी प्रिय भोग

नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा के समय शहद का भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से मां प्रसन्न होकर विशेष आशीर्वाद प्रदान करती हैं। साथ ही जीवन में सुख- समृद्धि बनी रहती है।

### मां कात्यायनी स्तुति मंत्र

**या देवी सर्वभूतेषु मां कात्यायनी रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥**

### मां कात्यायनी की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त

मां कात्यायनी की पूजा के लिए शुभ मुहर्त 3 अप्रैल को सुबह 07 बजकर 02 मिनट पर शुरू हो रहा है और यह पूजा मुहूर्त पूरे दिन बना रहेगा। पूजन अगर ब्रह्म मुहर्त में करना है तो सुबह 04:37 से लेकर सुबह 05:23 तक यह मुहुर्त होगा.

### पूजा-विधि

*1- सुबह उठकर स्नान करें और मंदिर साफ करें*
*2- दुर्गा माता का गंगाजल से अभिषेक करें।*
*3- मैया को अक्षत, लाल चंदन, चुनरी, सिंदूर, पीले और लाल पुष्प अर्पित करें।*
*4- सभी देवी-देवताओं का जलाभिषेक कर फल, फूल और तिलक लगाएं।*
*5- प्रसाद के रूप में फल और मिठाई चढ़ाएं।*
*6- घर के मंदिर में धूपबत्ती और घी का दीपक जलाएं*
*7- दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा का पाठ करें*
*8 - फिर पान के पत्ते पर कपूर और लौंग रख माता की आरती करें।*
*9 - अंत में क्षमा प्रार्थना करें।*

### मां कात्यायनी का प्रिय रंग

मां कात्यायनी को लाल रंग अति प्रिय है। इसलिए इस रंग के वस्त्र अर्पित करने के साथ लाल रंग के गुलाब अर्पित करें। कहते हैं कि ऐसा करने सौंदर्य में निखार और वैवाहिक जीवन में मिठास बढ़ती है। वहीं इसके अलावा धन-वैभव की वृद्धि होती है।

### माता का स्वरूप

मां कात्यायनी अत्यंत चमकीले स्वरूप में दिखाई देती हैं. माता की चार भुजाएं हैं। माताजी ने अपनी दाहिनी तरफ के ऊपरी भुजा अभयमुद्रा में रखा है, नीचे की भुजा वरमुद्रा में और माता की बाईं और की ऊपरी भुजा में तलवार है। वहीं नीचे वाली भुजा में माता ने कमल-पुष्प धारण किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियो को सीखना चाहिए समय प्रबंधन,, नीरज कुमार सिंह कलेक्टर उज्जैन




**उज्जैन, निप्र।** बुधवार को स्कूल चलो अभियान अंतर्गत भविष्य से भेट कार्यक्रम में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह शासकीय उ मा वि ताजपुर पहुंचे। आपने उपस्थित विद्यार्थियो एवं शिक्षको को समय प्रबंधन की सीख देते हुए कहा कि अपना अधिकतम समय का उपयोग करे अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए। इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा आदेशित 104 अधिकारी विभिन्न स्कूलों में भविष्य से भेट करने गए। प्रदीप शर्मा एस पी, शासकीय नूतन इंदिरानगर जाकर विद्यार्थियो को प्रेरक एवं आत्मीय उद्बोधन दिया। अन्य अधिकारियों में डिप्टी कलेक्टर सरिता लाल हाइ स्कूल मोहनपुरा, जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा ने जालसेवा निकेतन, गिरीश तिवारी एडीपीसी, भैरवगढ़ अशोक त्रिपाठी डीपीसी ने हा.से. दौलतगंज में विद्यार्थियो को मार्गदर्शन किया।

### विधायक श्री जैन ने विघार्थियों को दिया मार्गदर्शन



**उज्जैन, निप्र।** विधायक अनील जैन कालुहेडा ने बुधवार को कानिपुरा रोड स्थित शासकीय नवीन कन्या उ.मा.वि क्षीरसागर में पहुंचकर भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत विघार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा की बालिकाओं में अपार क्षमता हैं, सुनिता विलियम्स की तरह आप भी असंभव को संभव बना सकती हैं। विधायक श्री जैन ने उद्बोधन के पश्चात सर्वाधिक उपस्थिती दर्ज करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अधिकारी के रूप में जिला खनिज अधिकारी श्रीमती देविका परमार ने उपस्थित रहकर छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। उन्होने छात्राओं को कडी मेहनत के द्वारा सफलता प्राप्त करने का मंत्र दिया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सपना गोथवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अलका मिश्रा ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती ज्योति तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राएं और समस्त स्टाफ उपस्थित थे।



उज्जैन, निप्र। श्री महाकालेश्वर मंदिर में नई दिल्ली से पधारे ललित कुमार ने श्री महाकालेश्वर भगवान को रुपये 01 लाख नगद भेट किये। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से दानदाता को विधिवत रसीद प्रदान कर मंदिर के श्री विरेन्द्र शर्मा द्वारा सम्मान किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल केंद्र द्वारा प्याउ का शुभारंभ किया गया




विनय उजाला

**नागदा जं, निप्र।** महावीर इंटरनेशनल केंद्र, नागदा के तत्वाधान एवं स्व. प्रकाश चंद्र छाजेड की स्मृति मे आशीष अर्हम छाजेड परिवार के सह संयोजन मे 2 अप्रैल 2025, बुधवार को कृषि उपज मंडी, नागदा में प्याऊ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राजेश धाकड जिलाअध्यक्ष उज्जैन भाजपा ग्रामीण, लालसिंह राणावत पूर्व विधायक, बृजेश सक्सेना एसडीएम, प्रकाश जैन बिरलाग्राम भाजपा मण्डल अध्यक्ष, अमृतलाल गवली थाना प्रभारी नागदा, मनीष सालेचा व्होरा श्वे. मुर्तिपूजक जैन श्रीसंघ अध्यक्ष, राजेश गेलडा, महावीर इंटरनेशनल केन्द्र संस्थाक अध्यक्ष व जोन अध्यक्ष, शरद जैन युवा समाजसेवी, मनोज खिंची सचिव कृषि उपज मण्डी, जितेन्द्र पोखरना अध्यक्ष महावीर इंटरनेशनल केन्द्र नागदा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल केन्द्र के अध्यक्ष जितेन्द्र पोखरना ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी जानते हैं, जल जीवन का आधार है। इस अवसर पर प्याउ के सहप्रायोजक आशीष जैन व जीवदया प्रभारी सचिन सकलेचा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अनाज व्यापारी एसोसिएशन व तुलावटी के व्यापारी सदस्य भी उपस्थित रहे। शैलेंद्र छोरिया, हितेश कांठेड, चंद्र प्रकाश कांठेड, रितेश नागदा, कमल जैन सहारा, धर्मेंद्र बम, प्रशांत नाहर, राजा कर्णावट, सचिन सकलेचा, आशीष पोखरना, अंकुर जैन, मनीष चपलोत, कमल नयन चपलोत, सुरेश नाहटा, संदीप धारीवाल, ललित बोहरा, रमेश चंद्र पाल, सुरेंद्र कांकरिया, दिलीप कांठेड, आशीष छाजेड, पुखराज जैन, किशोर सेठिया, अनोखीलाल पोखरना व हेमंत कांकरिया सहित सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हर्षित नागदा ने किया एवं आभार चन्द्रप्रकाश कांठेड ने माना।

# सीवरेज के कार्यों को पूर्ण करें टाटा : महापौर टटवाल

## महापौर एवं निगम आयुक्त ने की टाटा प्रा.लि. के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। शहर में सीवरेज योजना अन्तर्गत टाटा प्रा.लि. द्वारा कार्यों को किया जा रहा है। जिसके लिए टाटा द्वारा उक्त कार्यों को 9 जोनों में बांटा गया है। जहां पर कार्य प्रचलित है वहां पर काम की गति वर्तमान में अभी भी बहुत धीमी है।**




जिसको लेकर बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल, निगम आयुक्त आशीष पाठक एवं एमआईसी सदस्य द्वारा टाटा के अधिकारियों की उपस्थिति में वर्तमान में प्रचलित कार्यों को लेकर समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि जो कार्य किए जा रहे हैं उनका वर्गीकरण करते हुए माइक्रो प्लान बनाते हुए कार्य को प्राथमिकता से किया जाए। साथ ही संसाधन एवं लेबर बढ़ते हुए किए गए कार्यों की प्रतिदिन की रिपोर्टिंग की जाए।

महापौर द्वारा टाटा के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि जहां भी टाटा द्वारा कार्य किया जा रहा है उसे पूर्ण सुरक्षा, आवश्यक संसाधन, लेबर लगाते हुए किया जाए। जहां भी कार्य प्रारंभ किया गया है उसे पहले प्राथमिकता से किया जाए। कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए निगम से एक अधिकारी को लगाया जाए, टाटा द्वारा जहां भी कार्य किया गया है वहां हाउस कनेक्टिविटी, रोड रेस्टोरेशन, मेन होल एवं चौंबर्स के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए।

टाटा द्वारा बड़े नालों का कार्य भी वर्तमान में पूर्ण किया गया है जिसमें जयसिंह पूरा, भेरूगढ़ एवं तिलकेश्वर क्षेत्र के नाले के कार्य को पूर्ण किया गया है एवं अथर्व होटल के पास नाल, गऊघाट, मोती नगर एवं नानाखेड़ा क्षेत्र के नाले के कार्य वर्तमान में प्रचलित है। जिन्हें पूर्ण किया जाएगा जिससे किसी भी नाले का पानी शिप्रा नदी में ना मिले। बैठक में एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, पार्षद दिलीप परमार, अपर आयुक्त संदीप शिवा, उपायुक्त श्रीमती कृतिका भीमावत, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री केदार खत्री, साहिल मैदावाला, आदित्य शर्मा, टाटा से शैलेश तिवारी, राजीव नेमा उपस्थित रहे।

### जल से है जीवन, आईए मिलकर सहेजें हर एक बुंद, हर एक स्त्रोत

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कई प्राचीन बावडीयों का हो रहा है काया कल्प

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** विगत 30 मार्च से प्रारंभ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान जल संचय में जन सहभागिता की अभिनव पहल के रुप में संपूर्ण जिले में संचालित किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 30 जून तक चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्थित प्राचीन जलाशयों की सफाई व जिर्णोद्धार,जलाशयों के समीप पौधारोपण, छोटी नदियों तालाब व अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण के कार्य किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत कई प्राचीन बावडियों का भी कायाकल्प हो रहा है। इसी कडी में गत दिनों जनपद पंचायत उज्जैन कि ग्राम पंचायत सिकंदरी, में स्थित प्राचीन बावडी, ग्राम पंचायत चिंतामन जवासीया में स्थित अत्यंत प्राचीन लक्ष्मण बावडी, ग्राम पंचायत हासामपुरा में स्थित प्राचीन बावडी, ग्राम पंचायत ताजपुर में प्राचीन बावडी की साफ सफाई कर उनका कायाकल्प किया गया । इसमें आम जन ने सहभागिता कर बावडी की साफ सफाई की और साथ ही पंचायत में स्थित देवालयो की भी साफ सफाई की । इसके साथ ही ग्राम पंचायत बोलासा और ग्राम पंचायत सीकंदरी में स्थित क्षिप्रा नदी के घाटों की भी साफ सफाई कर उनका रंग रोगन भी किया गया ।

जनपद पंचायत महीदपुर की ग्राम पंचायत इंदोख,ग्राम पंचायत धुलेट में घाटो की साफ सफाई की गई। ग्राम पंचायत लोटियाजुर्नादा में तालाब में से गाद निकालने का कार्य किया गया। ग्राम पंचायत टीपुखेडा और गोगाखेडा में प्राचीन बावडीयों की सफाई जनभागीदारी से की गई, जिसमें बड चडकर स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। ग्राम पंचायत कढ़ाई में तालाब मरम्मत और साफ सफाई का कार्य किया गया। ग्राम पंचायत नागपूरा में सामुदायिक कूप की साफ-सफाई स्थानीय नागरीकों के द्वारा की गई।

जनपद पंचायत तराना की ग्राम पंचायतों में जन जागरुकता हेतु जल गंगा सवर्धन अभियान के अंतर्गत दीवार लेखन कार्य किया गया तथा सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलवाई गई ।जल गंगा संवर्धन अभियान कें अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल कलश यात्रा भी निकाली गई।

जनपद पंचायत बड़नगर की ग्राम पंचायत गजनिखेडी में प्राचीन बावडी की साफ-सफाई की गई। इसमें सीईओ जनपद पंचायत बड़नगर, जिला समनवयक एसबीएम अतीरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ,जनपद सदस्य ,सरपंच ,सचिव एवं अन्य ग्रामीण जन मौजूद थे।

जनपद पंचायत घट्टिया में ग्रामपंचायत पानबिहार,ग्राम पंचायत बीरमखेडी ,ग्राम पंचायत किठोडाजागीर, ग्रामपंचायत रुदाहेडा , ग्राम पंचायत रणजी व कलेसर में जल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत कालीयादेह में घाट की साफ-सफाई की गई। ग्राम रलायता में प्राचीन बावडी का गहरीकरण कार्य प्रारंभ किया गया।

जनपद पंचायत खचरोंद में ग्राम पंचायत गोठडा़ में मालिनी नदी के किनारे की साफ सफाई की गई, ग्राम पंचायत आक्याकोली, ग्राम पंचायत संडावदा में प्राचीन बावडी की साफ-सफाई भी की गई।



### निगम अध्यक्ष ने किया विकास कार्यो का भूमि पूजन

**उज्जैन, निप्र।** क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती आभा कुशवाह के प्रयासों से वार्ड क्रमांक 49 अंतर्गत 27 लाख रुपए की लागत से नगर निगम द्वारा ब्राउण्डी निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य करवाया जाना है जिसका बुधवार को निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती आभा कुशवाह, जोन अध्यक्ष संग्राम सिंह भाटिया, मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी की उपस्थिति में किया गया। भूमिपूजन कार्य के अंतर्गत वार्ड में मुनि नगर स्थित विवेकानंद उद्यान पर 16 लाख रुपए की लागत से बाउंड्री वॉल का निर्माण एवं वेद नगर में 11 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण का कार्य पार्षद मद की राशि से किया जाएगा जिससे क्षेत्रवासियों को सुविधा उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि गौरव सेंगर, अनिल अग्रवाल, नितिन उपाध्याय, कैलाश पांचाल, गगन सिसोदिया, आनंद वर्मा, अनिमेष मौर्य, जितेंद्र खाटवा, श्रीमती गायत्री सिसोदिया, श्रीमती मधुकर राव सहित क्षेत्र के नागरिक गण उपस्थित रहे।

### गणगौर तीज पर शोभायात्रा निकली



विनय उजाला

**नागदा जं, निप्र।** सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा परंपरागत सौभाग्य के पर्व गणगौर तीज के अवसर पर शोभायात्रा का आयोजन 1 अप्रैल, मंगलवार को किया गया।

चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए प्रकाश नगर स्थित सहस्त्र औदीच्य धर्मशाला पहुंची। चल समारोह में सर्व ब्राह्मण समाज के संरक्षक गुलजारीलाल त्रिवेदी अध्यक्ष आनंद दिक्षित, सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज अध्यक्ष डॉ. रमेश रावल, सिद्धनाथ पाठक, सुरेश उपाध्याय, रामचंद्र त्रिवेदी, दिनेश पुरोहित, राजेश शर्मा, निलेश मेहता, महिला मंडल अध्यक्ष निर्मला रावल, विमला पुरोहित, राशि उपाध्याय, अरुणिमा तिवारी, रेखा शर्मा आदि बड़ी संख्या में महिला एवं समाज जन मौजूद रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी वर्षा मेहता ने दी।

### संपत्तिकर वसूली में उत्कृष्ठ कार्य करने पर संपत्ति कर विभाग के अमले को निगम आयुक्त ने दी बधाई

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** बुधवार को नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा विभागीय समीक्षा के अंतर्गत जल संवर्धन अभियान, आगामी पंचक्रोशी की तैयारियों, स्वच्छता सर्वेक्षण, कॉलोनी सेल, उद्यान विभाग, प्रकाश विभाग, निर्माण कार्यों, जलकर एवं संपत्ति कर के साथ ही सिंहस्थ के कार्यों की समीक्षा बैठक नगर निगम मुख्यालय सभागार में की गई बैठक के दौरान निगम आयुक्त द्वारा संपत्ति कर विभाग द्वारा 31 मार्च तक 45 करोड़ से अधिक की राशि वसूलने पर साथ ही प्रदेश में परसेंटेज वाइज प्रथम स्थान आने पर संपत्ति कर विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी प्रकार से कार्य करने हेतु कहा गया। निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पीएचई विभाग को नोडल एजेंसी बनाते हुए निर्देशित किया कि जलाशयों की सफाई, वृक्षारोपण, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, कुएं, बावड़ियों की सफाई करवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही सभी जोनल अधिकारी प्रमाण पत्र देंगे कि आपके जोन अंतर्गत वार्डों में कितने बोरिंग एवं हेडपंप है उनकी जानकारी उपलब्ध करवाई जाए साथ ही यह भी देखें की कोई बोरिंग खुला तो नहीं है उसे कवर करवाया जाए।

पंचक्रोशी यात्रा के संबंध में आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि नगर निगम द्वारा नगर निगम सीमा अंतर्गत जहां पर आवश्यक व्यवस्थाएं जिसमें सफाई व्यवस्था, पेंच वर्क कार्य, प्रकाश व्यवस्था, टेंट व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था की जाती है उसे समय पूर्व सुनिश्चित की जाए, सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर प्रभावी रूप से कार्यवाही करें शिकायत लंबित न रहे इस बात का ध्यान रखें।

### जो संघर्षो से निकलता है वही सफलता को पाता है : निगम आयुक्त

**उज्जैन, निप्र।** स्कूल चलो अभियान 2025-26 अन्तर्गत 1 अप्रैल से सरकारी स्कूलों में नए सत्र का शुभारंभ किया गया जिसे प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। बुधवार को द्वितीय दिवस भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा कालियादेह रोड़ भेरूगढ़ स्थित सीएम राइस शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल जीवाजीगंज विद्यालय के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए सबसे जरूरी है निरंतरता। बिना इसके लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता है आप सभी में सकारात्मकता और संघर्ष का जज्बा होना चाहिए। निगम आयुक्त द्वारा विद्यार्थियों से संवाद के तहत स्वच्छता पर भी जानकारी दी गई कि किस प्रकार विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता की जागरूकता के आधार पर अपने माता-पिता एवं घर के आस-पड़ोस, गली मोहल्ले में स्वच्छता की बातें की जा सकती है जिससे हमारा उज्जैन शहर स्वच्छता में नंबर वन आए, विद्यार्थियों द्वारा निगम आयुक्त से पूछा कि हमें भी भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, पुलिस अधिकारी, क्रिकेटर एवं शिक्षक बनना है तब निगम आयुक्त द्वारा कहा कि आप सभी एकाग्रता से पढ़ाई करते हुए अपने जीवन का लक्ष्य साधकर अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य शशि कुमार, एवं विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

### बच्ची को स्कूल छोड़ घर लौट रहे व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**नागदा जं, निप्र।** नागदा कोटा रेल मार्ग पर बुधवार की सुबह एक व्यक्ति की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर आरपीएफ एवं सिविल पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की शिनाख्ती उसके छोटे भाई ने मौके पर पहुंचकर की। पुलिए ने पीएम के बाद शव परिजनों के सुपूर्द किया। नागदा कोटा रेलमार्ग पर फातिमा स्कूल के समीप एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। आरपीएफ के गोपालसिंह, धनसिंह, सिविल पुलिस के रितेश बारिया एवं डॉयल-100 मौके पर पहुंची।

### अखिल भारतीय पत्रकार एवं संपादक एसोसिएशन का जिला स्तरीय सम्मान समारोह मक्सी में आयोजित किया गया

विनय उजाला



**मक्सी, निप्र।** अखिल भारतीय पत्रकार एवं संपादक एसोसिएशन का जिला स्तरीय सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिले के पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव एवं कार्यकारी अध्यक्ष, मंगल सिंह कालमा राष्ट्रीय संयोजक, शाजापुर जिला अध्यक्ष कुर्मी जी, तथा शाजापुर जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ रवि पांडे उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ रवि पांडे ने कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों एवं संपादकों का सम्मान किया और उनके योगदान की सराहना की सम्मान समारोह में मक्सी और शाजापुर जिले के अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे, जिनमें बालाघाट से फिरोज खान, निकेश चंदेले, मानिक वाकडे लायंस क्लब अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह सेंगर ओपी श्रीवास्तव,हरीश पांडे, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष हंसराज जैन,हरीश भावसार,नरेंद्र जैन शैलेन्द्र श्रीमाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर पत्रकारों और संपादकों की अहम भूमिका पर चर्चा की गई और उन्हें उनके कठिन परिश्रम के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने इस तरह के आयोजनों के महत्व पर भी अपनी बात रखी।

### संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर नगर भाजपा की बैठक सम्पन्न

## भाजपा 06 अप्रैल को स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को डॉ.अम्बेडकर जयंती प्रत्येक बूथ पर उत्साह से मनाएगी : संजय अग्रवाल

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई । बैठक में तय किया गया कि आगामी 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती उत्साह उल्लास के साथ मनाई जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने दोनो आयोजनों के लिए जिला स्तरीय टोली का गठन किया है।

मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर पार्टी का स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं के साथ हर्षोल्लास से मनाएगी । 8 व 9 अप्रेल को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित कर वक्ताओं द्वारा उदबोधन दिया जाएगा। 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान में कार्यकर्ता तीन दिन तक प्रतिदिन आठ घंटे गांव व बस्ती में सेवा कार्यों में सहभागिता करेंगे। अभियान के दौरान उन्हें मंदिर, अस्पताल या स्कूल या गलियों में स्वच्छता अभियान चलाना है। लाभार्थियों से मिलना, सामाजिक नेताओं से सम्पर्क करना मीसाबंदी एवं कार सेवकों से मिलना एवं सम्मान करना बूथ की बैठक करना शामिल है। जल




संरचनाओं की सफाई में सहभागिता करना है। कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के झंडे लेकर सभी गलियों में यात्रा निकालना है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई करना है तथा संध्या के समय दीपोत्सव मनाना है। 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित करना है तथा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करना है। आंगनबाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में परिसर की सफाई, सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाए। 15 अप्रैल से 25 अप्रैल के मध्य जिला स्तर पर समाज के विभिन्न वर्गो के नेताओं के साथ संगोष्ठी का आयोजन करना है। यह कार्यक्रम अ.जा. मोर्चा द्वारा किया जाएगा, जिसमें समस्त कार्यकर्ताओं को सहभागी होना है।

बैठक को जिला प्रभारी सुरेश आर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की 'मन की बात' कार्यक्रम सुनें और मंडल समितियों में महिलाओं की भागदारी बढ़ाकर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि हमारी जवाबदारी बनती है कि हर कार्यकर्ता के लिए कार्यक्रम व हर कार्यक्रम के लिए कार्यकर्ता तय कर उन्हें सहभागी बनाये। सभी कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। बैठक को वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ सत्यनारायण जटिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, राजेन्द्र भारती, जगदीश अग्रवाल, किशोर खंडेलवाल, वीरेंद्र कावड़िया, इकबालसिंह गांधी, सुरेंद्र सांखला, रूप पमनानी, प्रभुलाल जाटवा सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल ने किया आभार उमेश सेंगर ने माना।

## संक्षिप्त समाचार

### वनमाली सृजन पीठ ने 50 हजार रुपए की पुस्कतें दी



**हरसूद, निप्र।** वनमाली सृजन पीठ भोपाल द्वारा प्रदत्त लगभग 50000 मूल्य की पुस्तकें वनमाली सृजन केंद्र हरसूद के समन्वयक बंशीधर अग्रवाल ने स्थानीय अभिनव पब्लिक स्कूल हरसूद अध्यक्ष विजय कुमार मंत्री को सौंपी। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर डीपी अग्रवाल, प्राचार्य नारायणप्रसाद शर्मा, समाज सेवी डॉक्टर महेश जैन, विधायक प्रतिनिधि कमल खंडेलवाल उपस्थित थे। सृजन पीठ के उद्देश्य अनुरूप श्री अग्रवाल ने बताया कि संस्था एक लघु पुस्तकालय स्थापित कर सदस्यों, छात्र-छात्राओं को इनके पठन-पाठन के लिए प्रेरित करेंगे।

### फ्लाइंग कलर्स एकेडमी छनेरा हरसूद में गायत्री हवन कर नए शैक्षणिक सत्र मल शुरुआत की



**हरसूद, निप्र।** नए सत्र के आरंभ होने के प्रथम दिवस के उपलक्ष्य में फ्लाइंग कलर्स एकेडमी हरसूद प्रांगण में गायत्री हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के धर्मेंद्र तिवारी, अक्षय तिवारी, पल्लवी तिवारी, अक्षांश तिवारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आज की आधुनिक पीढ़ी अपनी संस्कृति व सभ्यता को भूलती जा रही है। इसी संस्कृति को दृष्टिगोचर रखने व बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने की एक अनूठी पहल गायत्री हवन के रूप में फ्लाइंग कलर्स एकेडमी में की गई। इस मौके पर शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने गायत्री हवन कर नए शैक्षणिक सत्र में बुद्धि व ज्ञान की कामना की। शाला प्रबंधन समिति के अक्षय तिवारी ने बताया कि बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ गायत्री हवन में अपनी सहभागिता की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने में गायत्री हवनं बहुत ही कारगर सिद्ध होगा। बच्चे शिष्टाचारों को अर्जित कर भविष्य में नई ऊंचाइयों को हासिल करेंगे।

### उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को ग्लोबल राइज स्कूल देगा स्कॉलरशिप




**हरसूद, निप्र।** नया हरसूद-छनेरा की ग्लोबल राईज इंटरनेशनल स्कूल द्वारा जीआरआईएस टेलेंट हंट 2025-26 परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हरसूद क्षेत्र का कोई भी विद्यार्थी भाग ले सकता है। परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को स्कूल मैनेजमेंट द्वारा स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। स्कूल संचालक अजीत रायखेरे ने बताया कि ग्लोबल राईज इंटरनेशनल स्कूल द्वारा जीआरआईएस टेलेंट हंट 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र का कोई भी विद्यार्थी भाग ले सकता है। टैलेंट हंट में भाग लेने के लिए विद्यार्थी 21 अप्रैल से 15 मई तक स्कूल में आवेदन जमा कर सकते हैं। परीक्षा में कक्षा पहली से 10वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।

### लोकोमोटिव उत्पादन में बना नया कीर्तिमान, 1681 लोकोमोटिव का उत्पादन करके भारत ने अमेरिका और यूरोप को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** देश में रेलवे लोकोमोटिव का उत्पादन बढ़कर 1681 हो गया है जो संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप, दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के कुल लोको उत्पादन से भी अधिक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के सभी लोकोमोटिव इकाइयों की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए रेलवे बोर्ड के प्रवक्ता ने कहा कि पिछले साल भारत में 1472 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ था। इस तरह इस वर्ष पिछले साल की तुलना में 19त्न अधिक लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ है। मेड इन इंडिया की अवधारणा को मजबूत करने के उद्देश्य से लिए गए निर्णयों के आलोक में देश में लोकोमोटिव का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। 2004 से 2014 तक की अवधि में देश में कुल 4695 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ था जिसका राष्ट्रीय वार्षिक औसत 469.5 रहा जबकि 2014 से 2024 के बीच देश में 9168 रेलवे लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ और वार्षिक औसत करीब 917 रहा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1681 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ है। इस वर्ष चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स में 700, बनारस लोकोमोटिव वर्क्स में 477, पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स में 304, मधेपुरा में 100 और मरहौरा में 100 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ है।

# पश्चिम रेलवे: उपलब्धियां हासिल कर बेंचमार्ग स्थापित करते हुए निरंतर अग्रसर

विनय उजाला




**मुंबई।** भारतीय रेल में कई मोर्चे पर अग्रणी रहने का गौरव प्राप्त करने वाली पश्चिम रेलवे ने एक बार फिर वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल करके अपनी उत्कृष्टता साबित की है। पश्चिम रेलवे माल लदान और माल राजस्व, यात्री राजस्व, बुनियादी ढांचे के उन्नयन और संवर्धन, सुरक्षा कार्यों, यात्री सुविधाओं आदि के क्षेत्रों में प्रभावशाली प्रदर्शन हासिल करने में सक्षम रही है। ये उपलब्धियां पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र के गतिशील नेतृत्व और बहुमूल्य मार्गदर्शन में संभव हुई हैं।

### बुनियादी ढांचागत विकास

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 346 किलोमीटर नई लाइन, गेज परिवर्तन और दोहरीकरण का काम पूरा हो चुका है। यह वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान किसी भी रेलवे जोन द्वारा किया गया सर्वोत्तम है।

191 आरकेएम के लक्ष्य के मुकाबले 197 रूट किलोमीटर विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही, पश्चिम रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है।

पश्चिम रेलवे ने कवच (संस्करण 4.0) सुरक्षा प्रौद्योगिकी के नवीनतम संस्करण की स्थापना पूरी कर ली है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में, 644 रूट किमी पर कवच प्रौद्योगिकी स्थापित की गई और 205 रूट किमी पर ट्रेन परीक्षण शुरू होंगे। 2024-25 में पश्चिम रेलवे पर 140 आरओबी/आरयूबी का निर्माण किया जाएगा, जो भारतीय रेल पर सबसे अधिक है। भारतीय रेल पर पश्चिम रेलवे द्वारा सबसे अधिक लंबाई की डब्ल्यू-बीम बाड़ लगाई गई है, जो वर्ष 2024-25 के दौरान 561 किलोमीटर तक बिछाई गई। इससे मवेशियों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाओं में बड़ी कमी आई है, जिससे समयपालनता और संरक्षा में वृद्धि हुई है।

जहां तक लेवल क्रॉसिंग गेटों को हटाने का सवाल है, पश्चिम रेलवे भारतीय रेल के सभी क्षेत्रीय रेलों में सर्वश्रेष्ठ है। वित्त वर्ष 2024-25 में 108 मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेटों को हटा दिया गया है।

पश्चिम रेलवे ने 410 वेल्डेबल कास्ट मैंगनीज स्टील क्रॉसिंग बिछाई हैं, जो भारतीय रेलवे में सर्वश्रेष्ठ है। इससे यात्रा करने में सुविधा और यात्रियों की सुरक्षा बढ़ेगी।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय रेल पर डायनेमिक टैम्पर्स, बैलस्ट क्लीनिंग मशीनों जैसी ट्रैक मशीनों का उपयोग सबसे अच्छा रहा है।

यह उस प्राथमिकता को रेखांकित करता है जो पश्चिम रेलवे परिसंपत्ति रखरखाव और सुरक्षा को देती है। सिगनल विफलता की घटनाओं में पिछले वर्ष की तुलना में 20त्न की कमी आई है। पश्चिम रेलवे मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में 95त्न समयपालनता के साथ संपूर्ण भारतीय रेल में शीर्ष पर है।

पश्चिम रेलवे ने भारतीय रेल पर पहली बार टर्नआउट्स का फॉर्मेशन ट्रीटमेंट शुरू किया है। बैलस्ट क्लीनिंग मशीनों के संचालन के दौरान कुल 61 टर्नआउट्स का फॉर्मेशन ट्रीटमेंट किया गया है। इससे सवारी में आराम, संरक्षा में उल्लेखनीय सुधार और रखरखाव की आवश्यकता कम होगी।

### हंगरी फॉर कार्गो

पश्चिम रेलवे ने 2024-25 में 102 मिलियन टन माल लदान करके लगातार तीसरे वर्ष 100 मिलियन टन क्लब में प्रवेश किया है। पश्चिम रेलवे एकमात्र गैर-कोयला बेल्ट क्षेत्रीय रेलवे है जिसने विविध माल ढुलाई और कोयले के केवल 8त्न हिस्से के साथ यह उपलब्धि हासिल की है।

पश्चिम रेलवे ने पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में कंटेनर, पीओएल (पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक) और उर्वरकों की लोडिंग में वृद्धि दिखाई है। यह भारतीय रेल के सभी क्षेत्रीय रेलवे में प्रथम स्थान पर है।

कंटेनर-पश्चिम रेलवे का योगदान 32.33 मिलियन टन (भारतीय रेल का 37% हिस्सा) है।

उर्वरक-पश्चिम रेलवे का योगदान 16.09 मिलियन टन (भारतीय रेल का 27% हिस्सा) है।

पीओएल-पश्चिम रेलवे का योगदान 13.01 मिलियन टन (भारतीय रेल का 24% हिस्सा) है।

### राजस्व में वृद्धि

यात्री राजस्व 7840 करोड़ रुपये से अधिक है जो पिछले वर्ष की तुलना में 7त्न अधिक है।
वित्त वर्ष 2024-25 में 13790 करोड़ रुपये का माल ढुलाई राजस्व हासिल किया गया।
टिकट चेकिंग से 150 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रह।
पश्चिम रेलवे नॉन-फेयर रेवेन्यू के अंतर्गत भारतीय रेल पर दूसरे स्थान पर है, जिसने 110.47 करोड़ रुपए अर्जित किए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10त्न अधिक है।
पश्चिम रेलवे ने 500 करोड़ रुपये का मील का पत्थर पार कर लिया है और स्क्रैप बिक्री से 564 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से 41त्न अधिक है और भारतीय रेल में दूसरा सबसे बड़ा है।
मार्च, 2025 में अब तक का सर्वाधिक एसी ईएमयू राजस्व 19.95 करोड़ रुपये हासिल किया गया, जो मई, 2024 के 19.20 करोड़ रुपये के पिछले रिकॉर्ड को पार कर जाएगा।
मार्च, 2025 में एसी ईएमयू से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या 0.44 करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो जनवरी, 2025 के 0.40 करोड़ के पिछले उच्च स्तर को पार कर गई।

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम में नगपालिका सीएमओ ने दी स्कूल को सौगात





विनय उजाला

**मनावर, निप्र। ब्लॉक अंतर्गत स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत भविष्य से भेट कार्यक्रम समस्त विद्यालयों में आयोजित किया गया।**

जिसमें विभिन्नत स्कूलों में ब्लॉक के अधिकारियों को अनुविभागीय अधिकारी महोदय ने स्कूले आवंटित की गई तहसीलदार कुणाल अवस्या सर को प्रावि गुलाटी में बच्चों को पानी की बाटल भेट की बी एम ओ डॉ संजय मुवेल ने कन्या शाला मनावर में कलम भेट कर कहा की शिक्षक शिक्षक के बिना जब सब शून्य है शिक्षक ही माता पिता के बाद भगवान का रूप है,नायब तहसीलदार भावना रावत ने उ मा वि सिंघाना में बच्चों को निर्देशन दिए,सी एम ओ नगरपालिका संतोष चौहान ने प्रावि कालिकिराय में स्कूल बाउंड्री की घोषणा कर शीघ्र निर्माण करवाने हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी भरत जांचपुरे सर की उपस्थिति में बच्चों ओर शिक्षकों को आश्वासन देते हुए पेन कॉपी ओर बाल पोथी भेट की,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनावर विष्णप्रसाद गुप्ता जी ने मा वि गोपालपुरा मे बच्चों से भेट कर भविष्य में अधिकारी बनने हेतु गुण रहस्य बताए,थाना प्रभारी मनावर ईश्वरसिंह चौहान ने मावी गुलाटी में तथा सी डी पी ओ कविता मंजारे ने मावी जगन्नाथ पूरा में बच्चे से भविष्य से भेट कार्यक्रम में भेट की कार्यक्रम में उपस्थित बी आर सी किशोर कुमार बागेश्वर बी ए सी तुकाराम पाटीदार, भागीरथ राठौड़, अशोक सोलंकी, मंगीलाल मसानिया, जनशिक्षक प्रकाश वर्मा, सुरेश पाटीदार, ओम प्रकाश राठौड़, दीपेंद्र पाठक, कालूराम वर्मा, समस्त जनशिक्षक गण।

### पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने दिवंगत रेल कर्मचारियों के बच्चों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए

विनय उजाला

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा सहानुभूति और समर्थन के संकेत के रूप में छह दिवंगत रेल कर्मचारियों के पात्र आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज सिंह द्वारा लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे द्वारा अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों की आर्थिक भलाई को सर्वोच्च स्तर की जिम्मेदारी के साथ प्राथमिकता दी गई है और उसकी रक्षा की गई है। पश्चिम रेलवे द्वारा दिवंगत रेल कर्मचारी के पात्र आश्रितों को कम से कम समय में अनुकंपा के आधार पर नियुक्तियाँ प्रदान करना सुनिश्चित किया गया है। पिछले साल, जरूरतमंद कर्मचारियों की सहायता के लिए अपने समर्पण का प्रदर्शन करते हुए पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने 100 से अधिक अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए थे। साथ ही, पिछले वर्ष के दौरान रिकॉर्ड संख्या में कर्मचारियों को उनके करियर की प्रगति और संबंधित भत्तों के साथ-साथ लाभों को ध्यान में रखते हुए पदोन्नति दी गई थी। मुंबई सेंट्रल मंडल कर्मचारी कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के प्रति दृढ़ है तथा अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों की भलाई को हमेशा महत्व देता है।

# विस्फोट में मृत हुए परिवार के घर पहुंचे विधायक





विनय उजाला

गुजरात में हुवे फटाका फ़ेक्ट्री में हुवे विस्फोट में विधानसभा क्षेत्र खातेगाँव के संदलपुर ग्राम के एक ही समाज व परिवार के 10 लोगो की मौत बेहद पीड़ा दायक हे आज पूर्व विधायक कैलाश कुण्डल एवं जनपद सदस्य गणेश भाई गुजर एवं अन्य साथीयों ने पीड़ित परिवार जनो से मुलाक़ात कर शौक संवेदनाये व्यक्त करतें हुवे उन्हें आवश्यक सहयोग दिलवाने का भरोसा दिलवाया कुण्डल ने बताया की प्रदेश अध्यक्ष जी ने फोन पर बोला की प्रदेश कांग्रेस भी पीड़ित परिवार के दु:ख में बराबर की भागीदार है। पूर्व विधायक कुण्डल ने माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग की हे की (1) राकेश के परिवार में जो एक 3 वर्ष की बेटी बची हे उसके जीवन यापन की स्थाई व्यवस्था की जावे (2) शांटाबाई केबड़े बेटे संतोष जिसे मुँह में गुठली हे उसका निशुल्क इलाज कराया जावे एवं उसे सरकारी नौकरिन दिलाई जावे।

(3)फैक्ट्री मालिक एवं जिन बिचोलिये के माध्यम से अधिक मजदूरी का लालच देकर गुजरात ल जाया गया उनके खिलाफ गैर इरादातन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जावे (4) पीड़ित समाज के लोग गांव गांव घूमकर अपना परिवार पालते हे अत: इन्हे स्थाई रूप से 5-5एकड़ जमीन देकर बसाया जावे।

(5)नेमावर के पास जो ओद्योगिक क्षेत्र 30 साल पहले बनाया गया था कोई बड़ा उद्योग डला जावे जिससे क्षेत्र से पलायन करने वाले मजदूरों को यही काम मिल जावे।


**पश्चिम रेलवे**
**निर्माण कार्य**

उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) III, पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा- 390 004, **ई-निविदा नोटिस संख्या : DY.CE-C-IV-BRC/SMLA-TBA/05 आमंत्रित करता है। कार्य का नाम :** यार्ड, पुल के पहुंच मार्ग आदि सहित बीजी लाइन के निर्माण में तटबंध/कटिंग में मिट्टी कार्य और कंबलिंग, रेलवे के अनुमोदित डिजाइन और ड्राइंग के अनुसार छोटे पुल, आरयूबी/एलएचएस का निर्माण, रिटेनिंग/टो वॉल/नाली का निर्माण, स्टेशन भवनों का निर्माण, कवरिंग शेड, यात्री/माल प्लेटफार्म, यात्री सुविधाएं, फुट ओवर ब्रिज, रोड ओवर ब्रिज, सेवा भवनों/कर्मचारी क्वार्टरों का निर्माण, मशीन से कुचले पत्थर के गिट्टी की आपूर्ति और फैलाना, मुख्य लाइन, लूप लाइन और सेक्शन/यार्ड में पॉइंट और क्रॉसिंग आदि के लिए बीजी ट्रैक बिछाना और जोड़ना, पी.वे सामग्री का परिवहन, पटरियों की वेल्डिंग और अन्य संबद्ध विविध कार्य आदि। पश्चिम रेलवे के वडोदरा डिवीजन में समलाया-टिम्बा रोड (53.53 किमी) के बीच गेज परिवर्तन परियोजना के संबंध में समलाया यार्ड (सहित) से संदासल यार्ड (छोड़कर) के पास तक 0.00 किमी से 26.0 किमी तक। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 15,704.61 लाख। **ईएमडी :** रु. 80,02,300/-। **बोली लगाने के लिए ऑनलाइन निविदा की उपलब्धता :** 16.04.2025 को 11.00 बजे से 30.04.2025 को 12.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय :** 30.04.2025 को 15.00 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। मैन्युअल प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

1253

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**निर्माण कार्य**

उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) III, पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा- 390 004, **ई-निविदा नोटिस संख्या : DY.CE-C-IV-BRC/SMLA-TBA/06 आमंत्रित करता है। कार्य का नाम :** यार्ड, पुल के एप्रोच आदि सहित बीजी लाइन के निर्माण में तटबंध/कटिंग में अर्थवर्क और ब्लैंकेटिंग, रेलवे के स्वीकृत डिजाइन और ड्राइंग के अनुसार माइनर ब्रिज, आरयूबी/एलएचएस का निर्माण, रिटेनिंग/टो वॉल/ड्रेन का निर्माण, स्टेशन भवनों का निर्माण, कवरिंग शेड, यात्री/माल प्लेटफॉर्म, यात्री सुविधाएं, फुट ओवर ब्रिज, रोड ओवर ब्रिज, सेवा भवनों/कर्मचारी क्वार्टरों का निर्माण, मशीन क्रश्ड स्टोन गिट्टी की आपूर्ति और फैलाव, मुख्य लाइन, लूप लाइन और पॉइंट्स और क्रॉसिंग आदि के लिए बीजी ट्रैक बिछाना और जोड़ना, पी.वे सामग्री का परिवहन, रेल की वेल्डिंग और अन्य संबंधित विविध कार्य आदि। पश्चिमी रेलवे के वडोदरा डिवीजन में समलाया-टिम्बा रोड (53.53 किमी) के बीच गेज परिवर्तन परियोजना के संबंध में संधासल यार्ड (सहित) के पास 26.00 किमी से 53.53 किमी तक टिम्बा रोड (सहित) तक। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 22,421.35 लाख। **ईएमडी :** रु. 1,00,00,000/-। **बोली लगाने के लिए ऑनलाइन टेंडर की उपलब्धता :** 16.04.2025 को 11.00 बजे से 30.04.2025 को 12.00 बजे तक। खुलने की तिथि और समय- 30.04.2025 को 15.00 बजे। अधिक जानकारी के लिए क,पया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। मैन्युअल ऑफ़र पर विचार नहीं किया जाएगा।

1254

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


# विद्यार्थी एक अच्छे इंसान जरूर बने : कलेक्टर मिश्र

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम में सीएम राइज विद्यालय धार में कलेक्टर मिश्र ने सुनाए संस्मरण, विद्यार्थियों के प्रश्नों के दिए उत्तर, बांटे उपहार

विनय उजाला

**धार, निप्र। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्र जिला मुख्यालय स्थित सीएम राइज विद्यालय में बच्चों के बीच पहुंचे और उन्हें अनेकों प्रेरणादायक संस्करण सुनाएं।**

विद्यार्थी कलेक्टर मिश्र को अपने बीच पाकर अत्यंत उत्साहित थे। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के अनेकों प्रश्नों के उत्तर भी दिए और उपहार स्वरूप उन्हें ने कॉपी एवं पेन दिए।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ में एक अच्छे इंसान जरूर बने तथा शिक्षकों की डांट का कभी बुरा ना माने ,शिक्षक उनकी भलाई के लिए ही उन्हें डांटते हैं, यह बात बहुत समय बाद उन्हें समझ आती है।







इससे पूर्व कलेक्टर मिश्र ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य डॉ स्मृति रत्न मिश्र ने कलेक्टर का स्वागत किया और विद्यालयीन गतिविधियों की जानकारी दी। सौ प्रतिशत परीक्षा परिणाम की बात जानकर कलेक्टर ने विद्यालयीन स्टाफ को शुभकामनाएं दी।

विद्यार्थियों के प्रश्नों के दिए उत्तर भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर मिश्र से विद्यार्थियों ने अनेकों प्रश्न पूछे जिनमें माधुरी ठाकुर, कृष्णा मेहरा ,लव वैष्णव, सोनाक्षी अभिषेक सुहानी दुबे आदि थे। प्रमुख प्रश्नों में आप कलेक्टर कैसे बने, आप कलेक्टर ही क्यों बने? कलेक्टर बनने के लिए कितने घंटे पढ़ना चाहिए? क्या हिंदी माध्यम से भी कलेक्टर बन जा सकता है? कलेक्टर के पास बहुत काम रहते हैं आप कैसे मैनेज करते हैं? आदि थे। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब बहुत ही रोचक अंदाज में दिया।

छात्रा ने कलेक्टर को भेंट की पेंटिंग : सीएम राइज विद्यालय की कक्षा आठवीं की छात्रा एंजेल डोडिया ने कलेक्टर प्रियंक मिश्र को पेंटिंग भेट की। अपना चित्र देखकर कलेक्टर प्रसन्न हुए।

कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों को उपहार भेंट किए जाने के साथ साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सोनी शर्मा ने किया।

### कलेक्टर ने ली सेल्फी

सीएम राइज विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं ने तिलक लगाकर प्रियंका मिश्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्कूल चले हम थीम पर बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी भी ली।


**पश्चिम रेलवे द्वारा ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का संचालन**

| गाड़ी संख्या | प्रारंभिक एवं गंतव्य स्टेशन | प्रभावी कार्य दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 02200 | बांद्रा टर्मिनस - वीरांगना लक्ष्मी झांसी | 05.04.2025 से 28.06.2025 | 05.10 बजे (शनिवार) | 05.00 बजे (अगले दिन) |
| 02199 | वीरांगना लक्ष्मी झांसी - बांद्रा टर्मिनस | 03.04.2025 से 26.06.2025 | 16.50 बजे (गुरुवार) | 16.10 बजे (अगले दिन) |
| पड़ाव : बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, ब्यावरा राजगढ़, चचुरा बिनागंज, रुठियाई, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, डबरा और दतिया स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| संरचना : एसी 2-टियर, एसी 3-टियर (इकॉनामी), शयनयान एवं द्वितीय सामान्य श्रेणी के डिब्बे। | | | | |
| 04126 | बांद्रा टर्मिनस - सुबेदारगंज | 08.04.2025 से 01.07.2025 | 11.16 बजे (मंगलवार) | 17.00 बजे (अगले दिन) |
| 04125 | सुबेदारगंज - बांद्रा टर्मिनस | 07.04.2025 से 30.06.2025 | 05.20 बजे (सोमवार) | 09.30 बजे (अगले दिन) |
| पड़ाव : बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधौपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, रुपबास, फतेहपुर सिकरी, ईदगाह, टुंडला, इटावा, गोविंदपुरी और फतेहपुर स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| संरचना : एसी 3-टियर, शयनयान एवं द्वितीय सामान्य श्रेणी के डिब्बे। | | | | |

गाड़ी संख्या 09189 मुंबई सेंट्रल - कटियार साप्ताहिक विशेष का उधना स्टेशन को छोड़कर मौजूदा संरचना, पथ, समय और ठहराव पर 26 अप्रैल 2025 तक विस्तार किया गया है। गाड़ी अब उधना के बजाय सूरत स्टेशन पर रूकेगी।

संबंधित विशेष गाड़ियों के पड़ावों संबंधित विस्तृत समय की सूचना हेतु कृपया www.equiry.indianrail.gov.in पर संपर्क करे।

गाड़ी संख्या 02200, 04126 की बुकिंग और गाड़ी संख्या 09189 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 03.04.2025 से सभी पीआरएस काउंटर्स तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाईक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर द्वारा अचल संपत्ति के मूल्यांकन के लिए गाइडलाइन जारी

**झाबुआ, निप्र।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला मूल्यांकन समिति नेहा मीना द्वारा भारतीय मुद्रांक अधिनियम, 1899 के अधीन राज्य शासन द्वारा स्थावर संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण हेतु बनाये गये नियमों मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना एवं उनका पुनरीक्षण नियम 2018 के तहत् अचल संपत्ति के मूल्यांकन हेतु गाईडलाईन वर्ष 2025-26 को नियम 4 (दो) घ के अंतर्गत जारी की गई। यह गाईड लाईन 01 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होकर विभागीय वेबसाईट https://www.mpigr.gov.in पर उपलब्ध होगी।

### कन्या प्राथमिक विद्यालय में भविष्य से भेंट कार्यक्रम संपन्न



**मनावर, निप्र।** भविष्य से भेट कार्यक्रम कन्या प्राथमिक विद्यालय गुलाटी मनावर में उपस्थित तहसीलदार कुणाल अवास्या साहब का स्वागत सस्था प्रधान राजेश काग सर bac तुकाराम पाटिदार एव भागीरथ राठौर ने किया तहसीलदार ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को बताया तथाबच्चो को पढ़ाई सम्बंधित मोटिवेशन किया एव बच्चों को उपहार स्वरूप पानी के बॉटल वितरण की गई ब्रक्ष्ट तुकाराम पाटीदार भगीरथ राठौर जनशिक्षक दीपनेंद्र पाठक सस्था प्रधान शर्मा ,राजेश काग एवं समस्त स्टॉप के शिक्षक शिक्षिका ने तहसीलदार को स्कूल की ओर से धन्यवाद दिया सस्था के प्रधान काग ने स्कूल की बाउंड्रीवाल की आवश्यकता से अवगत कराया ब्लाक से उपस्थित ब्रक्ष्ट तुकाराम पाटीदार एव भगीरथ राठौर ने सर जी का आभार माना एव स्कूल की समस्या से अवगत कराया सर जी ने आश्वासन दिया कि मेरी ओर से पत्र लिख दूंगा पुन: धन्यवाद एव आभार।

### प्रवेशोत्सव के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम संपन्न




**बाग, निप्र।** मप्र शासन की महती योजना स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव 2025-26सत्र 1 अप्रेल से 4 अप्रेल तक चलाया जाना है। इसी कड़ी में आज भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत धार मुख्यालय से महिला एवं विकास विभाग की सहायक संचालक श्रीमती भारती डांगी ने सी एम राईज विद्यालय बाग में विद्यार्थियों को उद्बोधन दिया।कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर किया गया। इसके पश्चात संस्था प्राचार्य श्री डी एस बघेल ने स्वागत भाषण दिया। श्रीमती डांगी ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें जीवन में सपनों को पूरा करने, जिज्ञासा,जीवन के लक्ष्य आदि पर अपने विचार व्यक्त किए।

# नवरात्रि पर्व पर मातारानी की हो रही आराधना

विनय उजाला

**पारा (झाबुआ), निप्र।** चैत्र नवरात्रि में श्री महाकाली धाम बख्तपुरा पारा जिला झाबुआ मध्य प्रदेश में प्रतिदिन हो रहे महाकाली माता के अद्भुत श्रृंगार इसी के साथ प्रतिदिन नो दिवसीय हवन और अखंड धुनि माताजी के आंगन में प्रज्वलित है, जो कि दशहरे के दिन पूर्णाहुति की जाएगी। मंदिर के गादीपति सतीश अजनार ने बताया कि ये नवरात्रि महोत्सव महाकाली धाम पर 9वा महोत्सव होने जा रहा है। प्रतिदिन सुबह





एव रात्रि में सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में माता जी की आरती में शामिल होते है।

मां काली धाम पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवमी तिथि 6 अप्रैल रविवार को मातारानी का विशाल भंडारा भी किया जाएगा एवं माता महाकाली को 56 भोग भी लगाए जाएंगे। इसके पश्चात नवमी की रात को माता रानी का जगराता होगा7 पूरी रात्रि माता के गरबे चलेंगे इसके पश्चात सुबह 3 बजे माता महाकाली का खप्फर भरा जाएगा, इसके पश्चात 5 बजे तक ढोल नगाड़ों से माता का विसर्जन महाकाली धाम से पैदल यात्रा चलते हुए नगर भ्रमण करते हुए प्राचीन शीतला माता मंदिर पर गरबा ठंडा , खप्फर ठंडा किया जाएगा।

मंदिर समिति ,सचिव हेमेंद्र प्रजापत, मुख्य सेवक जितेन्द्र प्रजापत, मुख्य सेवक चेतन कहार,समिति कोषाध्यक्ष महेश अजनार, अशोक बलसोरा,राहुल कहार, शरद खटवा, भूपेंद्र सोलंकी, समेत सभी कार्यकर्ताओं ने आम जनता से अपील की हे कि सभी भक्त माता के भंडारे में भोजन प्रसादी के लिए अधिक से अधिक संख्या में पधारे धर्म लाभ लेवे।

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

# प्रकरणों का निराकरण करना शासन की प्राथमिकता : कलेक्टर डॉ. बेडेकर

### इस कार्य में खानापूर्ति न हो, बल्कि वास्तविक रूप से कार्य हो

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में समयावधि पत्रकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने पिछले माह में जिले की शिकायत निवारण में प्रगति असंतोषजनक है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निवारण में तीव्रता लाए, सभी अधिकारी अपने अपने विभाग की शिकायतों की लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने निर्देशित किया कि विभाग वार शिकायतों के क्लस्टर बना कर उनके निराकरण की मॉनिटरिंग के लिए एक एक डिप्टी कलेक्टर को कार्य सौंपा जाएगा, ताकि जिला स्तर से मॉनिटरिंग संभव हो सके। उन्होंने कहा कि एक एक प्रकरण का संज्ञान लेकर उसका निराकरण करना विभाग अध्यक्ष का दायित्व है। कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने इस दौरान गृह विभाग की 40, नगरीय विकास विभाग की 24, ऊर्जा



विभाग की 10, फूड विभाग की 5, स्वास्थ्य विभाग की 15, पंचायत विभाग की 55, कोषालय की 14 एवं जनजातीय कार्य विभाग की 18 शिकायतों सहित अन्य विभागों के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर शासन स्तर पर कार्यवाही की जाएगी। कोई भी शिकायत अनुत्तरित न छूटे, यह सभी विभाग अध्यक्ष सुनिश्चित करे। कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने कहा कि प्रकरणों का निराकरण करना शासन की प्राथमिकता है, इस कार्य में खानापूर्ति न हो बल्कि वास्तविक रूप से कार्य हो।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रखर सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में विद्युत की व्यवस्था हर फलिया तक पहुंचाना मध्य प्रदेश शासन का उद्देश्य है, इसके लिए 4 दिन के अंतर्गत प्रोजेक्ट वार जानकारी जिला मुख्यालय में प्रेषित करे। इस दौरान उन्होंने कहा कि संपर्कता सर्वेक्षण का कार्य भी 18त्न ही पूर्ण हुआ है, उसमे गति लगाकर तय समय में पूरा करे।

कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने बताया कि 15 विभागों के आपसी सामंजस्य से जल गंगा संवर्धन अभियान संपूर्ण जिले में 30 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जाएगा, सभी विभाग जल स्त्रोतों के पुनर्जीवित करने, साफ सफाई करने, जलाशयों से गाद हटाने, वृक्षारोपण करने जैसे कार्य के लिए अपनी कार्य योजना बनाकर, श्रृंखला वार कार्य संपादन प्रारंभ करे। उन्होंने कहा कि 1600 जलदूत इस कार्य के लिए पंजीकृत किए जाना है, सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं जनपद सीईओ इस कार्य को तय समय में पूर्ण करे। 30 अप्रैल 2025 तक के लिए आवास प्लस के सर्वे की समय सीमा बढ़ जाने के विषय में भी जानकारी इस दौरान दी गई, निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को जोड़ने के लिए कार्यवाही करे। कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने कहा कि हर सप्ताह जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की जाएगी एवं औचक निरीक्षण किया जाएगा, सभी विभाग सजगता से कार्य करे। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी अर्थ जैन, प्रभारी एडीएम वीरेंद्र सिंह बघेल, संयुक्त कलेक्टर प्रियांशी भंवर, अनुविभागीय अधिकारी सीजी गोस्वामी, डिप्टी कलेक्टर निधि मिश्रा सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### सतत योग यात्रा एवं समिति गठन का एक वर्ष पूर्ण होने पर

# संक्षिप्त गरिमामय कार्यक्रम का किया गया आयोजन



विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** मुख्यमंत्री जिला योग समिति झाबुआ ने सतत योग यात्रा एवं समिति गठन का एक वर्ष पूर्ण होने पर संक्षिप्त गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में गायत्री शक्तिपीठ बसंत कालोनी पर प्रथम सत्र में नियमित योग क्लास के बाद दूसरे सत्र में गायत्री माता मंदिर में योग गुरु खुजेमा अली बोहरा, देवेंद्र सोनी एवं समिति के अध्यक्ष पुरूषोतम ताम्रकार ने माल्यार्पण किया। डॉ. लोकेंद्र राठौर ने दीप प्रज्वलन कर मंगल शुरुआत की। सभी योग साधकों ने योग पिरामिड बनाया जिसमें सामूहिक रूप से वृक्षासन, सूर्य नमस्कार किया। इसके पूर्व मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी एसएस पुरोहित सभी का पुष्प वृष्टि कर स्वागत किया। देवेंद्र सोनी ने मंगल तिलक किया। बाद में अध्यक्ष उद्बोधन ताम्रकारजी ने एवं खुजेमा एवं देवेंद्र सोनी योग हेतु प्रेरित किया एवं नित्य योग के लिए निवेदन भी किया।

कार्यक्रम एवं योग क्लास में डॉ. राठौर, डॉ. दाटलाजी, पांचालजी, सोनीजी, पाटीदारजी, प्रवीणजी, बामनियाजी, संजय जैन, आदि सदस्यों की विशेष उपस्थिति रही। गायत्री परिजन नीलेश पुरोहित, अनीता चौबे, सरदार चौहान, विनोद गुप्ता, राजेंद्र वाणी, की रही। कार्यक्रम का संचालन विनोद जायसवाल ने किया।

# डकैती के चार आरोपी गिरफ्तार, माल भी जब्त

## कातरखेड़ा डकैती का पुलिस ने किया पर्दाफाश, चांदी के गहने और नकदी बरामद

विनय उजाला

**धार, निप्र।** कुक्षी के कातरखेड़ा में हुई डकैती का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार उनके कब्जें से लुटे गया चांदी के गहने पर हजारों की नकदी को जप्?त किया है।

परिवार को बंधक बनाकर की थी लूट 28 मार्च को ग्राम कातरखेड़ा में बाकसिंह पिता सिलदार खरते के यहां देर रात्रि में अज्ञात बदमाशों ने हथियार की नोक पर बंधक बनाकर घर की अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 4 किलो चांदी के गहने और 50 हजार नकदी लूटकर ले गए थे। लूट की वारदात करने के बाद बदमाश पूरे परिवार को घर के अंदर बंद कर फरार हो गए थे। बाकसिंह की रिपोर्ट पर डही थाने पर पुलिस ने अज्ञात बदमशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की थी।

घटना स्थल पर प्राप्त साक्ष्य के आधार पर 2 अप्रैल को संदेहीजुगन पिता भुवानसिंह भील निवासी ग्राम बेडवी थाना टाण्डा को नंदिया के पार ढाबा, टाण्डा से गिरफ्तार किया व घटना के संबंध में पूछताछ करते बताया कि 27 मार्च को उसने साथी भडकसिंह, कालिया, भिकिया, झिनिया, कालिया, संतोष, सुमल, रमेश, सोहन, मेहरसिंह निवासीयान बोरडाबरा व सरदार निवासी



पिपल्दा के साथ मिलकर सोहन की दुकान ग्राम बोरडाबरा में कातरखेडा में डाका डालने की योजना बनाई और भिकीया ओर रमेश ने पहले ग्राम कातरखेडा में जाकर रैकी की फिर रात में 09-10 बजे सरदार की तुफान गाडी में बैठकर बंदुक व फालियेका छल्ला सभी जेवरात वजन करीब साढे चार किलो कुल कीमती करीब 4 लाख 50 हजार रुपए व नगदी 50 हजार रुपए नकदी लूटकर फरियादी व उसके परिवार को घर में बंद करके पैदल-पैदल तुफान गाडी में बैठकर फरार हो गए ओर वापस ग्राम बोरडाबरा में आकर लूटकर लाया गया सामान चांदी के गहने और नकदी रुपये सबने देखे और अगले दिन टाण्डा में नदिया के पार ढाबा वाले पप्पु निवासी टाण्डा व राकेश भील निवासी गेटा को 01 लाख 45 हजार रुपये में चांदी के गहने बेचकर ग्राम बोरडाबरा में सोहन की दुकान पर हिस्से-बांटे की। आरोपी जुगन कि निशादैही से भड़कसिंह भील निवासी ग्राम बोरडाबरा को गिरफ्तार किया बाद आरोपी जुगन की निशादेही से आरोपी पप्पु निवासी टाण्डा को गिरफ्तार किया ओर बेचे गये गहने के संबंध में पूछताछ करते बताया कि उसने गहने राकेश भील निवासी गेटा थाना टाण्डा को ग्राहक मिलने तक रखने के लिये दिये है जो उसके पास रखे है, पप्पु भील निवासी टाण्डा की निशादैही से राकेश भील निवासी गेटा को गिरफ्तार किया गया ओर उसके कब्जे से लूटे गये चाँदी के गहने बरामद किये गये। आरोपी जुगन व भ्ड़कसिंह से उनके हिस्से में आये 50 हजार रुपये नगदी बरामद भी टीम ने बरामद की।

**इनकी रही भूमिका :** उक्त कार्यवाही में सायबर सेल धार प्रभारी प्रशांत गुंजाल, सहायक उप निरीक्षक रामसिंह, आरक्षक प्रशांत व थाना प्रभारी टाण्डा निरक्षक संजय रावत, बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान, कुक्षी थाना प्रभारी राजेश यादव, गंधवानी थाना प्रभारी अनिल जाधव, डही थाना प्रभारी, दिलीप कुमार तडेवला, जितेन्द्र नरवरिया, रामसिंह सोलंकी, नरपतसिंह औहरीया, राकेश डावर ,राकेश रावत, मुकामसिंह, लक्ष्मण जमरा, संजय, भुवानसिंह, संदीप, अनिल का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा सायबर धार की टीम को 10 हजार रूपये एवं थाना डही की टीम को 10 हजार रुपये नगद राशि पुरस्कार देने की घोषणा की है।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम...

# बेहतर भविष्य गढ़ने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया

विनय उजाला

**डही, निप्र।** स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में बुधवार को नगर के सीएम राइज विद्यालय में जनपद पंचायत सीईओ प्रभात कुमार द्विवेदी ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों से भेंटकर अपने अनुभवों को साझा करते हुए उन्हें बेहतर भविष्य गढ़ने के लिये प्रेरित किया।

विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए सीईओ द्विवेदी ने कहा कि छात्र जीवन का उपयोग ज्यादा से ज्यादा सीखने में करें। अपने लक्ष्य का समुचित निर्धारण कर सर्वश्रेष्ठ के भाव से उसे प्राप्त करने के लिए रणनीति बनाएं। इस दौरान उन्होंने कहा, आज स्कूल चलें हम अभियान के तहत इस प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में आकर आनंदित हूं, विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले यह विद्यार्थी आने वाले कल का भविष्य हैं। इस दौरान जनपद पंचायत के सहायक लेखाधिकारी गजेंद्र सिंह सोलंकी भी उपस्थित थे। प्राथमिक





विद्यालय चाकल्या में सरपंच रमेश अलावा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें अच्छी पढ़ाई करने और अपने गांव और समाज का नाम रोशन करने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा ही वह क्षेत्र है जिसके द्वारा व्यक्ति अपना और अपने समाज का सर्वांगीण विकास कर सकता है।

मप्र ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष सरूपचंद मालवीया ने प्रावि और मावि अतरसुमा में पहुंचकर विद्यार्थियों से बड़े ही रोचक ढंग से बात की और उनमें उत्साह का संचार किया। साथ ही बच्चों से प्रतिदिन नियमित रूप से स्कूल आने की अपील की। उन्होंने बच्चों को कविता और कहानियों द्वारा प्रेरणास्पद सीख दी। साथ ही बच्चों को कापी, पेन और चाकलेट दी। प्रावि काकड़पुरा पड़ियाल में प्रेरक के रूप में शिक्षिका राजू बघेल ने पहुंचकर बच्चों का मार्गदर्शन कर उन्हें उपहार भेंट किए।

इसी तरह अन्य स्कूलों में भी भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित हुआ। बीआरसी मनोज दुबे ने बताया कि भविष्य से भेंट कार्यक्रम में अधिकारी, जनप्रतिनिधि और पूर्व में उसी शाला में पढ़े छात्र जब उसी विद्यालय में पहुंचे तो उन्हें पाकर बच्चों को खासा लगाव हुआ।

### खाटू श्याम के अनोखे भक्त विश्वकर्मा

## 501 श्याम मंदिरों की पैदल यात्रा कर रहे श्याम लाडले सागर

विनय उजाला

**सिंघाना, निप्र।** ऐसे तो खाटू श्याम के दीवानों का कोई जवाब नहीं, अपने जीवन काल में कई प्रेमी बाबा की भक्ति में इतने डूब जाते हैं कि अपनी अरदास पूरी करने कोई पैदल चलकर तो कोई लोट लगाकर अपने स्थल से खाटू धाम तक की यात्रा तय करते हैं। ऐसे ही श्याम दीवाने मध्य प्रदेश के धार जिले की सरदारपुर तहसील के ग्राम भानगढ़ के सागर विश्वकर्मा जो बाबा श्याम के बड़े भक्त हैं। श्याम प्रेमियों का बाबा से ऐसा प्रेम जुड़ा हुआ है कि पैदल 501 श्याम मंदिरो के दर्शन का संकल्प के कर निकल गए हे। सागर विश्वकर्मा हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा के दिन शुभ मुहूर्त में बाबा श्याम की पूजा अर्चना आरती कर



के बाबा श्याम का निशान हाथ में लेकर 501 मंदिरों की यात्रा करने के लिए पैदल निकले हुए हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, छ: राज्यों में बाबा श्याम के 501 मंदिरों के दर्शन कर के राजस्थान के सीकर जिले में स्थित बाबा खाटू श्याम के मंदिर में निशान चढ़ाएंगे। श्याम के लाडले सागर विश्वकर्मा राजगढ़ से होते हुए अमझेरा ट्वलाई बुजुर्ग से मनावर कूड़ाखाल होते हुए सिंघाना मां हरसिद्धि के दर्शन कर के हेर्म्भ गणेश मंदिर पहुंचे।

## एंबुलेंस में भरे थे गोवंश , टायर फूटने से गाड़ी रुकी

# बत्ती हटाने के दौरान ग्रामीणों को देख भागे आरोपी

विनय उजाला

**धामनोद, निप्र।** क्षेत्र में गोवंश का अवैध परिवहन करने वाले तरह-तरह के तरीके से गोवंश के परिवहन को अंजाम देते हैं पूर्व में ऐसी कोई घटनाए क्षेत्र में हो चुकी है अब गोवंश परिवहन करने वालों ने एंबुलेंस में गोवंश भरकर परिवहन करने की कोशिश की लेकिन ग्रामीणों ने सूझबूझ से वाहन को पकड़ लिया प्राप्त जानकारी अनुसार राऊ -खलघाट फोरलेन की नई सड़क पर बुधवार सुबह 9-00 बजे टायर फटने से एक एंबुलेंस सड़क पर खड़ी हो गई। तभी



चालक पिछे से आ रही एक कार मैं बैठकर वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया । तभी ग्रामीणों ने देखा कि एंबुलेंस हिल रही है । शंका होने पर वाहन का गेट खोल कर देखा तो एम्बुलेन्स के अंदर ठूंस ठूंस कर गोवंश भरे हुए थे । तभी ग्रामीणों ने सभी गोवंश को बाहर निकाल



पुलिस को सूचना दी गई बाद मौके पर धामनोद पुलिस ने एम्बुलेंस को जप्त कर आगे की कार्रवाई की।

**यह था पूरा घटनाक्रम :** जानकारी के अनुसार एंबुलेंस वाहन क्र एमपी 09 बिए 0981 इंदौर की तरफ से आकर धामनोद की ओर जा रही थी । तभी ग्राम पलाशमाल नई सड़क के अंडरपास के नीचे एंबुलेंस का टायर फूट गया ।तभी चालक ने एम्बुलेंस को सड़क से एक तरफ खड़ी कर दी। तुरंत आनन फानन में एंबुलेंस के ऊपर लगी बत्ती को निकालने लगा ।बत्ती निकालने के दौरान अंडरपास के ऊपर कुछ ग्रामीण चालक को बत्ती खोलते हुए देख रहे थे , तभी कुछ देर बाद चालक की नजर उन ग्रामीणों पर पड़ गई और चालक हरकत में आ गया तुरंत साथ में चल रही एक कार आई और चालक उसमें बैठकर मौके से फरार हो गया । तभी ग्रामीणों को शंका गहरा गई । ग्रामीण अंडरपास के नीचे आए और एंबुलेंस के पीछे का गेट खोलकर देखा तो एम्बुलेंस में ठूंस ठूंस कर गोवंश भरे हुए थे । तभी ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी । जिसके बाद पुलिस ने मौके पहुंचकर क्रेन कि मदद से एम्बुलेंस एवं गोवंश को जब्त कर आगे की कार्यवाही में जुट गई एंबुलेंस में दो पशुओं की मौत हो गई 9 पशुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है

**कोई रोक नहीं इसलिए बना रखा है एंबुलेंस :** गोवंश का परिवहन करने वाले लोगों ने वाहन को पूरी तरह से बाहर से एंबुलेंस जैसी बना रखी थी । वही गाड़ी के ऊपर एक नीली बत्ती भी लगा रखी थी। जिससे बाहर से एंबुलेंस ही दिख रहा था , किंतु अंदर पूरा डब्बा बना हुआ था । जिसमें गौवंश ठुस ठुस कर भरा जा रहे सके । एंबुलेंस होने से पुलिस एवं कोई भी अन्य अधिकारी एंबुलेंस को रोके नहीं ओर गोवंश का परिवहन बेधड़क होता रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### जगह-जगह चल रहा गणगौर माता का उत्सव



**बलवाडा, निप्र।** गणगौर माता का उत्सव में जगह-जगह चल रहा है बलवाड़ा गांव में भी माताजी के दूसरे दिन डीजे ढोल के साथ में जुलूस परदेसी मोहल्ले से होते हुए मेन बाजार से निस्तारी तालाब के शिव मंदिर तक निकाला गया माता जी के रथों का जगह-जगह स्वागत किया गया, जिसमें माता बहनों बच्चों सहित भक्तगणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### बस्तें, पुस्तकें पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे पालकों ने शिक्षकों की पहल को सराहा



**कसरावद, निप्र।** स्कूल चले हम कार्यक्रम के तहत आज प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 03 में प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें बी आर सी राजाराम कादुडे और समाजसेवी जितेन्द्र पाटीदार जिराती के मुख्य आतिथ्य में नव प्रवेशी बच्चो को तिलक लगाकर शिक्षको द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण,व शिक्षको ने स्वयं के व्यय से बच्चो को स्कूल बैग का वितरण किया गया। पाटीदार ने कहा कि शिक्षको द्वारा इस प्रकार के प्रयास किये जाते है तो निश्चित ही सरकारी स्कूलों में बच्चो की दर्ज संख्या बढ़ेगी। यह नवाचार मिल का पत्थर साबित होगा। विद्यालय की शिक्षिका सुनीता वर्मा, विजय वर्मा, का कहना है कि बच्चो को घर घर जाकर सम्पर्क किया और गणगौर के झालरियो में जाकर प्रवेश की महत्ता बताई तो जागरूक पालक आये और बच्चो को शुभ मुहर्त में शाला में प्रवेश दिलाया। इस अवसर पर दुर्गा चौहान, शाकिर पठान उपस्थित रहे।

### भविष्य की भेंट कार्यक्रम में खनिज अधिकारी सावनसिंह चौहान बच्चों से मिले

**खरगोन, निप्र।** शासन द्वारा चलाए जा रहे भविष्य की भेट अभियान के तहत जिला खनिज अधिकारी सावनसिंह चौहान ग्राम पिपराटा की एकीकृत माध्यमिक स्कूल में से बच्चों से मिले। उन्होंने माँ सरस्वती की पूजा कर माल्यार्पण कर स्कूल में आए बच्चो का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। खनिज अधिकारी सावनसिंह चौहान ने बच्चो को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि आज हम सब यहाँ एक नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह दिन न केवल नए अवसरों का प्रतीक है बल्कि यह आपके जीवन की एक महत्वपूर्ण यात्रा का आरंभ भी है। यह विद्यालय केवल पुस्तकों और परीक्षा के लिए नहीं है, बल्कि यह वह स्थान है जहाँ आप अपने सपनों को आकार देते देकर नए कौशल सीखते हैं और अपने व्यक्तित्व को निखारते हैं। यह वह समय है जब आप न केवल अपने विषयों को समझेंगे बल्कि अनुशासन, आत्मनिर्भरता और मेहनत का महत्व भी जानेंगे। हर दिन कुछ नया सीखें, अपने शिक्षकों का सम्मान करें और अपने दोस्तों के साथ मिलकर एक सकारात्मक वातावरण बनाएँ। असफलता से डरे नहीं, क्योंकि वही आपको मजबूत और बेहतर बनाएगी और सबसे महत्वपूर्ण बात यह की मोबाईल से दूर रहे। पश्चात खनिज अधिकारी सावन सिंह चौहान ने सभी बच्चों को एक-एक सेट नोटबुक, पेन, पेंसिल, रबर, शापनर, ड्राइंग शीट तथा स्केच कलर देकर सभी बच्चो में ड्राइंग कॉम्पीटिशन भी करवाया। पश्चात बच्चों द्वारा बनाई गई सभी ड्राइंगो को एकत्र वे अपने साथ ले गए। इनमें विजेता बच्चों को पुरस्कार भी दिया जायेगा।

## उत्कृष्ट विद्यालय में स्कूल चलें हम अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# विधायक, कलेक्टर व एसपी ने बच्चों से किया संवाद







विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत बच्चों के शाला प्रवेश का जिला स्तरीय कार्यक्रम देवी अहिल्या बाई शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खरगोन में आयोजित किया गया। विधायक बालकृष्ण पाटीदार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर भव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने बच्चों से संवाद कर उन्हें अच्छी पढ़ाई कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों भी दी गई।


कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कानुड़े, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग प्रशांत आर्या सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक खेमराज सेन, विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र पाटीदार, शाला में प्रवेश लेने वाले बच्चे और उनके अभिभावक एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी। विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावक एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा की सुविधाओं के विस्तार में लगातार काम कर रही है। प्रदेश सरकार ने सीएम राईज स्कूलों का नाम बदलकर संदीपनी स्कूल करने का निर्णय लिया है। खरगोन में विश्वविद्यालय और लॉ कॉलेज जैसी सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं। छात्र-छात्राओं को आगे आकर इन सुविधाओं का लाभ लेकर अपना भविष्य संवारना चाहिए। विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कहा कि जब हम विद्यार्थी थे तब शिक्षा की इतनी सुविधाएं नहीं थी, लेकिन परिवर्तन के इस दौर में नई-नई सुविधाएं आ रही है। छात्र-छात्राएं शिक्षा अध्ययन कर अपनी योग्यता बढ़ाएं। योग्यता बढ़ने से धन उनके पीछे दौड़ा आयेगा और उन्हें धन के पीछे दौड़ने की आवश्यकता नहीं रहेगी। सभी छात्र-छात्राएं अथक परिश्रम कर मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें।

कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि माता-पिता बड़े अरमानों के साथ अपने बच्चों को स्कूल पढ़ने भेजते हैं, बच्चों की जिम्मेदारी है कि वे अपने माता-पिता के अरमानों को पूरा करने का प्रयास करें। शाला में प्रवेश करने के प्रथम दिन बच्चों में उत्साह बना रहता है। इस उत्साह को पूरी पढ़ाई के दौरान बनाएं रखे और इसमें कमी न आने दें। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के लिए एक गाईड की तरह मदद करने होते हैं। लेकिन बच्चों को शिक्षकों के ही भरोसे नहीं रहना चाहिए। अपने नजरिये से भी शिक्षा को देखें और स्वयं पढ़ाई पर ध्यान दें। कलेक्टर भव्या मित्तल ने बच्चों से कहा कि पढ़ाई के दौरान सहपाठी या कोई अन्य व्यक्ति उनके बारे में क्या कह रहे हैं या क्या सोंच रहे हैं? इसके बारे में ध्यान न दें, बल्कि अपने पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करें। यदि कोई व्यक्ति आपके बारे में गलत बोलता है तो भी उससे विचलित न हो। अपने आप को समझे और अपना ज्ञान बढ़ायें। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि इन्टरनेट के इस युग में सोशल मीडिया से दूरी बनाएं रखे और अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए पढ़ाई पर ध्यान दें। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने छात्र-छात्राओं से कहा कि उन्हें जो पुस्तके प्राप्त हो रही है, शिक्षकों के पढ़ाने से पहले एक बार उनका पूरा अध्ययन अवश्य कर लें। प्रतिभा हर बच्चे में होती है, उसे सही दिशा देने का काम शिक्षक का होता है। कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी ने भी बच्चों को शाला प्रवेश की बधाई देते हुए कहा कि अच्छी पढ़ाई कर डॉक्टर, इंजीनियर, उद्यमी बनें और देश की सेवा में योगदान दें।

कार्यक्रम में बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों को वितरण किया गया। इस दौरान राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले जिले के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और खेल सामग्री की किट प्रदान की गई।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समयसीमा बैठक





विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** कलेक्टर सुश्री -ुंचा सनोबर की अध्यक्षता में बुधवार को शाम ल बजे कलेक्टर कार्यालय बड़वानी के सभा-ृह में समय सीमा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान कलेक्टर ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रम एवं सेवाओं की समीक्षा कर समय सीमा एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभा- के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला, अपर कलेक्टर श्री केके मालवीय, संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश सहित विभिन्न विभा-ों के जिला अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर द्वारा दिये -ये निर्देश

» सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतों के निराकरण के संबंध में समस्त विभा- अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूरी जिम्मेदारी से -ंभीरतापूर्वक ध्यान देकर शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद करवाये। अन्यथा पुरानी शिकायतों को बंद न करवाने वाले अधिकारियों के वेतन कटौती की कार्यवाही की जाये-ी।

» जल संरक्षण एवं जल संवर्धन का उद्देश्य लेकर ग0 मार्च से ग0 जून तक जल -ं-ा संवर्धन अभियान सम्पूर्ण राज्य सहित जिले में संचालित किया जा रहा है। जल -ं-ा संवर्धन अभियान से संबंधित विभा- सप्ताहवार कार्ययोजना बनाये। प्रति सप्ताह होने वाली समय सीमा बैठक में इसकी प्र-ति की समीक्षा की जाये-ी।

» जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आवेदक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर आते है। इसे औपचारिकता न बनाते हुए विभा-ीय अधिकारी आवेदनों का शीघ्र निराकरण करे।

» जिले में बढ़ रही -र्मी के मद्देनजर धीरे-धीरे लू का प्रकोप भी बढ़े-ा। अतः लू से बचाव हेतु समय-समय पर एडवाईजरी जारी की जाये। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि वे लू से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार हेतु जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण रखे।

» क्षेत्र की आशा एवं आं-नवाड़ी कार्यकर्ता, सीएचओ, एएनएम के माध्यम से ्रामीण क्षेत्रों में लू के प्राथमिक उपचार के संबंध में जानकारी दी जाये।

» जिले में पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पीएचई विभा- के अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में पेयजल की उपलब्धता कोई कमी नही होनी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि जिले में दूषित पानी पीने से कोई बीमार न हो।

नूतन नगर खरगोन की अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक शाला में

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया

### बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें दी गई



विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत नूतन नगर खरगोन की अंग्रेजी माध्यम की शासकीय प्राथमिक शाला में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल द्वारा भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विभागों के अधिकारियों को एक-एक शाला आबंटित कर बच्चों को समक्ष में पाठ्य पुस्तकों का वितरण कराने एवं अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करने के निर्देश दिये गये थे। नगरीय क्षेत्र खरगोन नूतन नगर की अंग्रेजी माध्यम की प्राथमिक शाला बच्चों के साथ चर्चा के लिए जनसम्पर्क अधिकारी अनिल कुमार पटले को दी गई थी।

नूतन नगर खरगोन की अंग्रेजी माध्यम की शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा 01 से 05 तक कुल 87 बच्चे दर्ज है। शाला की प्रधान पाठक एवं शिक्षिकाओं द्वारा बताया गया कि उनके स्कूल में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ ही विविध गतिविधियां भी कराई जाती है। इस स्कूल में शिक्षा का स्तर बहुत अच्छा है। जिसके कारण दूर स्थान से भी पालकों ने इस स्कूल में अपने बच्चों का एडमिशन कराया गया है।

# प्रतिभावान विद्यार्थियों को बड़ा लक्ष्य साधने की दी सीख

विनय उजाला

### प्रवेश उत्सव में पहुंचे जन प्रतिनिधि और समाजसेवी



**मंडलेश्वर, निप्र।** जितेन्द्र वासुरे। प्रदेश भर के शासकीय स्कूलों में नए शिक्षा सत्र में विद्यार्थियों को प्रवेश देने के लिए प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर में विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा पूर्व जनपद सदस्य राजेन्द्र तारे समाजसेवी चैतन्य पटवारी विक्की पाटीदार महेन्द्र वर्मा बतौर अतिथि शामिल हुए। महात्मा गांधी स्कूल मे आयोजित प्रवेश उत्सव को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि मनोज शर्मा ने कहा कि शासन सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए स्कूटी लैपटॉप स्कॉलरशिप जैसी योजनाएं चला रही हैं विद्यार्थियों को इसका लाभ लेने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहिए। इस अवसर पर शर्मा ने हाय स्कूल परीक्षा में महेश्वर विकास खंड से पहला स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थी बलराम पंवार को विधायक राजकुमार मेव की ओर से 51 सौ रूपये स्वेच्छानुदान देने की घोषणा की। समाज सेवी चैतन्य पटवारी ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे बड़ा लक्ष्य लेकर चले अभी ब्लाक स्तर पर जो बालक प्रथम आया है उसे राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने का लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करना चाहिए। अपने स्कूल के जर्जर भवन की मरम्मत करवाने एवं अन्यत्र नया हायर सेकंडरी स्कूल भवन बनाने की मांग भी की। विधायक प्रतिनिधि मनोज शर्मा ने चैतन्य पटवारी की मांग पर बताया कि विगत दिनों मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के महेश्वर प्रवास पर विधायक राजकुमार मेव द्वारा इस संबंध में अपनी ओर से मांग रखी गई है जिस पर जल्द कारवाही होने वाली है। कार्यक्रम का संचालन अजीत सिंह चौहान ने किया प्राचार्य जे के सोनी ने आभार माना। इस अवसर पर एन सी सी अधिकारी राकेश बारिया, खेल शिक्षक मुस्ताक पठान, जुगल किशोर पाटीदार, दुर्गेश राजदीप, मनोहर भालेकर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक पालक और नव प्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित थे। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी बालिकाओं को तिलक लगाकर विद्यालय में स्वागत किया गया।

## कलेक्टर भव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने आवासीय बालक विद्यालय का निरीक्षण किया

विनय उजाला



खरगोन, निप्र। कलेक्टर भव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालक विद्यालय का निरीक्षण किया एवं विद्यालय में ब्रिज कोर्स के लिए प्रवेशित छात्रों से चर्चा की। इस दौरान उन्हें निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया। कलेक्टर भव्या मित्तल ने छात्रों से कहा कि वे निश्चिंत होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें, पढ़ाई बीच में ना छोड़े। पढ़ाई के दौरान उन्हें शिक्षा की हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के छात्रावास में गीजर, आरओ वॉटर एवं टीवी की सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने छात्रों के लिए वॉलीवाल, क्रिकेट, बास्केट बॉल एवं अन्य खेल सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिये तथा एक्पोजर विजिट के अंतर्गत छात्रों को थाना, न्यायालय, निधिवन, महेश्वर किला आदि का भ्रमण कराने कहा।

## कुकडोल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

विनय उजाला



**खरगोन, निप्र।** एकीकृत हायर सेकेण्डरी स्कूल कुकडोल में 02 अप्रैल को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया। सरपंच परसराम वास्कले, ग्राम के वरिष्ठ सौदानसिंह चौहान, प्राचार्य ललिता धुले, शिक्षक रामकृष्ण महाजन सहित शिक्षक शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्राचार्य ललिता धूले एवं शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाई इसके पश्चात अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को पुस्तके वितरित की गई। पुस्तके पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर रौनक छा गई। इस दौरान मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों को विशेष भोज कराया गया। शिक्षकों की टीम ने ग्राम की गलियों में घूमकर कर विद्यार्थियों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। शिक्षको की टीम ने सरपंच परसराम वास्कले के साथ ग्राम की बेडीपुरा की गलियों में जाकर पालकों से संपर्क किया। नवीन प्रवेशी विद्यार्थियों को शाला में प्रवेश दिलाने की समझाइए दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को नियमित स्कूल भेजने के लिए पालको से संपर्क किया गया।

## खाद्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूने लिए गए

विनय उजाला





**खरगोन, निप्र।** खाद्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों आर .आर . सोंलकी और एन.एस. सोंलकी, द्वारा खरगोन शहर के खाद्य प्रतिष्ठानों जवाहर मार्ग के अपना चायनीज से पाव , राधा वल्लभ मार्केट आईसीआईसीआई बैंक के सामने महाराज चायनीज से विनेगर, सोयासॉस, राधा वल्लभ मार्केट के डोसा कार्नर से रवा, पास्ता और रमेश मद्रासी डोसा ज्यूस पाईंट के सामने से ईडली का नमूने लेकर जॉच के लिए राज्य खाद्य पररक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये है। जॉच में खाद्य सामग्री के नमूने अमानक पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरूद्व खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। ज्ञातव्य रहे कि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत खरगोन शहर में बेचें जाने वाले जंक फूड, स्ट्रीट फूड और फास्ट फूड की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा आयुक्त संदीप यादव के निर्देशों पर - निरीक्षण, जाँच, प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर भव्या मित्तल और अभिहित अधिकारी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन खरगोन द्वारा फास्ट फुड्स एवं स्ट्रीट फुड्स संस्थानों का औचक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थानों में उचित साफ-सफाई के साथ व्यवसाय करना, खाद्य पदार्थ निर्माणकर्ता कर्मचारियो की व्यक्तिगत साफ-सफाई, स्वच्छ-पात्रों का उपयोग, स्वयं एप्रान, ग्लब्ज एवं कैप पहनने का प्रशिक्षण दिया गया।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी रेवाराम सोंलकी ने बताया कि फास्ट फुड्स को तैयार करने में उपयोग किये जा रहे रॉ-मटेरियल की गुणवत्ता का प्राथमिक परीक्षण किया गया। फास्ट फुड्स में मोनो सोडियम ग्लूटामेट, खाद्य रंग, आर्टिफिशियल स्वीटनर की मात्रा सीमित रूप से उपयोग करने की समझाईश दी गई। खाद्य पदार्थ का उचित रख रखाव करने की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित खाद्य प्रतिष्ठान के खाद्य कारोबारियों ने खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय हाई सेकंडरी स्कूल तलोद में प्रवेश उत्सव मनाया



**सोनकच्छ, निप्र।** शासकीय हाई सेकेंडरी तालोद में सरस्वती पूजन के साथ छात्रों को तिलक लगाकर पुष्पमाला एवं पुस्तक वितरित कीगई जिसमें मुख्य रूप से गांव के सरपंच देवेंद्र चौहान, जगदीश पोरवाल, राकेश सिंह गोयल, आदि ग्रामीणजन उपस्थित हुए एवं विद्यालय प्राचार्य शोभा शर्मा, धीरज सिंह यशोना,विष्णु कुशवाहा, शारदा वर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे तथा प्रवेश उत्सव में नव प्रवेसी कुमारी वंदना कुमारी करिश्मा, कुमारी संध्या ,आसिफ आदि विद्यार्थी उपस्थित थे।

### शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया



**सोनकच्छ, निप्र।** नगर के पांचू बाई बिरमाजी जाट शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एसडीएम प्रीयंका मिमरोट, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रुति कृष्ण पाल सिंह बघेल,बीईओ सीएल पेंडारी, आकाश जैन, उपस्थिति थे। सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा छात्राओं को तिलक लगाया गया और पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया और शाला में प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सहित शिक्षक विजय चौधरी, श्याम पाठक आदि उपस्थित थे।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम एसडीओपी मांडवे माध्यमिक विद्यालय ओड़ में मनाया



**सोनकच्छ, निप्र।** स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम एकीकृत शाला शासकीय माध्यमिक विद्यालय ओड़ में एसडीओपी दीपा मांडवे की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें एसडीओपी ने बच्चों से चर्चा के दौरान सरकारी विद्यालय के फायदे व शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। एसडीओपी द्वारा नियमित होनहार व सेवाभावी विद्यार्थी सुलोचना तिलावदिया, मुस्कान सिसोदिया, अरुणा चौधरी, अर्पिता चौधरी, प्रिंस झाला, हिमांशु सेंधालकर आदि का पुष्पमाला से स्वागत कर सम्मानित किया गया । बच्चों के साथ एसडीओपी ने फोटो खिंचवाया और बच्चों को चॉकलेट वितरित की गई।साथ ही नियमित होनहार सेवाभावी विद्यार्थियों को अधिकारी ने अपने हाथों से पुस्तक वितरित की। इस अवसर पर जन शिक्षक योगेंद्र रायकवार, संस्था प्रधानाध्यापक मोहम्मद रफी, वरिष्ठ शिक्षक गोकुलचंद्र करवाडिया, शिक्षिका हर्षा क्षीरसागर, ऊर्जावान शिक्षक सादिक खान आदि उपस्थित थे।

# टेकरी पर 51 सौ कपड़े की थैलियां भक्तों को दीं



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा चेत्र नवरात्रि में टेकरी पर मां के दर्शनार्थ आने वाले दर्शनार्थियों को सीढ़ी मार्ग स्थित उदासीन अखाड़ा सेवा पंडाल पर ब्रह्मकुमारी प्रेमलता दीदी, पूर्णानंदजी महाराज के सानिध्य में समाजसेवी नारायण व्यास, कमल बरडिया के आतिथ्य में व समाजसेवी रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में टेकरी को प्रदूषण मुक्त करने भक्तों को प्रसादी के लिए 5001 कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया। इस दौरान अपने विचार प्रकट करते हुए ब्रह्माकुमारी प्रेमल्ता दीदी ने कहा कि मां चामुंडा टेकरी को पॉलिथीन मुक्त कर प्रदूषण को शुद्ध बनाए रखने में कपड़े की थैलियां कारगर साबित होगी। प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि शुद्ध हवा में सांस लेना आज के समय मे मुश्किल हो रहा है। जबकि मानव जीवन के लिए शुद्ध हवा अति आवश्यक है। लेकिन शुद्ध हवा में हम सांस तभी ले पाएंगे जब अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए और वातावरण को शुद्ध करें। पंडित देवी शंकर तिवारी के आचार्यत्व में प्रतिदिन उदासीन अखाड़ा पर यज्ञ हवन व कन्या भोज के बाद हजारों भक्तों को ठंडी छाछ का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी, समाजसेवी राजेश गोस्वामी, अरस्तुल मधुर, नरेंद्र मिश्रा, शिवनारायण पाठक, उम्मेदसिंह राठौड़, कैलाश परमार, दिनेश सांवलिया, रमेश विश्वकर्मा, अभिषेक अवस्थी, दुर्गा व्यास, मंजू जलोदिया, कला तंवर, सुधा सोलंकी, कांताबाई विश्वकर्मा, कला अग्रवाल सहित समिति पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अधिकारी कार्यालय के बाबुओं के भरोसे नहीं बैठें, स्वयं काम की मॉनिटरिंग करें

**समाधान ऑनलाइन प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश**

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए। कलेक्टर सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभाग की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही मिलें। उन्होंने कहा कि इसके लिए जब तक हितग्राही को योजना का लाभ नहीं मिल जाएं तब तक उसका फॉलोअप लेते रहें।



कलेक्टर सिंह ने समाधान ऑनलाइन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभाग वार समीक्षा की तथा उसकी जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि प्रकरण लंबित क्यों है, जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। सभी अधिकारी प्राथमिकता से इन प्रकरणों का निराकरण करें। समाधान ऑनलाइन में छह माह से अधिक लंबित प्रकरण का निराकरण नहीं होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने एलडीएम की कार्यशैली पर नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि सुस्त तरीके से कार्य नहीं करें। कार्य में गति लाएं तथा प्रकरण का शीघ्र निराकरण करें, नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने लंबित प्रकरणों का निराकरण न होने पर नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अधिकारीगण कार्यालय के बाबुओं के भरोसे नहीं बैठे, स्वयं काम की मॉनिटरिंग करें और प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान समाधान ऑनलाइन प्रकरणों का? निराकरण नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्राथमिकता से प्रकरणों का निराकरण करें।

कलेक्टर सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि तालाब, नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों में वाटर लेवल बढाने के लिए ठीक तरीके से कार्य करें तथा उसका वाटर लेवल कैसे बढ़े,उसकी रूपरेखा समझाई। उन्होंने बताया कि जस स्त्रोतों में जो गंदगी आ रही है, उसे रोका जाएं। तालाबों एवं नदियों की साफ-सफाई करवाई जाएं, जहां से पानी आ रही है, उसे व्यवस्थित करें, जिससे नदियों, तालाबों में पानी आ सके। उन्होंने सभी विभागों के दायित्वों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को सफल बनाने और मूर्त रूप देने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारीगण जवाबदारी के साथ काम करें। जिससे अभियान सफल हो सके। उन्होंने कहा कि अभियान की प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने वाटर रिसोर्स विभाग को निर्देश दिए कि नहरों की साफ-सफाई करवाए। उन्होंने कहा कि रेवेन्यू विभाग जिले की नहरों की जानकारी तैयार करें। उन्होंने कहा कि जहां-जहां वाटर रिसोर्स की नहरें हैं, उन्हें चिंहित कर शासकीय नहर घोषित करें। उन्होंने वाटर रिसोर्स विभाग को निर्देश दिए कि तालाबों से अतिक्रमण हटाएं, वहां पर सघन वृक्षारोपण करें।

## जहर खाने से पहले इटावा नगर के युवक ने वीडियो बनाया

**सुसाइड नोट लिखा, कहा, पत्नी को तलाक में 50 लाख रुपए चाहिए, इतना पैसा कहां से लाऊं**

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** इटावा नगर निवासी देवराज पिता रतनलाल ने रात को जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। गंभीर हालत में परिजन जिला अस्पताल लेकर आए, जहां युवक का इलाज चल रहा हैं। जहर खाने से पहले 28 साल के देवराज ने एक वीडियो बनाकर अपनी परेशानी बयान की। वीडियो में बताया कि तलाक के लिए पत्नी 50 लाख रुपए मांग रही, इतना पैसा कहां से लाऊं। साथ ही पांच पेज का सुसाइड नोट में भी तलाक के विवाद में मानसिक रूप से टूटने की पूरी बात विस्तार से लिखी। बेटे की सलामती की दुआ कर रहे पिता ने भी कहा कोर्ट में तलाक का केस चल रहा हैं। बहू पचास लाख रुपए की मांग की हैं। युवक ने जो सुसाइड नोट लिखा उसमें थाने में झूठी शिकायतों का भी जिक्र किया। पीएम और सीएम से गुहार लगाई की तलाक का कानून बदला जाए, वर्ना मेरे जैसे कई लोग घुट- घुटकर मर जाएंगे। ये भी लिखा की जेल जाने के बाद



लोग अच्छी नजर से नहीं देखते। मैं जेल गया तब से दोस्त और रिश्तेदार अच्छी नजर से नहीं देखते।

**वीडियो जारी कर कहा.. लडके हर दिन मर रहे :** देवराज परमार ने वीडियो जारी कर गहरी निराशा जाहिर की। बोले कोर्ट केस लडते- लडते थक चुका हूं। पिछले छह साल से कोर्ट केस के कारण परेशान हूं। मेरी पत्नी 50 लाख रुपए मुझसे मांग रही है, इतना पैसा कहा से लाऊंज? मेरे पास कोई प्रॉपर्टी नहीं, एक घर है वह भी पट्टे का है। एक नौकरी थी, जो झूठे केसों के कारण चली गई। मेरे मरने के बाद सिर्फ मेरी पत्नी उसके पिताजी, भाई व फूफाजी अर्जुन चौहान इस मौत के जिम्मेदार रहेंगे।

## बेटमा नगर में गणगौर उत्सव मनाया गया

विनय उजाला

**बेटमा, निप्र।** बेटमा नगर में गणगौर महोत्सव बड़ी ही धूम धाम से मनाया जा रहा है वही इस कार्यक्रम को लेकर विवाहित महिलाओं से लेकर कन्याओं में भी उत्साह नजर आ रहा है। बेटमा के नर्मदा नगर में महिलाएंओ ने सामूहिक रूप से पूजन कर मंगल गीतों के साथ पर्व की खुशियां मना



रही हैं। पति के लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ विवाहित महिलाएं इस व्रत को करती है वहीं कन्याएं अच्छे वर की प्राप्ति के लिए इस व्रत को करती हैं। इसमें कुंवारी कन्या से लेकर विवाहित स्त्री भगवान शिव व माता पार्वती का पूजन करती हैं। ऐसी मान्यता है कि शादी के बाद पहला गणगौर पूजन मायके में किया जाता है। इस पूजन का महत्व अविवाहित कन्या के लिए अच्छे वर की कामना को लेकर रहता है जबकि विवाहित स्त्री अपने पति की दीर्घायु के लिए पूजन करती हैं।

# डॉक्टर अनार सिंह ठाकुर इंडियन एजुकेशन अवार्ड द्वारा सम्मानित

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** संस्था एजुकेशन कनेक्ट प्लस दिल्ली व हाइपेज मीडिया ग्रुप द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोंकखुर्द में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक डॉ.अनार सिंह ठाकुर को प्रतिष्ठित इंडियन एजुकेशन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।




कोविड-19 के दौरान किए गए ऑनलाइन शिक्षा नवाचार हेतु, सम्पूर्ण भारत से चुने गए शीर्ष 100 उत्कृष्ट इंस्पिरेशनल एजुकेशन आइकॉन में डॉ ठाकुर को स्थान मिला है। प्रेरणादायक शिक्षा, असाधारण शिक्षण कौशल, निरंतर समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए इंडियन एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ ठाकुर द्वारा वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान जब विद्यार्थी घरों में ही कैद थे तब विशिष्ट नवाचार किए। जिसमें शिक्षा में तकनीकों का प्रयोग, उत्पादन प्रक्रिया में बदलाव का ज्ञान व कौशल, वर्चुअल तकनीकों जैसे व्हाट्सएप , यूट्यूब चैनल, ऑनलाइन वेबैक्स मीटिंग, जूम मीटिंग,गूगल मीट आदि माध्यमों से हजारों शिक्षार्थियों को नि:शुल्क ऑनलाइन शिक्षण प्रदान किया।

डॉ अनार सिंह ठाकुर ने अन्य रचनात्मक नवाचार भी किए जिसमें केवल शिक्षण ही नही अपितु प्रतिदिन निरीक्षण/ मूल्यांकन द्वारा उन छात्रों की प्रगति पर नजर रखकर सुधार हेतु प्रेरित भी किया गया। इन नवाचारों में उनका मोबाइल , कंप्यूटर तथा इंटरनेट ही एकमात्र सहारा था जिसमें यह सृजनात्मक कार्य किया गया।

कोविड की आपदा के दौरान जब लोग हताश हो रहे थे डॉ ठाकुर ने लगातार अपने वीडियो के माध्यम से सबको सकारात्मकता अपनाने के लिए मोटिवेट भी किया। इस शिक्षण प्रणाली में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त आर्थिक बजट भी नही लगाना पड़ा। डॉ ठाकुर ने अपने खाली समय को श्रम में लगाकर ये कारगर प्रयोग किए इसका प्रतिफल ये रहा कि बच्चें घर पर रहकर भी शिक्षण से सतत जुड़े रहे। डॉ. ठाकुर को यह राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होने पर कमलसिंह टांक, गीतकार सुरेन्द्र सैंधव, विमल कुमार जैन,कैलाश सिंह झाला, विकास खंड शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ डामेचा, रणधीर सिंह खींची, बीआरसी अर्चना तिवारी, समीर अली, सरिता घोरसे, अखिलेश पटेल, पदमा गोयल, मुकेश पटेल, मीना निगम, युवराज झाला, ईश्वर सिंह राजपूत आदि ने उनका पुष्पहारों से स्वागत किया व हर्ष व्यक्त किया।

# विश्व पर्यटन नगरी मांडू में निकला गणगौर माता का चल समारोह



विनय उजाला

**माण्डव, निप्र।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गणगौर माता के पर्व लेकर महिला और बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला सुबह 5रू00 बजे से ही महिला और बच्चे सनातन धर्म की हिंदू वेशभूषा में देखने को मिले बच्चों और महिलाओं ने बड़ी संख्या में मांडू के समीप श्री राम मंदिर पहुंचकर जवारे और बाड़ीमाता की पूजा की मातृशक्तियो द्वारा ज्वारो की पूजा अर्चना की एवं अपने घर आंगन को शुद्धता कर माता जी को आमंत्रित कर अपने घर ढोल बैंड बाजो केसाथ गणगौर गीतों को गा कर श्रद्धा पूर्वक आमत्रीत कर परिवार के साथ पूजा अर्चना कर घर में बने पकवानों का भोग लगाया एवं सुहागन जोड़ों को भोजन प्रसादी कराया एवं परिवार के लिए सुख शांति और समृद्धि की कामना की गई ।ईश्वर राजा एवं रेणु बाई का प्रतीक स्वरूप रथ सिंगार किया जाता है। एवं श्रधा अनुसार अपने परिवार मे आमत्रीत कर रथ रोकने की परम्परा निभाई जाती है इसी कृम में आज गणगोर माता तो श्री भुपेन्द्र सिसोदिया के द्वार रथ रोके गए है पुजा अर्चना पशचात शाम को महिला समूहो द्वारा माताजी को रथ में बिठाकर ग्राम में भ्रमण करते हुए गंणगौर घाट पर ले जाकर झालरिया देकर पानी पिलाया गया एवं पुनः अपने.अपने निवास स्थान ले गए रात्रि को महिलाओं का समूह घर.घर जाकर माता जी के गीत गाकर तमोल की प्रसादी बाटी गई ।एवं हाथों में मेहंदी लगाई गई यह क्रम अर्धरात्रि तक चलता रहा। साथी मात्र शक्तियों को लेकर महिला और बच्चों ने गरबा किया काफी संख्या नगर वासी ने नगर भ्रमण कर चल समारोह निकाला।

# जनसेवा ई केवाईसी शिविर का शुभारंभ

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** शासन द्वारा समय समय पर विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं को लागू किया जाता है। योजनाओं में हितग्राहियों को लाभ लेने हेतु ई केवाईसी होना अनिवार्य होता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के निर्देश पर शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ के द्वारा एनयूएलएम शाखा के माध्यम से 1 अप्रेल से 26 अप्रेल तक शहर के विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में वार्ड वार विशेष शिविरों को आयोजित कर नागरिकों को ई केवाईसी की सुविधाएं प्रदान की जाना प्रारंभ की गई हैं। इस हेतु 1 अप्रेल मंगलवार से वार्ड क्र. 1 में बिलावली मंदिर परिसर से विशेष शिविर की शुरूआत की गई, जिसका शुभारंभ शहरी गरीबी उपशमन



प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शीतल गेहलोत के द्वारा वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजेश गोड़ के साथ किया गया। 1 अप्रेल को ही वार्ड क्र. 02,03,04 एवं 5 के रहवासियों हेतु आवास नगर एवं कालूखेड़ी में भी शिविर लगाये गये। उक्त सभी क्षेत्रों में 2 अप्रेल को भी शिविर चालू रहेंगे। श्री गेहलोत ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि जिनके ई केवाईसी नहीं हुए हैं आयोजित शिविरों में पंहुचकर ई केवाईसी करने की सुविधा का लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर निगम सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, समग्र शाखा प्रभारी विकास शर्मा, एनयूएलएम शाखा से विशाल जगताप आदि उपस्थित रहे।

## देवास में इंडियन काफी हाउस, डोमिनोज पिज्जा परोस रहे थे मासाहार, निगम ने नियम तोड़ने पर की कार्रवाई



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** नगर सीमा क्षेत्र में चिकन, मटन, मांस, अंडा एवं मछली के विक्रय एवं परोसने पर नवरात्रि पर्व पर प्रतिबंध लगाया गया हैं। प्रतिबंध के बावजूद कुछ प्रतिष्ठानों द्वारा आदेश का उल्लंघन करते हुए मांसाहारी खाद्य पदार्थों की बिक्री एवं परोसने की शिकायतें प्राप्त नगर निगम के पास पहुंची थी। इन शिकायतों की पुष्टि किए जाने के बाद स्वास्थ्य एवं खाद्य निरीक्षक हरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा डोमिनोज पिज्जा, मदनी चिकन, जोया चिकन, मोहसिन चिकन सेन्टर मजहर (इटावा), इंडियन कॉफी हाउस का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया गया। इन प्रतिष्ठानों पर मांसाहारी युक्त खाद्य पदार्थ विक्रय किया जाना पाया गया। इनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले इन प्रतिष्ठानों पर 5000 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। भविष्य में किसी भी प्रतिष्ठान द्वारा ऐसे आदेशों का उल्लंघन किए जाने पर दुकान को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

# फिजूलखर्च रोकने हेतु बलाई समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल को

**विवाह हेतु 12 अप्रैल तक होगा पंजीयन**

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** अक्षय तृतीया पर बलाई समाज समिति का सामुहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल को सुबह 7 बजे सोनकच्छ में होने जा रहा है। अभी तक 3 जोडे का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। बलाई समाज समिति व सामुहिक विवाह समिति के समस्त पदाधिकारियों ने सामाजिक बंधुओं से आग्रह किया है कि जो भी समाज बंधु अपने विवाह योग्य युवक-युवती का पंजीयन करवाना चाहते है वह समिति पदाधिकारियों के पास आगामी 12 अप्रैल तक विवाह हेतु पंजीयन करवा सकते है। उसी दिन विवाह समिति द्वारा समाज की धर्मशाला पर सुबह 10 बजे लग्न दिए जाऐगें। विवाह समिति का मुख्य उद्देश्य है समाज के लोगों में सामुहिक विवाह के प्रति बढावा देना ताकि बढती महंगाई के इस दौर में शादी में होने वाले लाखों रूपए के खर्च को बचाया जा सकता है और भारी भरकम



कर्ज के बोझ तले दबने से बचाया जा सकता है। होने वाले इस सम्मेलन में बहुत ही कम राशि खर्च कर अपने बच्चों का विवाह कर खुशहाल भरी जिदंगी जी सकते है।

उक्त जानकारी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी प्रहलाद सिंह बिजोनीया द्वारा दी गई ।

# न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान टीम को 84 रनों से हराकर जीती सीरीज



हैमिल्टन, (हि.स.)

**न्यूजीलैंड ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए 84 रनों की जीत दर्ज की और तीन मैचों की सीरीज अपने नाम कर ली। अब कीवी टीम शनिवार को माउंट माउंगानुई में होने वाले तीसरे और आखिरी वनडे में क्लीन स्वीप करने उतरेगी।**

मैच में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी सफलता तेज गेंदबाज बेन सियर्स को मिली, जिन्होंने अपने तीसरे वनडे में ही पांच विकेट झटककर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। सियर्स ने अपने पहले दो वनडे में कोई विकेट नहीं लिया था, लेकिन इस मुकाबले में उन्होंने 59 रन देकर 5 विकेट झटके और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

## मिशेल ने खेली नाबाद 99 रनों की पारी

इससे पहले न्यूजीलैंड ने 292/8 का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। राइस मारियू (18) और निक केली (31) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। हालांकि, 6.2 ओवर में 54/1 पर पहला विकेट गिरा। टीम ने 15.3 ओवर में 100 रन पूरे किए, लेकिन इसी ओवर में डेरिल मिचेल (18) आउट हो गए। इसके बाद हेनरी निकोल्स (22) और कप्तान माइकल ब्रेसवेल (17) के आउट होने से न्यूजीलैंड 132 रन पर 5 विकेट खोकर मुश्किल में आ गया। इसके बाद मोहम्मद अब्बास और मिशेल हे ने 77 रनों की साझेदारी कर पारी को संभाला। अब्बास 41 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन मिशेल हे ने अंत तक बल्लेबाजी की और 78 गेंदों में नाबाद 99 रन बनाए। उन्होंने 7 चौके और 7 छक्के लगाए और शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। पाकिस्तान की ओर से सुफियान मुक़ीम (2/33) और मोहम्मद वसीम (2/78) ने सबसे ज्यादा विकेट लिए।

## शुरुआती झटकों से नहीं उबर पाया पाकिस्तान

293 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। विल ओ रूर्के ने पहले ही ओवर में अब्दुल्ला शफीक (1) को आउट कर दिया। इसके बाद बाबर आजम भी सिर्फ 1 रन बनाकर जैकब डफी का शिकार बने। इमाम-उल-हक (0) भी डफी की गेंद पर आउट हुए,जिससे पाकिस्तान 5.3 ओवर में ही 9/3 के स्कोर पर संघर्ष कर रहा था। इसके बाद भी टीम की हालत नहीं सुधरी। सलमान आगा (9) के रूप में चौथा विकेट गिरा, जबकि कप्तान मोहम्मद रिजवान भी 27 गेंदों पर सिर्फ 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तैयब ताहिर (13), मोहम्मद वसीम (1) और अकिफ जावेद भी जल्दी आउट हो गए, जिससे पाकिस्तान की हार लगभग तय हो गई थी।

हालांकि, फहीम अशरफ और नसीम शाह ने 60 रनों की साझेदारी कर कुछ संघर्ष दिखाया। अशरफ ने 80 गेंदों में 73 रन बनाए, जबकि नसीम शाह ने 44 गेंदों पर 51 रनों की पारी खेली। लेकिन उनकी ये पारियां न्यूजीलैंड की जीत को रोकने के लिए काफी नहीं थीं। न्यूजीलैंड के लिए बेन सियर्स ने 5 विकेट (5/59) लिए, जबकि जैकब डफी ने 3/35 का शानदार प्रदर्शन किया। विल ओ रूर्के और नाथन स्मिथ को भी एक-एक विकेट मिला, जिससे पाकिस्तान 43.4 ओवर में 208 रन पर ऑलआउट हो गया और न्यूजीलैंड को 84 रनों की बड़ी जीत मिली।

### क्लीन स्वीप का मौका

सीरीज पहले ही जीत चुकी न्यूजीलैंड की टीम अब शनिवार को होने वाले तीसरे वनडे में पाकिस्तान को हराकर 3-0 की क्लीन स्वीप पूरी करने के इरादे से उतरेगी। पाकिस्तान के लिए यह आखिरी मौका होगा कि वह इस दौरे पर कोई जीत दर्ज कर सके।

## IPL आज के मैच

कोलकाता नाइट राइडर्स VS सनराइजर्स हैदराबाद

स्थान : इडन गार्डन, कोलकाता समय : शाम 7.30 बजे

# गोवा से डोमेस्टिक क्रिकेट खेलेंगे यशस्वी जायसवाल

मुंबई

**भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल अगले सीजन में गोवा से डोमेस्टिक क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। इतना ही नहीं, उन्हें गोवा का कप्तान बनाया जा सकता है।**

23 साल के भारतीय ओपनर यशस्वी ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) से नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) मांगा है। एमसीए के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि हां, उनका यह फैसला चौकाने वाला है, लेकिन उसने कुछ न कुछ सोचा होगा। उसने खुद को रिलीज करने की मांग की। एमसीए ने जायसवाल की मांग को स्वीकार्य कर लिया है। जायसवाल ने मुंबई के लिए



आखिरी मुकाबला 23 से 25 जनवरी तक रणजी ट्रॉफी में जम्मू एंड कश्मीर के खिलाफ खेला था। उस मुकाबले में जायसवाल ने 4 और 26 रन बनाए थे। गोवा के कप्तान बनाए जा सकते हैं जायसवाल गोवा क्रिकेट संघ के सचिव शांभा देसाई ने कहा कि वे हमारे लिए खेलना चाहते हैं और हम उनका स्वागत करते हैं।

# संजू सैमसन फिर संभालेंगे राजस्थान रॉयल्स की कमान

मुंबई

**राजस्थान रॉयल्स टीम की कप्तानी अब एक बार फिर संजू सैमसंग करते हुए नजर आएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नेशनल सेंटर आफ एक्सीलेंस ने बुधवार को संजू सैमसन को विकेट कीपिंग और टीम की कमान संभालने की अनुमति दे दी है।**

इसके बाद किंग्स इलेवन पंजाब के साथ होने वाले मुकाबले में संजू सैमसन बतौर कप्तान राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा बनेंगे। दरअसल, 12 दिन पहले 20 मार्च को आईपीएल शुरू होने से पहले राजस्थान रॉयल्स की



टीम ने बड़ा बदलाव किया था। टीम की कमान संभालने वाले संजू सैमसन की जगह ऑलराउंडर रियान पराग को कप्तानी की कमान सौंपी गई थी। लेकिन, अब फिर से संजू सैमसन इस कमान को संभालेंगे।

पिछले दिनों टीम इंडिया के साथ खेलते हुए संजू सैमसन के हाथ में चोट लग गई थी। इसके बाद से ही उन्होंने बीसीसीआई के नेशनल एक्सीलेंस सेंटर द्वारा विकेट कीपिंग और कैप्टेन्सी की परमिशन नहीं दी गई थी। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन में रियान पराग को शुरुआती 3 मैच के लिए टीम का कप्तान बनाया था। वहीं चेन्नई के साथ हुए मुकाबले के बाद संजोग एक बार फिर फिटनेस टेस्ट देने के लिए बेंगलुरु पहुंचे।

जहां उन्होंने नेशनल एक्सीलेंस सेंटर में मंगलवार को अपना फिटनेस टेस्ट दिया था।

# एलएसजी के गेंदबाज दिग्वेश पर लगा मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना

नई दिल्ली, (हि.स.)

**मंगलवार को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी )और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए आईपीएल 2025 मैच के दौरान एलएसजी के तेज गेंदबाज दिग्वेश सिंह को आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इसके चलते उन्हें उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना भरना होगा और साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ दिया गया है।**



दिग्वेश ने पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रियांश आर्य को शार्दुल ठाकुर के हाथों कैच आउट कराया, आर्या डग-आउट की ओर जा रहे थे, तो दिग्वेश ने उनका पीछा किया और एक काल्पनिक नोटबुक पर लिखना शुरू कर दिया। हालांकि बल्लेबाज ने कोई प्रतिक्रिया नहीं की। गौरतलब है कि पिछले साल दिल्ली प्रीमियर लीग में दोनों ने एक ही टीम का प्रतिनिधित्व किया था।

दिग्वेश की इस हरकत को आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन माना गया। दिग्वेश ने लेवल 1 अपराध के तहत अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करना स्वीकार किया और मैच रेफरी द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया।

## आरसीबी बनी इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली आईपीएल टीम

बेंगलुरु, 2 अप्रैल (हि.स.)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंस्टाग्राम पर अपनी लोकप्रियता के मामले में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। टीम ने 18 मिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे वह इस प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी बन गई है। आरसीबी ने अपने अनोखे और आकर्षक कंटेंट के जरिए फैंस से गहरा जुड़ाव बनाया है, जिससे सोशल मीडिया उनके लिए ब्रांड ग्रोथ और कमर्शियल एंगेजमेंट का एक मजबूत जरिया बन गया है। यह जानकारी फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में दी गई। पिछले साल नवंबर 2023 तक आरसीबी, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस (एमआई) से पीछे थी। हालांकि, टीम की प्रभावी सोशल मीडिया रणनीति और फैंस की जबरदस्त निष्ठा ने उसे इस रेस में आगे ला दिया।

## व्यापार

### ट्रंप टैरिफ लागू होने के पहले बेखौफ नजर आया शेयर बाजार

# बाजार की तेजी से निवेशकों को 3.53 लाख करोड़ का फायदा



नई दिल्ली, (हि.स.)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान के मुताबिक आज देर रात से लागू होने वाले रेसिप्रोकल टैरिफ के पहले घरेलू शेयर बाजार पूरी तरह से बेखौफ नजर आया। रेसिप्रोकल टैरिफ की सभी आशंकाओं को नकारते हुए शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज शुरुआती कारोबार के दौरान बाजार में कुछ देर तक उतार-चढ़ाव की स्थिति जरूर बनी रही, लेकिन सुबह 10 बजे के बाद से बाजार में लगातार तेजड़िये हावी बने रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.78 प्रतिशत और निफ्टी 0.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के बाद निफ्टी के सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के दौरान रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर में सबसे अधिक खरीदारी होती रही।स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

### बीएसई में 4,098 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 412.96 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 409.43 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.53 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,098 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,861 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,092 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 145 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,591 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,951 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 640 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

### सराफा बाजार में तेजी का दौर जारी

# 93 हजार पर पहुंचा सोना, चांदी 1.05 लाख के स्तर से ऊपर

नई दिल्ली,(हि.स.)

घरेलू सराफा बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार जारी है। आज सोना और चांद दोनों चमकीली धातुओं ने जोरदार छलांग लगाई है। आज सोना 850 रुपये से लेकर 930 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इस तेजी



के कारण दिल्ली समेत कई शहरों में 24 कैरेट सोना पहली बार 93 हजार रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। वहीं 22 कैरेट सोना भी 85 हजार रुपये के स्तर के ऊपर पहुंच कर कारोबार कर रहा है।

देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 92,850 रुपये से लेकर 93,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 85,110 रुपये से लेकर 85,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,05,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 93,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 85,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### जीईएम ने वित्त वर्ष 2024-25 में बनाया रिकॉर्ड

# 10 लाख से ज्यादा लोगों को मिला रोजगार

नई दिल्ली, (हि.स.)

**डिजिटल खरीद मंच गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) ने वित्त वर्ष 2024-25 में सरकारी संगठनों के लिए 10 लाख से अधिक जनशक्ति संसाधनों की भर्ती करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि जीईएम की यह उपलब्धि पारदर्शिता, अनुपालन और दक्षता के माध्यम से सार्वजनिक खरीद को बदलने के लिए उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। जीईएम की इस उपलब्धि पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने 'एक्स' पोस्ट पर एक बयान में जीईएम प्लेटफॉर्म की सफलता और इसके माध्यम से रोजगार के अवसरों पर अपनी बात साझा की। उन्होंने इस प्लेटफार्म के जरिए 10 लाख से अधिक कर्मचारियों की भर्ती के आंकड़े को ऐतिहासिक बताया।

पीयूष गोयल ने एक्स पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जीईएम विशाल रोजगार सृजन में सहायक बन रहा है और श्रमिकों की भर्ती के तरीके में




क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। यह प्लेटफॉर्म वित्त वर्ष 2024-25 के तहत 10 लाख से अधिक कर्मचारियों की भर्ती का महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर चुका है, जो इसकी व्यापक स्वीकृति और सरकारी संगठनों में प्रभाव को दर्शाता है।

इस उपलब्धि पर जीईएम के सीईओ अजय भादू ने कहा, जीईएम ने डिजिटल क्षमताओं का दोहन किया है और प्रशासन के विभिन्न स्तरों पर सरकारी खरीदारों द्वारा आवश्यक सभी संभावित सेवाओं की खरीद के लिए वन-स्टॉप-शॉप के रूप में उभरा है। हमारी मैनपावर आउटसोर्सिंग सेवा न केवल सरकारी संगठनों के लिए भर्ती प्रक्रिया को सरल बनाती है, बल्कि हमारे व्यापक सेवा स्तर समझौते के माध्यम से सख्त श्रम अनुपालन भी सुनिश्चित करती है।

### पीएमआई के जारी किए आंकड़े

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 8 महीने के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली

**भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च में बढ़कर आठ महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। बाजार में बेहतर मांग के कारण कारखाना ऑर्डर और उत्पादन बढ़ने से वृद्धि दर में इजाफा हुआ है। बुधवार को जारी पीएमआई के मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।**

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) मार्च में 58.1 पर पहुंच गया। यह आंकड़ा



फरवरी में 56.3 था। फरवरी में, नए ऑर्डरों और उत्पादन में धीमी वृद्धि के बीच भारत का विनिर्माण पीएमआई 14 महीने के निचले स्तर पर आ गया था।

पीएमआई की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि ने फरवरी में खोई हुई जमीन वापस हासिल कर ली है।

**मार्च में कुल बिक्री में जुलाई 2024 के बाद से सबसे अधिक वृद्धि...** सर्वेक्षण के अनुसार, मार्च में कुल बिक्री में जुलाई 2024 के बाद से सबसे अधिक वृद्धि देखी गई। इस दौरान कंपनियों में सकारात्मक ग्राहक रुचि, अनुकूल मांग की स्थिति और सफल मार्केटिंग दिखी। 2024-25 वित्तीय वर्ष के अंत में फर्मों ने उत्पादन की मात्रा बढ़ा दी। इससे विनिर्माण की वृद्धि दर आठ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।
हालांकि मार्च में नए निर्यात ऑर्डर में जोरदार वृद्धि जारी रही, लेकिन वृद्धि की गति तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई। पैनलिस्टों ने अंतरराष्ट्रीय बिक्री के मामले में एशिया, यूरोप और मध्य पूर्व में हुई वृद्धि का हवाला दिया।

### तैयार माल के स्टॉक में तेज गिरावट

बढ़ती मांग के कारण कंपनियों को ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने भंडार का उपयोग करना पड़ा। जिसके असर से जनवरी 2022 के बाद से तैयार माल के स्टॉक में सबसे तेज गिरावट आई।
सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने बताया कि अनुकूल मांग स्थितियों, बेहतर ग्राहक संबंधों और अनुमोदन के लिए लंबित परियोजनाओं के आधार पर आगामी 12 महीनों में उत्पादन स्तर के लिए आशावादी पूर्वानुमान व्यक्त किया जा सकता है। भंडारी ने कहा, आगे की ओर बढ़ते हुए, व्यावसायिक उम्मीदें काफी आशावादी बनी हुई हैं, सर्वेक्षण प्रतिभागियों में से लगभग 30 प्रतिशत ने आगामी वर्ष में अधिक उत्पादन की उम्मीद जताई है, जबकि 2 प्रतिशत से भी कम ने इसमें कमी आने की आशंका जताई है। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल की ओर से लगभग 400 निर्माताओं के पैनल में क्रय प्रबंधकों को भेजी गई प्रश्नावली के उत्तरों के आधार पर तैयार किया गया है।

# पूनम गुप्ता को रिजर्व बैंक की डिप्टी गवर्नर नियुक्त

नई दिल्ली, (हि.स.)

केंद्र सरकार ने प्रतिष्ठित शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लॉयड इकनॉमिक रिसर्च की महानिदेशक पूनम गुप्ता को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल तीन साल के लिए होगा।



आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि कैबिनेट (एसीसी) की नियुक्ति समिति ने तीन साल के कार्यकाल के लिए आरबीआई के डिप्टी गवर्नर के तौर पर पूनम गुप्ता की नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी है। माइकल देबव्रत पात्रा के जनवरी में अपना पद छोड़ने के बाद आरबीआई में डिप्टी गवर्नर का यह पद खाली हो गया था। पूनम गुप्ता वर्तमान में देश की सबसे बड़ी आर्थिक नीति थिंक टैंक, नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के महानिदेशक हैं। वह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य भी हैं। इसके अलावा 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के संयोजक के रूप में कार्यरत हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पीड़ित परिवारों को जल्द मिलेगी सहायताः उप मुख्यमंत्री देवड़ा

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने गुजरात के बनासकांठा जिले में स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुई दुर्घटना पर गहन शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि दुर्घटना में मध्यप्रदेश के कई श्रमिकों की मृत्यु तथा कुछ श्रमिकों के गंभीर रूप से घायल होने की घटना अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें, घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि इस विकट घड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गुजरात सरकार के साथ निरंतर संपर्क में है। प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। घायलों के समुचित उपचार एवं मृतकों के परिजनों की हरसंभव सहायता के लिये हमारी सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

### गेहूं उपार्जन के लिऐ किसान 9 अप्रैल तक करा सकते हैं पंजीयन

**भोपाल, निप्र।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों के हित में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी। मंत्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं करवाया है, वे 9 अप्रैल तक गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन जरूर करायें। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गेहूं उपार्जन के लिये 31 मार्च तक 15 लाख 9 हजार 324 किसान पंजीयन करा चुके हैं। गेहूँ का उपार्जन भी जारी है।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने व्यक्त किया शोक

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुजरात के बनासकांठा में हुई दुर्घटना पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं को चरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों को इस कष्ट को सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। साथ ही, दुर्घटना में घायल हुए श्रमिकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि गुजरात के बनासकांठा जिले में स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में मध्यप्रदेश के श्रमिकों की असामयिक मृत्यु तथा कई श्रमिकों के गंभीर रूप से घायल होने की हृदय-विदारक घटना अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। मध्यप्रदेश सरकार इस दुखद घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। गुजरात सरकार से समन्वय स्थापित कर हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है। मध्यप्रदेश सरकार घायलों के इलाज और प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सड़क किनारे बाइक पर बैठे पिता और चार साल की मासूम को ट्रक ने कुचला

**भोपाल, निप्र।** भोपाल-बैरसिया रोड पर गुनगा थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक ट्रक ने सड़क किनारे बाइक पर बैठे पिता और मासूम बच्ची को चपेट में ले लिया। हादसे के समय परिवार सीहोर में रहने वाले रिश्तेदार के घर से ईद मनाकर बैरसिया लौट रहा था और चाय-



पानी पीने के लिए ढाबे पर रुका था। इस हादसे में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता की हालत गंभीर है। युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार को बच्ची का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर फरार ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार बैरसिया के शेरपुरा निवासी सैयद जाहिद अली ईद के मौके पर पत्नी और चार साल की बेटी आमना अली को लेकर सीहोर में रहने वाली बहन के घर ले गए थे। परिवार बाइक से मंगलवार की सुबह वहां पहुंचा था, रात को वे बैरसिया लौट रहे थे। इस दौरान गुनगा थाना इलाका स्थित रतुआ में परिवार एक ढाबे पर चाय और पानी पीने के लिए रुक गया। हाईवे पर बने ढाबे पर पिता और बेटी बाइक पर बैठे रहे, जबकि बच्ची की मां बाइक से उतरकर पानी पी रही थीं। तभी बैरसिया की तरफ से आ रहे ट्रक ने सड़क किनारे बाइक पर बैठे पिता-पुत्री को टक्कर मार दी। हादसे में पिता गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उनका इलाज चल रहा है। जबकि बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के चाचा जोएब ने बताया कि बच्ची का इसी साल परिजनों ने नर्सरी क्लास में एडमिशन कराया था।


# मप्र के 4303 करोड़ के चार रोड प्रोजेक्ट्स को मिली मंजूरी

## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दी जानकारी... संदलपुर-नसरुल्लागंज बायपास बनेगा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्रालय ने भोपाल जिले में संदलपुर-नसरुल्लागंज बायपास और भोपाल-कानपुर कॉरिडोर में विदिशा-सागर सहित प्रदेश में कुल चार प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है।**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मध्यप्रदेश के लिए स्वीकृत की गई 4303 करोड़ रुपए की नई सड़कों के बारे में बुधवार को जानकारी दी। इन चार प्रोजेक्ट के जरिए बाईपास के रूप में एमपी में 102 किमी सड़कों का निर्माण होगा ।सागर शहर में लगने वाले जाम से भी लोगों को निजात मिलेगी। यहां 4 लेन ग्रीन फील्ड बायपास बनाया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एमपी के लिए मंजूर चार प्रोजेक्ट की जानकारी दी है। इसमें मुरैना-ग्वालियर, सागर, भोपाल-सीहोर और विदिशा-सागर रोड पर बायपास बनाने के प्रोजेक्ट शामिल हैं। यहां कुल 102 किमी सड़कों का निर्माण होगा, जिस पर 4302.93 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। भोपाल जिले में संदलपुर से नसरुल्लागंज बाईपास तक 1535.66 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग-146 बी के 43.200 किमी लंबाई के सेक्शन को 4-लेन बनाने के लिए साथ स्वीकृति दी गई है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-47, राष्ट्रीय राजमार्ग-46 और राष्ट्रीय राजमार्ग-45 इन तीन राजमार्गों को कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इसके बनने से अत्यधिक भीड़भाड़ वाले पार्ट को पेव्ड शोल्डर सहित 4-लेन तक चौड़ा करने से लंबे मार्ग के ट्रैफिक और माल ढुलाई की स्थिति में सुधार होगा। जिससे सुरक्षित आवाजाही और यात्रा के समय में कमी आएगी।



### भोपाल-कानपुर कॉरिडोर में विदिशा-सागर की सड़कें बनेंगी

एक अन्य ट्वीट में गडकरी ने कहा है कि इसी तरह प्रदेश के विदिशा और सागर जिले में राहतगढ़ से बेरखेड़ी तक राष्ट्रीय राजमार्ग-146 के 10.079 किमी हिस्से को 4-लेन बनाने के लिए 731.36 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। यह परियोजना भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का हिस्सा है। यह परियोजना राहतगढ़ के घनी आबादी वाले शहर को बाईपास करेगी और निर्बाध और तेज कनेक्टिविटी बनाएगी। यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-44 और राष्ट्रीय राजमार्ग-346 को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

### 4-लेन ग्रीनफील्ड बायपास बदलेगा सागर शहर की तस्वीर

सागर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-146 पर लहदरा गांव जंक्शन से राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बेरखेड़ी गुरु गांव जंक्शन तक ग्रीनफील्ड 4-लेन बाईपास बनेगा। 688.31 करोड़ रुपए की लागत से सागर पश्चिमी बाईपास (लंबाई- 20.193 किमी) का निर्माण होगा। मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग-146 शहरी बस्तियों और अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरता है। जिसके कारण अक्सर ट्रैफिक जाम होता है।

### मुरैना और ग्वालियर के लिए एक्सेस कंट्रोल्ड 4 लेन बायपास

ग्वालियर शहर के पश्चिमी हिस्से में 1347.6 करोड़ रुपए की लागत के 28.516 किमी लंबे एक्सेस कंट्रोल्ड 4-लेन बाईपास के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। यह परियोजना मुरैना और ग्वालियर जिले तथा मार्ग में स्थित अन्य महत्वपूर्ण ब्लॉकों और तहसील मुख्यालयों को जोड़ेगी। यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग-44, 46 और आगरा-ग्वालियर एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसके विकास से लंबे मार्ग के यातायात और माल ढुलाई की स्थिति में सुधार होगा।

### मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी का जताया आभार

मध्यप्रदेश को 4 सड़क परियोजनाओं की मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश को सड़क अधोसंरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार की ओर से मध्यप्रदेश को सड़क अधोसंरचना निर्माण और क्षेत्रीय विकास में एक बड़ी सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि ये सड़कें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी और औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगी। केन्द्र सरकार के इस अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा जताई है कि ये सड़क परियोजनाएं प्रदेश में यातायात व्यवस्था को सहज एवं सुगम बनाने के साथ आर्थिक विकास को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# मध्यप्रदेश को अतिवाद मुक्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## हॉकफोर्स के साथ मुठभेड़ में 2 कुख्यात महिला नक्सली ढेर

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती को नक्सल गतिविधियों से मुक्त करने के लिए राज्य पुलिस बल का अभियान तेजी से जारी है।**



मंडला जिले में नक्सली कार्यों में संलिप्तों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में हमारे हॉकफोर्स के जवानों ने 14-14 लाख रुपए की इनामी 2 महिला नक्सली को मार गिराया है। मृतक नक्सली की शिनाख्त प्रतिमा और ममता नाम से हुई है। इनके कब्जे से हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद भी जब्त किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मीडिया को दिये संदेश में नक्सलवाद के खात्मे पर पुलिस जवानों का हौसला बढ़ाया और उन्हें बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हिंसक गतिविधियों के खिलाफ राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में नक्सलवाद को जड़ से सफाये के लिए चलाए जा रहे अभियान में हमारे जवान पूरी सक्रियता के साथ कार्रवाई कर रहे हैं। मध्यप्रदेश की पावन धरा में नक्सलियों के लिए कोई स्थान नहीं है। हमारा यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि बीते एक साल में मध्यप्रदेश में 10 से ज्यादा नक्सलवादी मारे जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश की एक और घटना का जिक्र किया है। उन्होंने बताया कि रतलाम जिले में स्पेशल पुलिस फोर्स द्वारा फिरोज नामक एक वांछित आतंकी की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर रही है।

# वक्फ बिल पर चंद नेता अपनी राजनीतिक रोटी सेंक समाज को कर रहे गुमराह

**भोपाल, निप्र। केंद्र सरकार ने लोकसभा में बुधवार को वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को पेश कर दिया। इसके समर्थन में राजधानी में मुस्लिम समाज ने जमकर आतिशबाजी और पटाखे फोड़ कर समर्थन दिखाया।**

वक्फ संशोधन बिल को लेकर चर्चाओं के बीच मध्यप्रदेश के सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस बिल का आम मुसलमान से कोई विरोधाभास नहीं है, बल्कि कुछ अमीर मुस्लिम नेता, जो वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर बेजा कब्जा किए बैठे हैं, वही इसका विरोध कर रहे हैं। मंत्री सारंग ने कहा कि भोपाल में हजारों मुस्लिम भाइयों और बहनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वक्फ संशोधन बिल का खुलकर समर्थन किया है। यह उन नेताओं के लिए करारा तमाचा है, जो इस बिल को लेकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह बिल किसी समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि वक्फ बोर्ड की संपत्तियों के सही उपयोग और आम मुसलमान के हित में लाया गया है।

### वक्फ संपत्तियों पर बेजा कब्जा करने वालों में मचा हड़कंप

मंत्री सारंग ने कहा कि यह बिल केवल उन लोगों के पेट में दर्द पैदा कर रहा है, जिन्होंने अवैध रूप से वक्फ संपत्तियों पर कब्जा कर रखा है। यह आम मुसलमान के खिलाफ नहीं, बल्कि पारदर्शिता लाने और गरीब मुस्लिम समुदाय को इसका सही लाभ दिलाने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ नेता अपनी राजनीति चमकाने के लिए इस मुद्दे पर झूठ फैला रहे हैं, लेकिन भोपाल में मुस्लिम समाज द्वारा दिए गए समर्थन ने इस झूठ को बेनकाब कर दिया है। मंत्री सारंग ने जोर देकर कहा कि जो लोग इस बिल को पढ़ेंगे, वे इसका विरोध नहीं करेंगे।

# सतपुड़ा भवन में आईएएस अफसर के खिलाफ कर्मचारियों का हंगामा

**भोपाल, निप्र। भोपाल के सतपुड़ा भवन में आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यालय में बुधवार को कर्मचारियों ने जमकर हंगामा किया।**

कर्मचारियों का गुस्सा विभाग के एक निम्न श्रेणी लिपिक एलडीसी को सस्पेंड किए जाने को लेकर फूटा। कमिश्नर के खिलाफ कर्मचारियों ने एकजुट होकर जमकर नारेबाजी की। विवाद के चलते पुलिस तक बुलानी पड़ी। कर्मचारियों का आरोप है कि विभाग के कमिश्नर श्रीमन शुक्ला ने एक एलडीसी को किसी आदेश को टाइप करने के लिए फोन कर ऑफिस बुलाया था, लेकिन वह देरी से कार्यालय पहुंचा। इस पर कमिश्नर ने एलडीसी हर्षपाल को जमकर फटकार लगाई और सस्पेंड कर दिया। आरोप है कि उसे बोतल तक फेंक कर मारी। इसके बाद यह खबर अन्य कर्मचारियों तक पहुंची, जिन्होंने इसका विरोध किया और कमिश्नर के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। आदिम जाति कल्याण विभाग के सभी कर्मचारी एकजुट होकर हंगामा करने लगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कमिश्नर ने पुलिस को बुलाया, लेकिन हंगामा थमा नहीं। कर्मचारी संगठनों ने निलंबन वापस लेने तक काम ना करने का निर्णय लिया।

# मंत्री चौहान ने घायल श्रमिकों का हाल जाना, बंधाया ढांढस

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ देर रात गुजरात के बनासकांठा पहुंचकर मध्यप्रदेश के घायल श्रमिकों एवं उनके परिजन से मुलाकात कर हाल-चाल जाना।**



मंत्री चौहान ने घायल श्रमिकों के परिजन से बात कर उन्हें ढांढस बंधाया। साथ ही राज्य सरकार के द्वारा घायल मजदूरों के उचित इलाज और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन भी दिया। मंत्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर गुजरात, बनासकांठा में घटना स्थल पर पहुंचकर स्थानीय प्रशासन से जानकारी प्राप्त की। बनासकांठा जिले के डीसा अस्पताल पहुंचकर घायल श्रमिकों के इलाज के लिये उचित प्रबंध के निर्देश दिए। साथ ही घटना के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए। मंत्री चौहान ने कहा कि स्थानीय प्रशासन दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई भी करेगा।

मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे में मृतक एवं घायल श्रमिकों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मध्यप्रदेश सरकार ने पटाखा फैक्ट्री हादसे में घायल मृतकों के परिजनों को रुपये 2-2 लाख तथा घायल श्रमिकों को 50-50 हजार रूपये और गुजरात सरकार ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये एवं घायल श्रमिकों को 50-50 हजार रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

# शराब दुकान के विरोध में सुंदरकांड, सेमरा में भी प्रदर्शन



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। अवधपुरी में ऋषिपुरम तिराहे के साथ अब सेमरा साईंराम कॉलोनी में भी शराब दुकान खुलने का विरोध तेज हो गया है। यहां बुधवार सुबह 11 बजे से सुंदरकांड का पाठ शुरू हो गया। ताकि, दुकान दूसरी जगह शिफ्ट हो सके।**

रहवासियों का कहना है कि अभी जिस जगह दुकान है, वहां स्कूल-धार्मिक स्थल के साथ रहवासी इलाका भी है। ऐसे में हर रोज रहवासी परेशान हो रहे हैं। इसे दूसरी जगह शिफ्ट किया जाना चाहिए। कलाली बंद कराने के लिए स्कूल बच्चे और महिलाएं भी मैदान में उतर गई हैं। बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर इलाके में रैली भी निकाली और दुकान के सामने ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन कर रहे जीतू मलोठिया ने बताया कि स्टेशन रोड स्थित सांई राम कॉलोनी सेमरा गेट मुख्य मार्ग पर शराब दुकान है। यह धार्मिक स्थल और स्कूल के नजदीक है। इस दुकान के सभी दस्तावेज चांदबड़ के नाम से हैं। बावजूद इसके यह सांई राम कॉलोनी में है। इन दुकानों से विजय नगर, सांई राम कॉलोनी, बाबू कॉलोनी, लक्ष्मीपुरी, सेमरा के हजारों लोग हर रोज परेशान हैं। इसलिए दुकान को अन्य जगह पर शिफ्ट करने की मांग कर रहे हैं। सेमरा साईंराम कॉलोनी के लोग पिछली 3 जनसुनवाई में शराब दुकान को अन्य जगह पर शिफ्ट करने की भी मांग कर चुके हैं। पिछले दिनों कई महिलाएं हाथों में तख्तियां लेकर अफसरों के पास पहुंची थी। महिलाओं ने जल्द दुकान शिफ्ट नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी थी। उनका कहना था कि कई बार शराबी गंदी हरकतें करते हैं, जिससे बच्चों और महिलाओं को परेशानी होती है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान... गाँव और शहरों में जनभागीदारी के साथ शुरू हुए जल संरक्षण के कार्य

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। प्रदेश में 30 मार्च से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान में जन-भागीदारी से कार्य किये जा रहे हैं। इन कार्यों में समाज के सभी वर्गों का लगातार सहयोग मिल रहा है।**



### पानी आप बचाओ, पानी आपको बचायेगा

शहडोल में जल गंगा संवर्धन अभियान में एक नया नारा जन-सामान्य के बीच गढ़ा गया है। यह नारा है पानी आप बचाओ, पानी आपको बचायेगा''। इसके लिये सरकार और समाज, दोनों को मिलकर जल के महत्व को समझना होगा। जन-सामान्य को बताया जा रहा है कि जल जीवन का अभिन्न अंग है। इसके बिना न तो कृषि संभव है और न ही उद्योग। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के नेतृत्व में ब्यौहारी, ग्राम अमन, पड़मानिया गाँव में सामूहिक श्रमदान किया गया। सफाई कार्य में जन-अभियान परिषद के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

झाबुआ जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं के साफ-सफाई और गहरीकरण के कार्य लगातार किये जा रहे हैं। जन-अभियान परिषद के नेतृत्व में पेटलावद की आदर्श ग्राम पंचायत असालिया में सामूहिक श्रमदान के माध्यम से कुएं की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया गया। लगातार काम से कुएं के जल-स्तर में सुधार और जल संरक्षण को बल मिलेगा। अभियान में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति और ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। चम्बल नहर प्रणाली की अम्बाह शाखा द्वारा नहर में जंगल सफाई और चोई हटाने का कार्य किया गया। सफाई कार्य में विभागीय मैदानी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया। जल की महत्ता और स्रोतों के संरक्षण पर जोर देते हुए धरोहर को बचाने के लिये जागरूक किया। ग्वालियर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जन-भागीदारी से तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। भितरवार जनपद पंचायत के ग्राम छिरेंटा के पोखर में एसडीएम डी.एन. सिंह के नेतृत्व में गहरीकरण का कार्य किया गया। ग्रामीणों ने इस मौके पर जल संरक्षण के महत्व पर सार्थक संवाद भी किया। किसानों से ग्रीष्मकालीन धान की फसल के स्थान पर कम पानी में अधिक पैदावार वाली मूंग की फसल लेने का आह्वान किया गया। युवाओं को आदर्श ग्राम बनाने के लिये संकल्प दिलाया गया। शाजापुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में 1800 कार्यों का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिले में वॉटर शेड कार्य, 19 प्रमुख नदियों के उद्गम क्षेत्रों में साफ-सफाई, 87 पुराने तालाबों की सफाई की कार्य योजना तैयार की गयी। जिले की 352 ग्राम पंचायतों में पानी चौपाल की शुरूआत कर दी गयी है।

### 100 साल पुरानी चेतन बावड़ी का हुआ जीर्णोद्धार

विदिशा जिले के सिरोंज में 100 साल पुरानी चेतन बावड़ी के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया गया। बावड़ी के संरक्षण से आसपास के क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। नागरिकों के साथ अधिकारी-कर्मचारी जल संरक्षण कार्य में शामिल हुए। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगरपालिका परिषद मुलताई में माँ ताप्ती नदी तट के सफाई अभियान की शुरूआत की गयी। विधायक चन्द्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, नगरपालिका अध्यक्ष मती वर्षा गढ़ेकर, स्थानीय जन-प्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। नगर परिषद नारायणगढ़ में पेयजल प्याऊ लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा *,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.